सुप्रभात
रांची, बुधवार
04.10.2023
* नगर संस्करण | पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net आश्विन, कृष्ण पक्ष, पंचमी संवत 2080 | मूल्य : ₹ 3 | वर्ष : 11 | अंक : 84



12 फिल्म *लाहौर 1947* में काम करेंगे सनी देओल

## न्यूज डायरी

### पियरे, फेरेंक और ऐनी एल को नोबेल पुरस्कार

**नयी दिल्ली।** भौतिकी का नोबेल पुरस्कार तीन वैज्ञानिकों पियरे एगोस्टिनी (यूएसए), फेरेंक क्रॉस्ज (जर्मनी) और स्वीडन की ऐनी एल हुइलियर ने पुरस्कार जीता। मंगलवार को इसकी घोषणा की गयी।

### एकतरफा प्यार में लड़की को मार डाला, भाई जख्मी

**साहिबगंज।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र में एकतरफा प्यार में प्रेमी ने कथित प्रेमिका समेत उसके दो भाइयों पर चाकू से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। अस्पताल पहुंचने से पहले लड़की की मौत हो गयी जबकि उसके दोनों भाइयों की हालत नाजुक बनी हुई है।

### आज पलामू जायेंगे सीएम, कई कार्यक्रम

**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन बुधवार को पलामू दौरे पर रहेंगे। उनके साथ प्रदेश के कई मंत्री भी मौजूद रहेंगे। इस दौरान वे मेदिनीनगर सदर प्रखंड के चियांकी के गणके में मिल्क प्रोसेसिंग प्लांट का उद्घाटन करेंगे। सीएम के कार्यक्रम को लेकर वहां तैयारियां तेज की गयी हैं।

### 152 बीडीओ बदले

रांची। राज्य सरकार ने एक साथ 152 बीडीओ का तबादला किया है। इस संबंध में मंगलवार शाम अधिसूचना जारी कर दी है। रेणु बाला बनीं सिल्ली की नयी प्रखंड विकास पदाधिकारी बनायी गयी हैं।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 53,900 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 71,000 रु./प्रति किलो |

## अभ्यर्थियों को सीएम ने सौंपा नियुक्ति पत्र, कहा- आप सरकार के अभिन्न अंग

# राज्य में बड़ी संख्या में नियुक्तियां शीघ्र

- जनहित को प्राथमिकता दें नवनियुक्त पदाधिकारी
- रोजगार देने का सिलसिला अभी रहेगा जारी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि पिछले डेढ़ वर्षों से लगातार विभिन्न विभागों में बड़ी संख्या में नियुक्ति हो रही है। आने वाले दिनों में शिक्षक सहित विभिन्न विभागों में बड़ी संख्या में नियुक्तियां की जानी है। सीएम मंगलवार को नियुक्ति पत्र वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे। झारखंड मंत्रालय स्थित सभागार में आयोजित समारोह में उन्होंने नगर विकास एवं आवास विभाग अंतर्गत 47 सहायक अभियंता तथा लिपिकीय सेवा संवर्ग के 46 निम्न वर्गीय लिपिक के पद पर चयनित अभ्यर्थियों के बीच नियुक्ति पत्र सौंपा। नियुक्ति पत्र बांटने का सिलसिला निरंतर जारी है। ये कार्यक्रम पूरे राज्य के लिए खुशी का मौका बना। मौके पर मुख्यमंत्री ने नियुक्ति पत्र प्राप्त करने वालों से कहा- अब आप सरकार के अभिन्न अंग बन गये हैं। आपसे इस राज्य के लोगों को काफी उम्मीदें हैं। आप पूरी ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ अपने कार्य करें। जन समस्याओं का समाधान पूरी संवेदनशीलता के साथ करें।

(शेष पेज 11 पर)

### निजी क्षेत्रों में भी ऑफर लेटर

मुख्यमंत्री ने कहा कि निजी क्षेत्र में भी बड़ी संख्या में नौजवानों को मिल रहा ऑफर लेटर। सरकारी नियुक्तियों के साथ-साथ हमने निजी क्षेत्र में भी बड़ी संख्या में स्थानीय युवक-युवतियों को रोजगार से जोड़ने का काम किया है। हमारी सरकार ने राज्य में स्थापित औद्योगिक सेक्टरों में 75 प्रतिशत स्थानीय लोगों को नौकरी मिले, इस बाबत नियम बनाये हैं। इससे अब बड़ी संख्या में रोजगार सृजन का रास्ता साफ हुआ है। कई जिलों में रोजगार मेला लगाकर कहीं 10 तो कहीं 12 हजार युवक युवतियों के बीच नियुक्ति पत्र बांटे गये हैं। सिर्फ पढ़े-लिखे ही नहीं कम पढ़े-लिखे तथा मजदूर वर्ग के लिए भी रोजगार का मार्ग प्रशस्त करने की जिम्मेदारी सरकार उठा रही है।



## पारुल चौधरी व अन्नू रानी ने दिलाया दो और गोल्ड

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** चीन के हांगझोउ में चल जा रहे एशियन गेम्स के 10वें दिन मंगलवार भारत के लिए धमाकेदार रहा है। महिला जैवलिन थ्रो (भाला फेंक) में स्टार एथलीट अनु रानी ने भारत को गोल्ड दिला दिया है। इससे पहले 5000 मीटर रेस में भारत की पारुल चौधरी गोल्ड मेडल जीत चुकी हैं। इसके साथ 15 स्वर्ण, 26 सिल्वर और 27 ब्रॉन्ज समेत भारत के मेडल्स की संख्या 68 हो चुकी है।



**अनु रानी ने रचा इतिहास :** अनु रानी ने जैवलिन थ्रो में रचा इतिहास रचते हुए 62.92 मीटर के साथ गोल्ड मेडल किया अपने नाम किया। उन्होंने शानदार प्रदर्शन कर अपने पिछले एशियन गेम्स की नाकामयाबी को पीछे छोड़ दिया है। उनको पिछले एशियन गेम्स में मेडल नहीं मिला था इस बार उन्होंने सीधे स्वर्ण पर निशाना साधा है। अनु रानी मेरठ की दूसरी भारतीय महिला एथलीट बन गयीं जिन्होंने आज गोल्ड मेडल जीता है।

**पहला गोल्ड पारुल ने दिलाया :** भारत को दिन का पहला गोल्ड पारुल ने दिलाया। शानदार दमखम का परिचय देते हुए महिला 5000 मीटर स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। 28 वर्षीय खिलाड़ी अंतिम लैप में शीर्ष दो में शामिल थी और फिर अंतिम लम्हों में जापान की रिरिका हिरोनाका को पछाड़ 15 मिनट 14.75 सेकेंड समय के साथ स्वर्ण पदक जीतने में सफल रहीं।

## जातीय सर्वे रिपोर्ट मामला पहुंचा सुप्रीम कोर्ट, 6 को होगी सुनवाई

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली, पटना।** बिहार में जातीय सर्वे की रिपोर्ट जारी होते ही यह मामला मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया। शीर्ष कोर्ट आगामी 6 अक्टूबर को बिहार में जातीय सर्वे के डाटा से जुड़े मामले की सुनवाई करेगा। इस मामले की सुनवाई मंगलवार को सुनवाई के बाद अगली तारीख दी गयी। जातीय सर्वे की रिपोर्ट सार्वजनिक करने के खिलाफ याचिकाकर्ता सुप्रीम कोर्ट पहुंच गये। अब सुप्रीम कोर्ट की ओर सबकी नजरें रहेंगी।

उल्लेखनीय है कि गांधी जयंती पर बिहार सरकार ने सोमवार को इस रिपोर्ट को जारी किया था। इससे प्रदेश में जातियों की भागिदारी का खुलासा हुआ है। रिपोर्ट के अनुसार प्रदेश में अत्यंत पिछड़े वर्ग की भागीदारी 36.0148% तो पिछड़ा वर्ग 27.1286% है। जातीय सर्वे की रिपोर्ट में तमाम जातियों की संख्या सामने आ चुकी है। जातीय डाटा जारी होते ही बिहार समेत देशभर की सियासत गरमा गयी है।

## राज्य में अगले पांच दिन तक बारिश के आसार

**रांची।** राज्य में पूरे सप्ताह यानी 8 अक्टूबर तक गरज के साथ हल्के और मध्यम दर्जे की बारिश की संभावना है। मौसम विभाग ने 5 अक्टूबर तक लिए येलो अलर्ट जारी कर दिया है। बुधवार को भी राज्य के सभी हिस्सों में बारिश की संभावना जाहिर की गई है। जिन इलाकों में बारिश की ज्यादा संभावना है, उनमें सिमडेगा, सरायकेला खरसावां, पूर्वी और पश्चिमी सिंहभूम सहित कई इलाकों में हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश हो सकती है। इसी तरह मौसम का मिजाज 8-10 अक्टूबर तक बना रह सकता है।

## दिल्ली में धराया दूसरा आतंकी गढ़वा का अरशद

### शाहनवाज और वारसी के झारखंड कनेक्शन से इंटेलिजेंस एजेंसियां सतर्क

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** दिल्ली से गिरफ्तार हुए तीन आतंकियों में से दो झारखंड का रहने वाला है। आइएसआइएस आतंकी शाहनवाज जहां हजारीबाग का रहने वाला है, वहीं उसका दूसरा साथी अरशद वारसी गढ़वा के रांकी मोहल्ला का निकला। झारखंड से आतंकियों के तार जुड़ने से इंटेलिजेंस एजेंसियां सतर्क हो गयी हैं और आगे की जांच कर रही हैं। अरशद वारसी की गिरफ्तारी की खबर जब गढ़वा पहुंची तो हर कोई सन्न रह गया। दोनों के परिजनों में कोई कुछ कहने को तैयार नहीं हैं। उनके घरों में सन्नाटा पसरा है। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने सोमवार को शाहनवाज उर्फ शैफी और उसके दो साथी मो रिजवान अशरफ और मो अरशद वारसी को गिरफ्तार किया था। ये आतंकी राजधानी दिल्ली समेत देश के कई हिस्सों में पर्व पर में बड़ी आतंकी घटना को अंजाम देने की फिराक में थे।

(शेष पेज 11 पर)

**शाहनवाज ने उगले कई राज :** आइएसआइएस आतंकी संगठन के निशाने पर उत्तर भारत के कई मंदिर थे। इसका खुलासा शहनवाज ने दिल्ली पुलिस के समक्ष पूछताछ में की। आइएसआइएस मॉड्यूल के सदस्य विदेश में बैठे हैंडलर्स के निर्देशों पर दिल्ली समेत उत्तर भारत में आतंकी हमले की साजिश रच रहे हैं। पुलिस के अनुसार अक्षरधाम मंदिर पर हमले का सरगना फरतुल्ला के संपर्क में था शाहनवाज। उसने पाकिस्तान के नापाक मंसूबे को लेकर बड़ा खुलासा किया है। हमले की पूरी प्लानिंग पाकिस्तान में बैठे आइएसआइएस के आकाओं ने की थी।

## देश के कई इलाकों में लगे भूकंप के झटके

**नयी दिल्ली।** दिल्ली, यूपी, राजस्थान, बिहार, हिमाचल, उत्तराखंड, हरियाणा समेत देश के कई इलाकों में मंगलवार को भूकंप के झटके महसूस किये गये। जिसकी तीव्रता 4.6 और केंद्र नेपाल था। भारत में फिलहाल कहीं से जान-माल के किसी नुकसान की खबर नहीं है। भूकंप के ये झटके कई बार आये। भूकंप के तेज झटकों के कारण केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया, उनके कार्यालय के अन्य सभी लोगों के साथ निर्माण भवन से बाहर निकल आये।



झारखंड राज्य पोषण मिशन अंतर्गत राज्य अनुश्रवण एवं क्रियान्वयन समिति की हुई बैठक

# बच्चों को कुपोषण मुक्त बनाने की दिशा में सरकार और विभाग सजग : सचिव

**समर अभियान के अंतर्गत कुपोषण से ग्रसित बच्चों का समुदाय स्तर पर किया जा रहा है उपचार**



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** महिला, बाल विकास एवं महिला सुरक्षा सचिव कृपानंद झा ने कहा कि बच्चों को कुपोषण से बचाना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। बच्चों को कुपोषण से बचाने के लिए विभाग पूरी तत्परता, सजगता और प्रतिबद्धता से कार्य कर रहा है। राज्य को हर हाल में कुपोषण मुक्त करने की दिशा में कार्य करना है। वे मंगलवार को महिला, बाल विकास एवं समाजिक सुरक्षा विभाग की प्रोजेक्ट भवन परिसर सभागार में राज्य अनुश्रवण एवं क्रियान्वयन समिति की बैठक कर रहे थे।

इस दौरान उन्होंने संबंधित पदाधिकारियां को राज्य के आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों को गुणवत्तापूर्ण पौष्टिक आहार उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए विभाग की सभी योजनाओं को प्रतिबद्धता के साथ लागू करने, राज्य में कुपोषित बच्चों और एनीमिया पीड़ित महिलाओं का सर्वे कर पहचान करने तथा हेल्थ वर्कर्स इनका मेडिकल चेकअप करा कर डाटा तैयार करने का निर्देश दिया।

### समर अभियान से 20 हजार बच्चे हुए ठीक

झारखंड राज्य पोषण मिशन की महानिदेशक राजेश्वरी बी ने पदाधिकारियों को समर अभियान योजना की कार्य प्रगति में तेजी लाने का निर्देश दिया। बैठक में विभागीय सचिव ने बताया कि अन्य सात जिले में समर अभियान चलाया जायेगा। इस अभियान से समयबद्ध तरीके से सेवाएं प्रदान करना, ठोस एवं सघन अनुश्रवण एवं हस्तक्षेप की अवसंरचना के लिए तंत्र को सुनिश्चित किया जा रहा है। बैठक में महानिदेशक राज्य पोषण मिशन ने ज़िलावार सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों में पंजीकृत बच्चों के वजन माप की स्थिति की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिये। कहा, सभी आंगनबाड़ी केन्द्र में पंजीकृत बच्चों का वजन करायें एवं कुपोषित/अति कुपोषित बच्चों को एमटीसी में भर्ती सुनिश्चित करायें।

**कुपोषित/अति कुपोषित बच्चों को एमटीसी में भर्ती करायें :** बैठक में सचिव ने कहा कि प्रचार-प्रसार कर योजना को मजबूती से लागू करें। मनरेगा आयुक्त ने आंगनबाड़ी केन्द्रों में पंजीकृत बच्चों के वजन की माप की समीक्षा करते हुए जरूरी निर्देश दिये। मनरेगा आयुक्त ने कहा कि सभी आंगनबाड़ी केन्द्र में पंजीकृत बच्चों का वजन करायें एवं कुपोषित/अति कुपोषित बच्चों को एमटीसी में भर्ती करायें। बैठक में राज्य पोषण मिशन महानिदेशक राजेश्वरी बी, उप सचिव, झारखंड राज्य पोषण मिशन, निदेशक, समाज कल्याण निदेशालय, स्वास्थ्य विभाग के प्रतिनिधि, युनिसेफ के प्रतिनिधि, आइपीआरडी, झारखंड राज्य आजीविका प्रोमोशन सोसाईटी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी एवं असैनिक शल्य चिकित्सा पदाधिकारी थे।

# 152 बीडीओ का स्थानांतरण और पदस्थापन 32 अधिकारियों की सेवा वापस कार्मिक को

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** ग्रामीण विकास विभाग ने 152 बीडीओ का स्थानांतरण पदस्थापन किया है। इनमें 32 झाप्रसे के अधिकारियों की सेवा वापस कार्मिक विभाग को सौंपी गई है। इस संबंध में ग्रामीण विकास विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है।

मोहम्मद जहीर आलम को गोविंदपुर, शैलेंद्र कुमार चौरसिया को टुंडी, फणीश्वर राजवर को तोपचांची, जयप्रकाश नारायण को कालिया सोल, सुषमा आनंद को बाघमारा, कुमुद झा को तोरपा, प्रशांत डांग को रनिया सुलेमान मुंदरी को मुरहू, गणेश महतो को अड़की, स्मिता नगेसिया को कर्रा, ज्योति कुमारी को खूंटी सदर, ईश्वर दयाल कुमार महतो को चंद्रपुरा बोकारो, महादेव कुमार महतो को गोमिया, संतोष कुमार महतो को पेटरवार का बीडीओ बनाया गया है।

इसी प्रकार जयपाल महतो को जरीडीह, अनिल कुमार को कसमार, गौतम कुमार को जयनगर, सुमन गुप्ता को कोडरमा सदर, समीर रनियार खलको को सिमडेगा सदर, वीरेंद्र किंडो को कोलेबिरा, नईमुद्दीन अंसारी को बानो, कमलेश कुमार सिंह को जमुआ, गणेश रजक को गिरिडीह सदर, मृत्युंजय कुमार को पदमा हजारीबाग, मनीष कुमार को दारू, जितेंद्र कुमार मंडल को बड़कागांव, संतोष कुमार को इचाक, अखिलेश को विष्णुगढ़, अमित कुमार को केरेडारी, एकता वर्मा को कटकमदाग, रश्मि खुशबू मिंज को टाटीझरिया, नम्रता जोशी को बुढ़मू, ललित राम को चुरचू, शक्ति कुंज को मनोहरपुर, अमिताभ भगत को चाईबासा सदर, ललित कुमार भगत को टोंटो, सीमा कुमारी को चक्रधरपुर, सीमा आनंद को झींकपानी, सिद्धार्थ शंकर यादव को महेशपुर का प्रखंड विकास पदाधिकारी बनाया गया है। वहीं श्रीमान मरांडी को लिट्टीपाड़ा, समीर अल्फ्रेड मुर्मू को पाकुड़, साइमन मरांडी को पाकुड़िया, केशव भारती को बहरागोड़ा, सच्चिदानंद महतो को जमशेदपुर, निलेश कुमार मुर्मू को डुमरिया, अभय कुमार द्विवेदी को पोटका, बबली कुमारी को धालभूमगढ़, अनिका शर्मा को घाटशिला, परितोष प्रियदर्शी को मोहम्मदगंज, धीरज कुमार को बूढ़मू, नागेश कुमार को सोनाहातू, विजय कुमार को ओरमांझी, प्रवीण कुमार को नामकुम, संतोष कुमार प्रजापति को तमाड़, संजीत कुमार सिंह को कांके, अशोक कुमार को चान्हो, रेनू बाला को सिल्ली, रेणु कुमारी को बुंडू, दीपाली भगत को नगड़ी के बीडीओ के रूप में पदस्थापित किया गया है। वहीं ज्ञानमनी एक्का को चितरपुर, संजय कोंगाड़ी को मांडू, संजय शांडिल्य को गोला, सुनील प्रजापति को दुलमी, पूजा कुमारी को रामगढ़ सदर, कुमार एस अभिनव को निमडीह, प्रधान मांझी को सरायकेला खरसावां, प्रवीण कुमार को गम्हरिया, अस्मिता सिंह को सरायकेला सदर, साधु चरण को कुचाई, कालेश्वर रविदास को चांडिल, मेघनाथ उरांव को मंडोरो, सलखू हेंब्रम को तालझाड़ी, उदय कुमार सिन्हा को राजमहल, नागेश्वर साहू को बोरियो, सनी कुमार दास को बरहरवा, जितेंद्र कुमार पांडे को राज्य ग्रामीण विकास संस्थान में व्याख्याता, पार्थनंदन को सर्ड, मेरी मड़की को राज्य ग्रामीण संस्थान, मोहम्मद अजमल हसनैन मसलिया और एजाज आलम शिकारीपड़ा के बीडीओ बनाये गये हैं।

खबर एक नजर में

### गांधी और क्वामेन्क्रुमा के विचारों को जी रहे भारत और घाना : रवींद्र नाथ महतो



**रांची।** स्पीकर रवींद्रनाथ महतो घाना के अकरा के 6 दिवसीय दौरे पर हैं। वे 66वें राष्ट्रमंडल संसदीय संघ की बैठक में हिस्सा लेने पहुंचे हैं। मंगलवार को उन्होंने घाना के कोफी अन्नान सूचना प्रौद्योगिकी केंद्र में स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि भारत और घाना दोनों ही विश्व में लोकतंत्र के ध्वजवाहक हैं। जहां एक ओर भारत महात्मा गांधी के विचारों की अलख पूरी दुनिया में जला रहा है वहीं, दूसरी ओर क्वामे न्क्रुमा द्वारा स्थापित लोकतंत्र को घाना मजबूती से आगे बढ़ा रहा है। उन्होंने कहा कि विश्व में शांति और भाईचारे को बढ़ाने में संयुक्त राष्ट्र संघ के पूर्व महासचिव कोफी अन्नान का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। राष्ट्रमंडल संसदीय संघ विश्व का सबसे पुराना एवं सबसे बड़ा संसदीय राष्ट्रों का गठबंधन है।

### कोयला कामगारों को जबलपुर हाइकोर्ट से नहीं मिली राहत, अगली सुनवाई 5 अक्टूबर को



**रांची।** कोयला कामगारों को जबलपुर हाई कोर्ट से 3 अक्टूबर को राहत नहीं मिली। कोर्ट ने इस मामले में अगली सुनवाई के लिए 5 अक्टूबर तय की है। जानकारी हो कि कोल इंडिया के अधिकारियों ने कामगारों के वेतन समझौते को चुनौती दी थी। इसपर रोक लगाने की मांग की थी। कहा था कि इसमें डीपीई की मंजूरी नहीं ली गई है। बीते 29 अगस्त, 2023 को अंतिम सुनवाई के बाद जबलपुर हाई कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया था। यूनियन की ओर से इसमें एचएमएस के नाथूलाल पांडेय ने दलील दी थी। मालूम हो कि जबलपुर हाई कोर्ट ने फैसला सुनाते हुए 11वों वेतन समझौते के 22 जून, 2023 के कोल मंत्रालय द्वारा जारी अप्रूवल ऑर्डर को रद्द कर दिया था। इस मामले पर निर्णय लेने के लिए डीपीई के पास भेजने का आदेश दिया है। उसपर 60 दिनों में निर्णय लेने का निर्देश दिया है। कोल इंडिया प्रबंधन की ओर से भी वेतन समझौते के पक्ष में पैरवी की जा रही है।

### पंकज मिश्रा ने दाखिल की जमानत याचिका

**रांची।** अवैध खनन से प्राप्त 1000 करोड़ रुपए से अधिक कमाई का मनी लाउंड्रिंग करने के आरोप में जेल में बंद पंकज मिश्रा ने जमानत की गुहार लगायी है। दाखिल जमातन अर्जी पर मंगलवार को ईडी की विशेष अदालत में सुनवाई के लिए सूचीबद्ध थी लेकिन अब अर्जी पर सुनवाई के लिए 13 अक्तूबर की तारीख निर्धारित की गई है। ईडी कोर्ट ने इससे पूर्व में दाखिल की गई जमानत अर्जी सुनवाई के बाद 26 नवंबर 2022 को खारिज कर चुकी है। यहां तक जमानत के लिए हाईकोर्ट से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक गये, लेकिन, कहीं से राहत नहीं मिली। मालूम हो कि पंकज मिश्रा को ईडी ने उक्त आरोप में 19 जुलाई 2022 को गिरफ्तार किया था। तब से वह जेल में ही हैं।

### मनी लांड्रिंग : मुकेश मित्तल की अर्जी खारिज

**रांची।** ईडी के विशेष न्यायाधीश प्रभात कुमार शर्मा की अदालत ने मंगलवार को मनी लाउंड्रिंग के आरोप में जेल में बंद ग्रामीण विकास विभाग के निलंबित चीफ इंजीनीयर वीरेंद्र राम की अवैध कमाई को व्हाइट करने के मामले में आरोपी मुकेश मित्तल की व्यक्तिगत छूट की मांग को लेकर दायर अर्जी को सुनवाई पश्चात खारिज कर दी है। इससे उसको जबरदस्त झटका लगा है। मुकेश मित्तल की ओर से उसके वकील ने मामले में व्यक्तिगत छूट की मांग करते हुए 30 सिंतबर को अर्जी दाखिल की थी। सुनवाई के दौरान ईडी के वकील शिव कुमार ने व्यक्तिगत उपस्थिति से छूट का विरोध किया। बहस के दौरान कहा कि मामले में चार्जशीट दाखिल है। मुकेश मित्तल ने वीरेंद्र राम की काली कमाई का लगभग 14 करोड़ रुपए सफेद करने का आरोप है। इसके एवज में उसको मोटी रकम के रूप में कमीशन मिला था। इसके लिए वह अपने कर्मचारियों के बैंक खातों का इस्तेमाल किया था। वहीं प्रार्थी के वकील ने छूट देने का अनुरोध किया। सुनवाई पश्चात अदालत ने अर्जी खारिज कर दी।

### नारी शक्ति वंदन बिल पारित होने पर सांसदों को किया जा रहा सम्मानित : आरती



**रांची।** भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष आरती कुजूर ने कहा है कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम पारित होने पर सभी सांसदों को सम्मानित किया जा रहा है। आरती कुजूर मंगलवार को राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश को सम्मानित कर रही थीं। इसके पहले लोकसभा सांसद संजय सेठ एवं राज्यसभा सांसद आदित्य साहू का भी स्वागत किया गया था। उन्होंने कहा कि इस अधिनियम को पारित करने में सभी सांसदों का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा है। सभी के सार्थक प्रयास का ही नतीजा है कि महिलाओं को उनका सम्मान मिला। महिला सशक्तिकरण के दिशा में लिये गये इस साहसिक एवं ऐतिहासिक निर्णय के के लिये देश की आधी आबादी सब की सदैव आभारी रहेगी। इस कार्यक्रम में प्रिय सिंह पटेल, अमिता भाटिया, लक्ष्मी कुमारी, बबीता झा उपस्थित थीं। महिला मोर्चा की प्रदेश प्रवक्ता सुचिता सिंह ने इसकी जानकारी दी है।

# रची थी 26/11 से भी बड़ी साजिश !

**इंजीनियरिंग कर बने बमबाज...**

कुबेर सिंह

**रांची।** दो महीने से ज्यादा समय तक निगरानी और उत्तर भारत में 200 जगहों पर छापेमारी के बाद दिल्ली पुलिस को बड़ी कामयाबी हाथ लगी। एक मोस्ट वॉन्टेड आतंकी मोहम्मद शाहनवाज आलम और उसके दो साथी गिरफ्तार किए गए। इनका कनेक्शन आईएसआईएस से प्रेरित मॉड्यूल से है। पुलिस ने दावा किया है कि यह मॉड्यूल आने वाले त्योहारों से ठीक पहले दिल्ली में अक्षरधाम मंदिर और अयोध्या में बड़ा विस्फोट करने की साजिश रच रहा था। ये फाइनल स्टेज में थे। मुंबई का छाबड़ा हाउस भी इनका टारगेट था। पता चला है कि 26/11 हमले से भी बड़ी साजिश रची जा रही थी। ये पाकिस्तानी हैंडलर के संपर्क में थे और देश में हमले के लिए रेकी भी कर चुके थे। आलम मोस्ट-वॉन्टेड लिस्ट में था और एनआइए ने पुणे से भागने के बाद उसकी गिरफ्तारी के लिए 3 लाख रुपये के इनाम की घोषणा भी की थी।

विशेष आयुक्त एचजीएस धालीवाल ने बताया कि आलम और उसके सहयोगी- अरशद वारसी और मोहम्मद रिजवान अशरफ इंजीनियर हैं। हैरानी की बात तो यह है कि आतंकी गतिविधियों में शामिल वारसी इस समय जामिया मिल्लिया इस्लामिया से पीएचडी कर रहा है।

### जानिये कौन है अरशद वारसी

29 साल के अरशद वारसी का रिज्यूमे भी चौंकाने वाला है। उसने मेकेनिक्स में बीटेक के बाद मार्केटिंग में एमबीए किया है। आलम नवंबर 2016 में दिल्ली आया था और दक्षिण-पूर्वी दिल्ली के अबुल फजल एन्क्लेव में रुका था। वह शाहीन बाग में धार्मिक तकरीरें सुनता था। बाद में आतंकवादी संगठन इस्लामिक स्टेट की विचारधारा से प्रभावित हो गया। उसी साल वह मोहम्मद रिजवान अशरफ से मिला। टेलीग्राम पर आईएसआईएस समर्थक संस्थाओं को फॉलो करना शुरू कर दिया। अरशद मूल रूप से झारखंड के गढ़वा जिला का रहने वाला है। उसके पिता एक सरकारी शिक्षक हैं। 28 साल के रिजवान के पिता एक शिपिंग कंपनी में काम करते थे।

**पत्नी का कराया धर्मांतरण :** आइएस से जुड़े विदेशी हैंडलर के कहने पर आलम ने कई राज्यों में कुछ संभावित क्षेत्रों की जानकारी हासिल की, जहां आईईडी लगाए जा सकते थे और जानमाल का नुकसान हो सकता था। ये महाबलेश्वर, गोवा, हुबली, उडुपी, चंदौली समेत कई जगहों पर गया था। पुलिस ने इसके पास से कई मानचित्र बरामद किए हैं। इन लोगों ने आईईडी के नमूने तैयार किए थे और राजस्थान, उत्तराखंड के दूरदराज के इलाकों में उसका टेस्ट किया था। मार्च 2021 में आलम ने अलीगढ़ की एक लड़की बसंती पटेल से शादी की। बसंती को बाद में धर्म परिवर्तन कराया और नाम बदलकर खदीजा मरियम रख दिया।

### झारखंड में आतंकी कनेक्शन का खंगाला जा रहा सूत्र

इस मॉड्यूल में शामिल संदिग्धों पर निगरानी बढ़ाने से पता चला कि दिल्ली के अलावा यूपी, उत्तराखंड, झारखंड और महाराष्ट्र में भी इनकी मौजूदगी है। इस मॉड्यूल के दो सदस्यों इमरान खान और यूनुस साकी को पुणे में गिरफ्तार किया गया था। आलम उस समय पुलिस हिरासत से भागने में सफल रहा, बाद में पता चला कि मॉड्यूल का एक महत्वपूर्ण मेंबर अशरफ, आलम के संपर्क में था। दिल्ली पुलिस की सेल झारखंड में आतंकियों के कनेक्शन को खंगाल रही है। पुलिस ने दावा किया है कि दोनों दिल्ली और आसपास के क्षेत्रों में आतंकी वारदात को अंजाम देने की योजना बना रहे थे। एक सितंबर को कई स्थानों पर छापे मारे गए जिसके बाद मॉड्यूल का भंडाफोड़ हुआ। वारसी को दिल्ली, अशरफ को लखनऊ से गिरफ्तार किया गया। दावा किया जा रहा है कि वह एक विदेशी हैंडलर के संपर्क में था और उसने आईएसआईएस में शामिल होने की बात कही थी।

**साधारण केमिकल से बना लेता बम :** पुलिस ने बताया है कि शाहनवाज आलम साधारण केमिकल के इस्तेमाल से आईईडी बना लेता है। 31 साल के इस माइनिंग इंजीनियर के पास विस्फोटकों की व्यापक जानकारी ने एंटी-टेरर यूनिट के लोगों को भी चौंका दिया। पूछताछ में पता चला है कि आलम ने 2016 में एनआईटी विश्वेश्वरैया, नागपुर से बीटेक करते समय ब्लास्टिंग, ब्लास्ट डिजाइन और रॉक ब्लास्टिंग ऑपरेशन अच्छे से पढ़ा था और उस नॉलेज का इस्तेमाल करके आइइडी बनाने लगा। उसके फोन से पुलिस ने आसानी से मिलने वाले रसायनों के जरिए आईईडी बनाने के तरीके और सामग्रियों के बारे में जानकारी हासिल की है। हाइड्रोजन पराक्साइड, एसिटोन और हाइड्रोक्लोरिक एसिड जैसी सामान्य तौर पर मिलने वाली सामग्रियों के जरिए क्रिस्टलीकृत विस्फोटक बनाने की पूरी प्रक्रिया पता चली है। इससे धमाका होने पर 60 मीटर के इलाके में नुकसान हो सकता है।

### आरोपी राजेश राय की जमानत अर्जी खारिज

**रांची।** चेशायर होम रोड के एक एकड़ जमीन फर्जीवाड़े के आरोप में जेल में बंद राजेश राय को आगे भी जेल में रहना पड़ेगा। अदालत ने उसकी ओर से दाखिल जमानत अर्जी खारिज कर दी है। ईडी के विशेष न्यायाधीश दिनेश राय की अदालत ने मंगलवार को अपना सुरक्षित फैसला सुनाया। अदालत ने 27 सितंबर को अर्जी पर सुनवाई के बाद आदेश सुरक्षित रख लिया था। वह जमानत की गुहार लगाते हुए 12 सितंबर को अर्जी दाखिल की है। राजेश राय फर्जी जमीन मालिक गंगाधर राय के पोता है। ईडी ने तीन जुलाई को गिरफ्तार किया था। तब से वह जेल में है। इसी मामले में रांची के पूर्व डीसी छवि रंजनए बिल्डर विष्णु अग्रवाल जेल में है।

### झामुमो कार्यालय के बाहर धरने पर बैठे पारा शिक्षक, नारेबाजी की



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड प्रशिक्षित सहायक अध्यापक संघ की ओर से मंगलवार को सहायक अध्यापक (पारा शिक्षक) हरमू स्थित जेएमएम कार्यालय के बाहर धरना पर बैठे। इस दौरान जमकर नारेबाजी की। उनकी मांग है कि सीएम हेमंत सोरेन ने जो वेतनमान देने का वादा किया था, वह पूरा करें। पारा शिक्षक कार्यालय के अंदर धरना देने वाले थे, लेकिन जब वे अंदर वार्ता के लिए गये तो उन्हें बाहर निकाल दिया गया। इसके बाद वे कार्यालय के बाहर ही धरना पर बैठ गये। इससे पहले पारा शिक्षक 2 अक्टूबर को गांधी जयंती पर कांग्रेस कार्यालय में भूख हड़ताल पर बैठे थे।

**बिना इजाजत कार्यालय में जाना उचित नहीं :** जेएमएम नेता और समन्वय समिति के सदस्य विनोद पांडे कहा कि पारा शिक्षकों को बाहर निकाल दिया गया, इसकी उन्हें जानकारी नहीं है। पांच पारा शिक्षकों को वार्ता के लिए बुलाया गया था, लेकिन वह नहीं आये। किसी भी पार्टी कार्यालय के सामने नारेबाजी और धरना देना कहीं से भी उचित नहीं है।

### एनआरइपी : ग्रामीण कार्य विभाग में 22 इंजीनियरों का स्थानांतरण-पदस्थापन

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** ग्रामीण विकास विभाग ने 22 इंजीनियरों का स्थानांतरण-पदस्थापन किया है। इन अभियंताओं की सेवा हाल में पथ निर्माण विभाग से मिली थी। इनमें आठ इंजीनियरों को एनआरईपी मे कार्यपालक अभियंता बनाया गया है, इन्हें दूसरे प्रमंडल का अतिरिक्त प्रभार भी सौंपा गया है। वहीं, एक की सेवा पथ निर्माण विभाग को वापस की गयी है। 11 सहायक अभियंताओं की भी पोस्टिंग की गयी है।

| नाम | कहां गये |
|---|---|
| दिवाकर चौधरी | कार्यपालक अभियंता, एनआरईपी, देवघर- अप्र.इइ एनआरईपी गोड्डा |
| सुदीप किण्डो | कार्यपालक अभियंता, एनआरईपी, लोहरदगा- अप्र.इइ, एनआरईपी, लातेहार |
| मनोज कुमार | कार्यपालक अभियंता, एनआरईपी, हजारीबाग- अतिरिक्त प्रभार बोकारो |
| सुभाष प्रसाद | कार्यपालक अभियंता, एनआरईपी चाईबासा- अप्र. इइ एनआरईपी सरायकेला-खरसावां |
| बृजलाल मरांडी | कार्यपालक अभियंता, एनआरईपी धनबाद |
| हिमांशु हुराद | कार्यपालक अभियंता, एनआरईपी दुमका |
| अंगद कुमार | कार्यपालक अभियंता, एनआरईपी गुमला- अप्र.एनआरईपी सिमडेगा |
| अमित कुमार | कार्यपालक अभियंता, एनआरईपी डालटेनगंज- अप्र.एनआरईपी गढ़वा |
| प्रेमचंद कुजूर | कार्यपालक अभियंता, एनआरईपी, गिरिडीह, अतिरिक्त प्रभार |

| नाम | कहां गये |
|---|---|
| सागर प्रताप | कार्यपालक अभियंता, एनआरईपी रांची- अतिरिक्त प्रभार, एनआरईपी, खूंटी |
| सुभाष चंद्र | सहायक अभियंता, एनआरईपी साहेगंज |
| नरेश प्रसाद | सहायक अभियंता, एनआरईपी हजारीबाग |
| चंद्रशेखर सिंह | सहायक अभियंता, एनआरईपी पाकुड़ |
| प्रमोद प्रसाद | सहायक अभियंता एनआरईपी देवघर |
| विजय कुमार | सेवा वापस पथ निर्माण विभाग को |
| शिव शंकर | सहायक अभियंता, एनआरईपी दुमका |
| नागेंद्र किस्कु | सहायक अभियंता, एनआरईपी रामगढ़ |
| रामकुमार दास | सहायक अभियंता एनआरईपी खूंटी |
| निवारण चंद्र रजवार | सहायक अभियंता, एनआरईपी गुमला |
| बिपिन प्रसाद | सहायक अभियंता, एनआरईपी गिरिडीह |
| धमेंद्र रजक | सहायक अभियंता, एनआरईपी डालटेनगंज |
| अजीत कुमार | सहायक अभियंता एनआरईपी चतरा |

### मार्च 2020 से अब तक रिटायर शिक्षकों को मिलेंगे 50 हजार

**शिक्षक कल्याण कोष की बैठक में लिया गया निर्णय**

**रांची।** मार्च 2020 से लेकर अब तक रिटायर करने वाले राज्य के पारा शिक्षकों, बीआरपी-सीआरपी और कस्तूरबा के कर्मियों को 50,000 रुपए कल्याण कोष से मिलेंगे। यह निर्णय मंगलवार को हुई कल्याण कोष की बैठक में ली गई। झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद की प्रोजेक्ट डायरेक्टर किरण पासी ने कहा कि शिक्षकों को अब कल्याण कोष में हर महीने 500 रुपये देने होंगे। रिटायरमेंट के समय उन्हें 50000 रुपये मिलेंगे। वहीं, दुर्घटना लाभ के रूप में एक लाख रुपए दिए जाएंगे। पांच साल बाद उन्हें 1000 रुपये देने होंगे और मृत्यु के उपरांत उन्हें 2,00,000 रुपये का भुगतान होगा। वहीं, रिटायर शिक्षकों को 1,00,000 दिये जाऐंगे। इस मुद्दे पर पारा शिक्षक बीआरपी-सीआरपी और कस्तूरबा के कमियों ने सहमति जताई है। बैठक में ऋषिकेष पाठक, कृष्णा प्रसदा समेत अन्य उपस्थित थे।

कोयला सचिव अमृतलाल मीणा और चेयरमैन पीएम प्रसाद ने किया मगध-आम्रपाली क्षेत्र का दौरा

# सीएमपीडीआइ में कोल इ-ऑक्शन पोर्टल का उद्घाटन

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** केंद्रीय कोयला सचिव अमृत लाल मीणा ने सीएमपीडीआई रांची में मंगलवार को कोयला मंत्रालय और सीएमपीडीआई के संयुक्त तत्वावधान में कोयला क्षेत्र में अनुसंधान एवं विकास पर आयोजित प्रथम हैकथॉन-2023 के विजेताओं को पुरस्कृत किया। मौके पर उन्होंने सीएमपीडीआई को व्यवहार्य परियोजनाओं की प्रतिकृति और व्यावसायीकरण करने और भविष्य में भी ऐसे हैकथॉन आयोजित करने को कहा।

बता दें कि कोयला क्षेत्र से संबंधित 5 चिह्नित समस्या के समाधान खोजने के लिए हैकथॉन का आयोजन किया गया था। श्री मीणा ने इस अवसर पर हर समय स्वच्छता सुनिश्चित करने में उनके अथक प्रयासों के लिए स्वच्छता योद्धाओं को भी सम्मानित किया।




वहीं उन्होंने सीएमपीडीआई में कोल इंडिया लिमिटेड की नवीणीकृत अर्थ साइंस म्युजियम और कोल-ई-ऑक्शन पोर्टल का उद्घाटन किया। सीएमपीडीआई के पर्यावरण, कोल पेट्रोग्राफी, केमिकल, कोल प्रिपरेटरी, माइनिंग टेक्नोलॉजी लैब और सीबीएम लेबोरेट्रीज आदि का भी दौरा किया।

मौके पर कोल इंडिया अध्यक्ष पीएम प्रसाद, कोल इंडिया के निदेशक सह सीसीएल के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक डॉ बी वीरा रेड्डी, कोल इंडिया के निदेशक (मार्केटिंग) मुकेश चौधरी, सीएमपीडीआई के सीएमडी मनोज कुमार, कोयला मंत्रालय के परियोजना सलाहकार आनंदजी प्रसाद, सीएमपीडीआई के निदेशक (तकनीकी/ सीआरडी) शंकर नागाचारी, निदेशक (तकनीकी/ पीएंडडी) अजय कुमार, निदेशक (तकनीकी/ ईएस) सतीश झा, मुख्य सतर्कता अधिकारी सुमीत कुमार सिन्हा सहित सीसीएल के कार्यकारिणी निदेशक, सीआईएल, सीसीएल और सीएमपीडीआई के अन्य उच्चाधिकारी उपस्थित थे।

### आम्रपाली परियोजना में व्यावसायिक प्रशिक्षण केंद्र का किया उद्घाटन



**रांची।** कोयला सचिव अमृतलाल मीणा ने कोल इंडिया लिमिटेड के अध्यक्ष पीएम प्रसाद के साथ मगध-आम्रपाली क्षेत्र का दौरा किया। इस अवसर पर सीसीएल सीएमडी बी वीरा रेड्डी, निदेशक रामबाबू प्रसाद, निदेशक हर्षनाथ मिश्र, निदेशक पवन कुमार मिश्रा, निदेशक बी. साइराम और सीएमपीडीआई के निदेशक, मगध क्षेत्र के महाप्रबंधक नृपेंद्र नाथ आम्रपाली क्षेत्र के महाप्रबंधक अमरेश कुमार सिंह, राज्य सरकार के अधिकारियों सहित सीसीएल के अधिकारी थे। उन्होंने होन्हे में नव निर्मित 'आम्रपाली डिजिटल डिसपेंसरी' का उद्घाटन भी किया। उनके समक्ष गांधीनगर अस्पताल, रांची द्वारा मरीजों को टेली मेडिसिन की सुविधा प्रदान की गई। इसके बाद उन्होंने टीम के साथ आम्रपाली परियोजना में व्यवसायिक प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन किया। उन्होंने कोयला खनन क्षेत्र का दौरा भी किया। दौरे के क्रम में श्री मीणा ने सीएसआर गतिविधियों की समीक्षा की और बेहतर कार्य निष्पादन का निर्देश दिया। श्री मीणा, श्री प्रसाद ने मगध एवं संघमित्रा और आम्रपाली एवं चंद्रगुप्त के 'व्यू प्वाइंटस' से कोयला खदानों का अवलोकन किया। खनन क्षेत्र के विस्तारीकरण तथा वन संबंधी अन्य मुद्दे के त्वरित कार्रवाई के लिए अमृतलाल मीणा तथा कोल इंडिया चेयरमैन पी.एम प्रसाद ने राज्य सरकार के अधिकारियों के साथ बैठक भी की।

तीसरी आंख




## मौसम पूर्वानुमान : आज भी भारी बारिश की संभावना, तापमान में धीरे-धीरे आयेगी गिरावट

# लगातार हो रही बारिश से शहर की सड़कें लबालब

### पिस्का मोड़ से रातू रोड नागाबाबा खटाल तक जगह-जगह गड्ढे

### फ्लाईओवर बनने वाले इलाकों में जलजमाव की स्थित खतरनाक



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** पिछले चार दिनों से जारी बारिश से राजधानी रांची समेत आस पास के क्षेत्रों में जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। जगह जगह जलजमाव की स्थिति उत्पन्न हो गयी है। शहर की सड़कें लबालब भर गयी हैं मानों सड़कें ही गायब हो गयी हैं। राजधानी रांची में रविवार को सुबह से देर रात तक तेज बारिश हुई। जिससे अधिकांश हिस्सों में जलजमाव हुआ। सोमवार को बारिश रूकी पर दोपहर बाद फिर से लोगों को बारिश से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया।

मंगलवार को सुबह आठ बजे के बाद से अधिकांश हिस्सों में मध्यम से भारी बारिश हुई, जिससे अधिकांश हिस्सों में जल-जमाव हुआ। इसमें रातू रोड, पंडरा, हरमू, किशोरगंज, बहुबाजार, कांटा टोली, लोआडीह समेत अन्य इलाकों में जल जमाव की स्थिति रही। विशेषकर जिन इलाकों में फ्लाईओवर का निर्माण किया जा रहा है, उन इलाकों में जल जमाव की स्थिति खतरनाक हो गयी है। पिस्का मोड से रातू रोड नागाबाबा खटाल तक जगह-जगह गड्ढे हो गये हैं। वाहनों के लिए खतरा बढ़ गया है। यही स्थिति कांटा टोली, बहुबाजार, सिरम टोली चौक, अपर बाजार में भी देखने को मिली।

**कहां कितनी हुई बारिश :** राज्य में पिछले 24 घंटे में कई हिस्सों में हल्की से मध्यम दर्जे की बारिश हुई है। सबसे अधिक 191.5 मिलीमीटर बारिश गढ़वा के भवनाथपुर में हुई। सरयू में 130, हजारीबाग में 126, केतार में 120, बरडीहा में 114.2, शियालचक में 98.5, लातेहार में 92.6, कांके में 84.4, बोकारो में 76.6, बोकारो थर्मल में 75.6, धुरकी में 2.5 और चंद्रपुरा में 68 मिलीमीटर बारिश हुई। डालटनगंज में 62.8, कांडी में 62.7, डुमरी में 60, नंदडीह में 59.6, मांडू में 58.7 और तुलाडीह में 56.3 मिलीमीटर बारिश हुई। इस दौरान रांची में भी 46.4 मिलीमीटर बारिश हुई। खलारी में 44.2, गढ़वा में 44, रामगढ़ में 43.2, तोरपा में 40.2, रामगढ़ में 43.2 बरही में 36.6, मांडर में 36.2, तिलैया में 34, बोकारो में 23, सिमडेगा में 18.5 और सहेबगंज में 3.5 मिमी बारिश हुई।

**10 अक्टूबर के बाद ठंड**

मौसम विज्ञान केंद्र की मानें तो 10 अक्टूबर तक लगातार तापमान में गिरावट दर्ज की जायेगी। इस दौरान तापमान में पांच से छह डिग्री सेल्सियस तक की कमी दर्ज की जायेगी। जिसके बाद लोगों को ठंड का एहसास होगा। आने वाले कुछ दिनों तक राज्य का औसत तापमान 27 डिग्री से 25 डिग्री सेल्सियस तक रहने की जानकारी दी गयी है।







## पुलिस ड्यूटी मीट आज से रांची में

**रांची।** अपराध अनुसंधान विभाग, झारखंड, रांची द्वारा 18वीं झारखंड राज्य पुलिस ड्यूटी मीट-2023 का आयोजन 4 अक्टूबर से 7 अक्टूबर तक किया जा रहा है। आलमगीर आलम, मंत्री, ग्रामीण विकास, झारखंड के कर कमलों द्वारा उक्त मीट का उद्घाटन किया जायेगा।

## रांची की ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने सड़क पर खुद निकले एसएसपी



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** राजधानी की ट्रैफिक व्यवस्था को सुधारने के लिए मंगलवार को एसएसपी चंदन सिन्हा खुद सड़कों पर निकले। मेन रोड में एसएसपी के नेतृत्व में ट्रैफिक व्यवस्था को स्मूथ करने को लेकर विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान दुकानदारों से जुर्माना वसूला गया ओर सामान भी जब्त किए गए। एसएसपी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि दुकानदारों की मनमानी नहीं चलेगी। नियम तोड़ने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाये। अभियान के दौरान सिटी एसपी के साथ-साथ शहर के थानेदार और डीएसपी मौजूद रहे।

**एसएसपी ने सभी थानेदारों को दिए निर्देश :** एसएसपी ने सभी थानेदारों को अभियान चलाने का निर्देश दिया है। दुकानदारों से दुकान के आगे सड़क किनारे सामान नहीं रखने और सड़क किनारे पार्किंग नहीं करने की चेतावनी दी जा रही है। चेतावनी के बाद भी सड़क किनारे पार्किंग और सामान रखते हैं, तो कड़ी कार्रवाई की जायेगी।

## हाइकोर्ट ने पूछा- एनआइए जांच के लिए रांची हिंसा शेड्यूल ऑफेंस की घटना है या नहीं

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** राजधानी रांची में 10 जून 2022 को हुई हिंसा मामले की एनआइए जांच को लेकर दायर जनहित याचिका की सुनवाई मंगलवार को हाईकोर्ट में हुई। कोर्ट ने प्रार्थी के अधिवक्ता राजीव कुमार से पूछा कि वह कैसे इस केस को एनआईए को ट्रांसफर करने की मांग कर रहे हैं। क्या इसका कोई साक्ष्य है कि यह घटना शेड्यूल ऑफेंस के तहत आ रही है। इस पर प्रार्थी की ओर से स्पष्ट जवाब नहीं दिया गया। उनकी ओर से सिर्फ यह कहा गया कि मामले की जांच नहीं हो रही है। इससे पहले एनआईए और राज्य सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया कि पूरे प्रकरण में यह मामला शेड्यूल ऑफेंस के दायरे में नहीं आता है।


वहीं इस केस के साथ संलग्न एक अन्य जनहित याचिका में प्रार्थी अधिवक्ता एके रशीदी ने मामले की न्यायिक जांच करने की मांग की। प्रार्थी ने अपना पक्ष रखने के लिए कोर्ट से समय देने का आग्रह किया। कोर्ट ने राज्य सरकार, एनआईए एवं प्रार्थी का पक्ष सुनने के बाद मामले की अगली सुनवाई 21 नवंबर निर्धारित की है। राज्य सरकार की ओर से अपर महाधिवक्ता आशुतोष आनंद ने पक्ष रखा। वहीं एनआईए के अधिवक्ता एके दास की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि एनआईए सिर्फ शेड्यूल ऑफिंस होने पर ही अनुसंधान करती है, लेकिन इस घटना में अभी तक अनुसंधान में ऐसी बात नहीं आई है।

बता दें कि रांची हिंसा मामले में दायर पंकज कुमार यादव की जनहित याचिका में हैदराबाद के सांसद असदुद्दीन ओवैसी, सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया के महासचिव यास्मीन फारूकी समेत रांची उपायुक्त, एसएसपी, मुख्य सचिव, एनआइए, इडी को प्रतिवादी बनाया है। अदालत से मामले की एनआइए जांच कराकर झारखंड संपत्ति विनाश और क्षति निवारण विधेयक-2016 के अनुसार आरोपियों के घर को तोड़ने का आदेश देने का आग्रह किया है।

**रांची हिसा मामला : नवाब चिश्ती बनाये गये आरोपी**

रांची। रांची हिंसा के दौरान डोरंडा थाना में दर्ज प्राथमिकी में आरोपी बनाए गए नवाब चिश्ती के खिलाफ उक्क ने कई सबूत इकट्ठा किए हैं, जिसके आधार पर अब नवाब चिश्ती को रांची हिंसा से जुड़े उस केस में भी आरोपी बनाया गया है, जिसमें भीड़ द्वारा मंदिर में तोड़-फोड़ और पुलिस बल पर फायरिंग का केस दर्ज किया गया है। नवाब चिश्ती फिलहाल न्यायिक हिरासत में है। उसने रांची सिविल कोर्ट और झारखंड हाईकोर्ट में अपनी जमानत की गुहार लगाई थी, लेकिन उसे बेल देने से निचली अदालत और हाईकोर्ट इंकार कर चुका है। सीआइडी के डीएसपी ने कोर्ट में आवेदन देकर उसे डेली मार्केट थाना में दर्ज कांड संख्या 17/2022 में आरोपी बनाने का आग्रह किया था। जिसे कोर्ट ने स्वीकार कर लिया है। सीआइडी के द्वारा कोर्ट में इस बात से जुड़े कई सबूत भी पेश किए गए, जिससे रांची हिंसा में उसकी संलिप्तता प्रतीत होती है।

## बरियातू रोड में ट्रक ने पोल में मारी टक्कर, बिजली आपूर्ति ठप



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** राजधानी के बरियातू रोड में हिल व्यू मोड़ पर एक अनियंत्रित ट्रक ने बीच सड़क पर लगे हुए लोहे की बिजली पोल में जोरदार टक्कर मार दी। इस टक्कर में ड्राइवर और खलासी दोनों जख्मी हुए हैं। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि लोहे का पोल बीच से दो टुकड़ों में बंट गया और बिजली के तार सड़क पर गिर गये। मौके पर पहुंची बरियातू पुलिस ने सूझबूझ दिखाते दोनों तरफ से ट्रैफिक को रोका और बिजली कटवाई। हादसे की वजह से आधे घंटे से ज्यादा समय तक बरियातू रोड जाम रहा। कई स्कूल बसें जाम में फंसी रही।

स्थानीय लोगों ने बताया कि स्कूल का समय होने के बावजूद ट्रक बेहद तेज गति से सड़क से गुजर रहा था। ट्रक चालक लापरवाही में वाहन चला रहा था। ट्रक को क्रेन के माध्यम से सड़क से हटाया गया। समाचार लिखे जाने तक तारों को जोड़ने का काम जारी था।

## अब फ्री में होगी सदर अस्पताल में डेंगू की जांच

**डेंगू के मरीजों को जांच में राहत, बढ़ते मरीजों को लेकर प्रबंधन का निर्णय**

**प्राइवेट लैब में देने होंगे 1200 रुपये**

डेंगू की जांच के लिए प्राइवेट लैब में मरीजों को 800 से लेकर 1200 रुपए चुकाने पड़ते हैं। सदर अस्पताल में निशुल्क जांच शुरू होने के बाद बड़ी संख्या में मरीजों ने राहत की सांस ली है।




> डेंगू के बढ़ते मामले को देखते हुए अस्पताल प्रबंधन ने जांच को नि:शुल्क करने का निर्णय लिया है। वहीं पैथोलॉजी विभाग के इंचार्ज डॉ विमलेश कुमार ने कहा कि सदर अस्पताल के पैथोलॉजी विभाग में मरीजों की संख्या बढ़ी है। ऐसे में प्रबंधन का यह निर्णय मरीजों के लिए राहत भरा होगा।
>
> **डॉ प्रभात कुमार, सिविल सर्जन**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** रांची समेत राज्य के विभिन्न जिलों में डेंगू के बढ़ते मामले के बीच सदर अस्पताल ने डेंगू की जांच को नि:शुल्क करने का निर्णय लिया है। रांची सदर अस्पताल के पैथोलॉजी डिपार्टमेंट में हर रोज 125 से 150 की संख्या में डेंगू की जांच के लिए मरीज पहुंच रहे हैं। इनमें से करीब 10% मरीज डेंगू पॉजीटिव पाए जा रहे हैं। सदर अस्पताल में इस जांच के लिए 27 रुपया लिया जाता था। इनमें डेंगू के संदिग्ध मरीज की आईजीएम मैक एलाइसा टेस्ट और एनएस-1 एंटीजेन एलाइसा जांच की जाती है। इससे डेंगू से संक्रमितों का पता लगाया जाता है।

**राज्य में अब तक मिल चुके हैं 1556 मरीज**

आंकड़े बताते हैं कि एक अक्टूबर तक झारखंड में डेंगू के 1556 मरीज मिल चुके हैं। इनमें सबसे ज्यादा पूर्वी सिंहभूम में 891 और रांची में 76 डेंगू के मरीज मिले हैं। मंगलवार को राज्य भर में डेंगू के 147 संदिग्ध मरीज मिले। इनमें सबसे ज्यादा 51 संदिग्ध मरीज पूर्वी सिंहभूम जिले में मिले हैं.। जांच के बाद 3 में डेंगू की पुष्टि हुई है, जबकि साहिबगंज में 31 संदिग्धों की जांच के बाद 10 मरीजों में डेंगू की पुष्टि हुई। बताते चलें कि राज्य भर में 13 नए मरीज मिले हैं। वहीं सक्रिय मरीजों की संख्या 58 है, जबकि चिकनगुनिया के 108 संदिग्ध मरीज राज्य में मिले। सबसे ज्यादा गढ़वा में 71 मरीज मिले। हालांकि जांच के बाद एक भी मरीजों में चिकनगुनिया की पुष्टि नहीं हुई है।

## आजसू महानगर अध्यक्ष ने नगर प्रशासक से समस्याओं के समाधान का किया आग्रह

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** आजसू पार्टी रांची महानगर ने शहर के समस्याओं से जुड़ी मांगों को लेकर मंगलवार को नगर निगम रांची के नगर प्रशासक को ज्ञापन सौंपकर समस्याओं से निजात दिलाने का आग्रह किया। नगर प्रशासक अमित कुमार ने प्रतिनिधिमंडल को उचित कार्रवाई का भरोसा दिया। आजसू पार्टी के रांची महानगर अध्यक्ष ज्ञान सिन्हा के नेतृत्व में शामिल प्रतिनिधिमंडल में पार्टी महानगर के वरीय उपाध्यक्ष सुनील यादव, बंटी यादव, महासचिव रमेश गुप्ता, उपाध्यक्ष बिरेंद्र प्रसाद, राकेश कुमार सिंह, संगठन सचिव अमित वर्मा, सचिव अभिषेक राज नायक, अजय भारत, सूरज गुप्ता आदि शामिल थे।

आजसू महानगर ने ज्ञापन में कहा कि डेंगू, चिकनगुनिया, मलेरिया के बढ़ते प्रकोप की रोकथाम के लिए नालियों की साफ सफाई, ब्लीचिंग, फॉगिंग की उचित व्यवस्था की जाये। शहर, गलियों के सड़को पर हुए गड्ढों में स्टोन डस्ट भरने की व्यवस्था की जाये या सड़कों को पूरी तरह से दुरुस्त किया जाये, जिससे आवागमन सुगम एवं सुरक्षित हो सके। हालिया बारिश से शहर में जलजमाव के कारण सड़को पर चलना दुभर हो चुका है सड़कों और गड्ढों में फर्क करना मुश्किल हो गया है कई अप्रिय घटनाएं घट चुकी है लोग दुर्घनाग्रस्त हो रहे हैं जलनिकासी का प्रबंध कर उचित समाधान किया जाये।

**खबर एक नजर में**

### रतन हाइट्स सोसाइटी ने लैंड ओनर एवं बिल्डर की एलपीए पर जल्द सुनवाई का किया आग्रह

**रांची।** मोरहाबादी स्थित रतन हाइट्स का विवाद एक बार फिर झारखंड हाई कोर्ट पहुंचा है। प्रतिवादी रतन हाइट्स बिल्डिंग रेजिडेंशियल सोसायटी की ओर से अधिवक्ता सुमित गड़ोदिया ने लैंड ओनर एवं बिल्डर वीकेएस रियलिटी की एलपीए की सुनवाई जल्द करने का आग्रह करते हुए मंगलवार को मेंशन किया। लैंड ओनर एवं बिल्डर ने हाई कोर्ट की एकल पीठ के आदेश के खिलाफ एलपीए दाखिल की है। हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले की सुनवाई आज बुधवार को होगी। प्रतिवादी की ओर से कोर्ट को बताया गया कि हाई कोर्ट की एकल पीठ के आदेश के बावजूद भी बिल्डर ने रतन हाइट की बहुमंजिली इमारत के बगल में स्थित गड्ढे को नहीं भरा है। बीते दो-तीन दिन से रांची में हो रही भारी बारिश की वजह से रतन हाइट्स की एक और बाउंड्री रविवार को गिर गई। साथ ही निर्माण के लिए खोदे गए विशाल गड्ढे में भी पानी का लेवल काफी ऊपर आ गया। बाउंड्री वॉल गिरने के कारण गड्ढे का पानी रतन हाइट्स की नींव के भीतर प्रवेश करने की आशंका पैदा हो गयी है। इससे इस बहुमंजिली इमारत को खतरा बढ़ गया है। बिल्डिंग में रहने वाले लोग काफी दहशत में हैं।

रतन हाईट्स बिल्डिंग रेसिडेंशियल सोसाइटी की याचिका पर हाईकोर्ट ने इस वर्ष जुलाई माह में अपना फैसला सुनते हुए नगर आयुक्त द्वारा संशोधित नक्शा पास किए जाने के आदेश एवं संशोधित नक्शे को रद्द कर दिया था। कोर्ट ने कहा था कि 46 कट्ठा पर जो कॉमन एरिया था वह कॉमन एरिया ही रहेगा। कोर्ट ने लैंड ओनर और बिल्डर वीकेएस रियलिटी को गड्ढा भरने और यदि उसमें कोई कंस्ट्रक्शन किया है तो उसे हटाने, रिटेनिंग वॉल हटाने और उस जमीन को एक माह में सोसाइटी को हैंड ओवर करने का दिया निर्देश दिया था।

### राज्य जाति छानबीन समिति द्वारा अंतिम आदेश पारित नहीं करने का आदेश बरकरार

**विधायक समरी लाल के जाति प्रमाण पत्र का मामला**

**रांची।** कांके विधायक समरी लाल के जाति प्रमाण मामले में सुरेश बैठा एवं राज्य सरकार की अपील की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में मंगलवार को हुई। मामले में कोर्ट ने राज्य जाति छानबीन समिति के द्वारा समरी लाल के मामले में अंतिम आदेश पारित नहीं करने के आदेश को बरकरार रखा है। मामले की अगली सुनवाई 5 दिसंबर को होगी। इससे पहले विधायक समरी लाल के अधिवक्ता एसडी संजय की ओर से कोर्ट से समय की मांग की गई। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता कुमार हर्ष ने भी पक्ष रखा। पूर्व की सुनवाई में कोर्ट ने मामले में अंतरिम आदेश देते हुए कहा था कि राज्य जाति छानबीन समिति की जांच कांके विधायक समरीलाल के मामले जारी रहेगी, लेकिन समिति अपना अंतिम आदेश पारित नहीं करेगी। दरअसल, समरी लाल की ओर से राज्य जाति छानबीन समिति की जांच प्रक्रिया को रोकने का आग्रह ओर से किया गया था। राज्य जाति छानबीन समिति के द्वारा कांके विधायक समरीलाल का जाति प्रमाण पत्र खारिज किए जाने के मामले में हाईकोर्ट की एकल पीठ के आदेश के खिलाफ राज्य सरकार एवं सुरेश बैठा की अपील दाखिल की है। पूर्व की सुनवाई में राज्य सरकार और सुरेश बैठा की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि समरी लाल मूल रूप से राजस्थान के निवासी हैं, उनके पूर्वज माइग्रेट होकर झारखंड आए हैं। बता दे कि पूर्व में हाई कोर्ट की न्यायमूर्ति राजेश शंकर की कोर्ट ने समरी लाल याचिका स्वीकार करते हुए राज्य छानबीन समिति द्वारा समरी लाल के जाति प्रमाण पत्र को रद्द करने को गलत करार दिया था। साथ ही राज्य छानबीन समिति द्वारा समरी लाल के जाति प्रमाण पत्र को खारिज किए जाने के आदेश को रद्द कर दिया था।

## 10 सालों से था संदिग्ध गतिविधियों में शामिल, एनआइए ने हजारीबाग एसपी को नजर रखने का दिया था टास्क

# आतंकवादी शाहनवाज का बना था रांची से पासपोर्ट

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** दिल्ली में पकड़ा गया हजारीबाग का शाहनवाज का पासपोर्ट रांची में बना था। शाहनवाज के पिता का नाम शफीक जमा और उसकी मां का नाम हुश्ने अंबर है। पड़ोसियों के मुताबिक, शाहनवाज अक्सर बाहर रहता था। समाज से कटे-कटे रहने के कारण उसकी गतिविधि भी संदिग्ध थी। 31 अक्टूबर 2016 को उसका पासपोर्ट जारी हुआ था। जिसकी वैलिडिटी 30 अक्टूबर 2026 तक है। उसका पासपोर्ट नंबर पी48 21132 है। पासपोर्ट फाइल नंबर आरसी 1060 3 791 680 16 है।

हजारीबाग के पेलावल ओपी क्षेत्र के पगमिल आजाद नगर मोहम्मद हाउस के नजदीक रहने वाला 30 वर्षीय शाहनवाज पिछले 10 वर्षों से संदिग्ध गतिविधियों में संलिप्त था। आतंकी गतिविधियों में संलिप्तता की जानकारी मिलने के बाद एनआईए ने हजारीबाग एसपी को भी शाहनवाज के ऊपर नजर रखने का टास्क दिया था लेकिन इस बीच वह हजारीबाग नहीं पहुंचा। वह दिल्ली में ही रहता था।

**हजारीबाग से आतंकी कनेक्शन**

हजारीबाग से आतंकियों का दो दशक से भी पूर्व का संबंध रहा है। देश में हुए कई बड़े आतंकी घटनाओं में हजारीबाग का नाम सामने आया और यहां से आतंकी पकड़े भी गए। पहली बार जनवरी 2002 में हजारीबाग सुर्खियों में आया था, जब कोलकाता के अमेरिकन सेंटर पर आतंकी हमला हुआ। अंतिम बार 2017 में हजारीबाग का आतंकी कनेक्शन तब सामने आया, जब रोहिंग्या मामले में युवाओं को भड़काने और मिजोरम व मणिपुर में खूंखार आतंकवादी संगठन अल कायदा का बेस कैंप बनाने की तैयारी में जुटे संदिग्ध आतंकवादी का झारखंड कनेक्शन सामने आया।

**एजेंसियों से बचने को होटल में शरण**

आतंकवादियों ने जांच एजेंसियों से बचने के लिए हजारीबाग के कचहरी के समीप एक होटल में शरण ली थी। 2002 में हमले के बाद हजारीबाग में अपने घर में पनाह देने वाला एक राज्य प्रशासनिक सेवा का अधिकारी था। 28 जनवरी 2002 को दो आतंकी सदर थाना क्षेत्र के खिरगांव मुहल्ले में मारे गए थे। इनमें इदरीश और सलीम शामिल थे। सलीम ने बताया था कि दोनों पाकिस्तान से हैं और लश्कर-ए-तोएबा के आतंकी हैं। कोलकाता में 22 जनवरी 2002 को अमेरिकी सूचना केंद्र पर हमला करने में उसका हाथ था।

**शोरूम मालिक का किया था अपहरण**

एनआइए को दिए गए बयान के अनुसार, इसी गुट ने जूता निमार्ता कंपनी खादिम के शो-रूम मालिक पार्थो राय का जमशेदपुर से अपहरण भी किया था। हजारीबाग में मारे गए दोनों आतंकियों के पास से कोलकाता-गया का रेलवे टिकट, नालंदा से बनाया गया ड्राइविंग लाइसेंस, दिल्ली से लूटी गई जेन कार, हजारीबाग के दीक्षित गैस एजेंसी का गैस कार्ड मिला था। इसी तरह 29 फरवरी 2012 को हजारीबाग स्थित पगमिल मोहल्ले के कश्मीर हाउस से लश्कर के आतंकी तौफिक को गिरफ्तार किया गया था। उसकी निशानदेही पर दिल्ली में उसके एक साथी एहतेशाम को गिरफ्तार किया गया था। तौफिक ने इंटर की पढ़ाई मांडू कॉलेज से की थी और संत कोलंबा कॉलेज में पार्ट वन की पढ़ाई कर रहा था। रोहिग्यां मामले में गिरफ्तार अलकायदा से जुड़े संदिग्ध आतंकी समीउल रहमान उर्फ हमदान उर्फ शुमोन हक उर्फ राजू भाई ने गिरफ्तारी के बाद खुद स्वीकार किया कि वह पहचान छिपाकर हजारीबाग के एक होटल में कुछ दिनों तक ठहरा था। दिल्ली में हमदान को गिरफ्तार करने के बाद एनआइए टीम जांच के सिलसिले में उसे लेकर रांची आयी थी। जहां उसने माना था कि हजारीबाग के एक होटल को भी उसने अपना ठिकाना बनाया था। होटल में हमदान ने किशनगंज से जारी पहचान पत्र का इस्तेमाल किया था।

**कई बार जेल गया था हमदान**

मिजोरम एवं मणिपुर में खूंखार आतंकवादी संगठन अल कायदा का बेस कैंप बनाने की तैयारी के दौरान गिरफ्तार किए गए आतंकी हमदान कई बार जेल जा चुका है। वह दक्षिण अफ्रीका और सीरिया की भी यात्रा इस्लाम के प्रचार के लिए कर चुका था। मूल रूप से वह बांग्लादेश का रहने वाला था। पूरा परिवार उसके साथ लंदन में रहता था। उसने पढ़ाई-लिखाई लंदन में ही की थी। अब एक बार फिर से हजारीबाग के शाहनवाज को दिल्ली में पकड़े जाने के बाद आतंकियों से जुड़े तार का बड़ा खुलासा होने की संभावना प्रबल हो गई है। वहीं 2022 में पटना में पकड़ा गया एक जमादार हजारीबाग में पोस्टेड था। इस दौरान उसकी गतिविधि भी संदिग्ध थी और उसने आतंकी जाल फैला रखा था।

स्पीड न्यूज

## खलारी डीएसपी से मिले झामुमो कार्यकर्ता

**ठाकुरगांव।** झामुमो के खलारी प्रखंड अध्यक्ष अनिल पासवान के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को खलारी डीएसपी अंकिता राय से मिला। मौके पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने कांके प्रखंड कमेटी के उपाध्यक्ष सह पूर्व मुखिया फलिंद्र मुंडा के ऊपर पिछले दिनों हुए हमले की सघनता से जांच करते हुए आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की। डीएसपी ने कहा कि उक्त घटना की पुलिस सघनता से सभी पहलुओं पर जांच कर रही है। जल्द ही अपराधियों पर कड़ी कार्रवाई प्रशासन करेगा। मौके पर बुढ़मू प्रखंड अध्यक्ष भुनेश्वर साहु, कांके प्रखंड अध्यक्ष जावेद अख्तर, रामसेवक महतो मौजूद थे।

## आदिवासी महिला के शारीरिक शोषण मामले के आरोपी को जेल

**खलारी।** आदिवासी महिला के साथ शारीरिक शोषण धर्मपरिवर्तन अश्लील वीडियो बनाकर फोटो सोशल मीडिया में वाइरल करने का मामला मैक्लुस्कीगंज थाना दर्ज किया है। इसके बाद पुलिस हरकत में आयी और आरोपी को दबोच कर जेल भेज दिया। आवेदन में कहा गया है कि मैक्लुस्कीगंज थाना के निवासी ग्राम .कोंनका के नजीम अंसारी पिता यूसुफ अंसारी राज गंझू बनकर मुझसे फोन पर बात करने लगा। इसके बाद मुझे ब्लैकमेल कर शारीरिक शोषण करने लगा और अश्लील वीडियो बनाकर धर्म परिवर्तन करने का दबाव बनाने लगा। जब मैं इनकार की तो वीडियो वायरल कर दिया।

### लगातार वर्षा से प्रखंड क्षेत्र में तबाही, ग्रामीणों का जीवन अस्त-व्यस्त

# बारिश से ढह गये कई कच्चे मकान

## सोनाहातू-राहे में एक दर्जन घर क्षतिग्रस्त

खबर मन्त्र संवाददाता

**सोनाहातू/राहे।** तीन दिन से रुक-रुक के हो रही वारिश ने प्रखंड क्षेत्र में एक दर्जन से अधिक घरों को नुकसान किया हैं। सोमवार रात को वारिश ने कई घर को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया है। सोनाहातू प्रखंड के जामुदाग पंचायत अंतर्गत चोगा गांव में ही आधा दर्जन घर ध्वस्त हुये है। पंचायत समिति सदस्य रूप कुमार साहू गांव जाकर सभी का नुकसान की जानकारी लेकर प्रखंड प्रशासन को मुआवजा देने को कहा है। गांव के राजेश महतोएपरमेश्वर कोईरी, कृपा कोईरी, रूपचांद कोईरी, किशु देवी, रामगोपाल महतो, बूटन मछुवा, रोपनी देवी, सखी देवी, वैशाखी देवी मिस्टो मछुवा का घर क्षतिग्रस्त हुआ है। इधर राहे प्रखंड के चैनपुर गांव के दिनेश प्रसाद महतो ओर गोवाली गांव के अर्जुन गोंझू का घर पूरी तरह ध्वस्त हो गया है।



### रानीखटंगा में बारिश से गिरा मकान

**इटकी।** प्रखंड क्षेत्र में पिछले चार दिनों से हो रही बारिश से सोमवार की रात रानीखटंगा के जलही मिंज का कच्चा मकान गिर गया, जिससे मकान में रखे कई सामान दबकर व पानी में भीग कर बर्बाद हो गये। सूचना पाकर मुखिया राजन किस्पोट्टा गांव पहुंच कर मकान का मुआयना किया व भुक्तभोगी परिवार को मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया।

## हुंडरू में बारिश से कच्चा मकान गिरा

**सिकिदिरी।** प्रखंड के हुंडरू बस्ती में सोमवार की रात होलिका देवी पति स्व लक्ष्मण बेदिया का कच्चा मकान का दीवार गिर गया। इस घटना में घर में सोयी होलिका देवी बाल-बाल बच गई। वहीं घर में रखे बर्तन और बक्से नष्ट हो गए है, जबकि घर में रखा धान मिट्टी में दबकर बर्बाद हो गया है। होलिका देवी ने सरकार से मुआवजे की मांग की है। उसके पति का निधन पांच वर्ष पूर्व हो चुका है। होलिका प्लास्टिक लगाकर रहने के लिए मजबूर है।

## बेड़ो : बारिश से मिट्टी का घर गिरा

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड व आसपास के क्षेत्रों में पिछले चार दिनो से हो लगातार बारिश से सोमवार की देर शाम पुरियो पंचायत के चुटू टोली गांव निवासी सुनीता देवी का कच्चा घर का एक हिस्स भरभरा कर गिर गया। गृह स्वामी सुनीता देवी ने बताया कि जिस समय घर के एक हिस्सा गिरा घर के लोग रसोई में थेए तभी घर का दिवाल गिर गया। किसी तरह मैं और बच्चो को दूसरे तरफ ले जा कर जान बचाई।



एक नजर में

## बुढ़मू प्रखंड क्षेत्र में सांसद-विधायक ने किया कई योजनाओं का शिलान्यास



**ठाकुरगांव।** बुढ़मू प्रखंड के विभिन्न गांवों में डीएमएफटी मद से बनने वाली योजनाओं का शिलान्यास मंगलवार को किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सांसद संजय सेठ, विधायक समरीलाल, जिप सदस्य मनोज वाजपेयी ने प्रखंड के बंसरी में स्कूल भवन, मोहनपुर विद्यालय में अतिरिक्त स्कूल भवन, पतराटोली में स्कूल भवन तथा शौचालय व भवानी शंकर उच्च विद्यालय ठाकुरगांव में शौचालय निर्माण का शिलान्यास किया गया। मौके पर मंडल अध्यक्ष उतपल शाहदेव, बिंटू शाहदेव, कमल मोदी, संजय पटेल, गुड्डू सिंह, मुखिया दशरथ उरांव, जयकुमार साहु समेत अन्य मौजूद थे।

## हेसापीड़ी गांव में अवैध शराब की गयी नष्ट

**नामकुम।** मंगलवार को पुलिस ने थाना क्षेत्र के हहाप पंचायत के हेसापीड़ी गांव में अवैध शराब विनष्टीकरण अभियान चलाया। इसके तहत पुलिस गांव में नदी किनारे बनी अवैध शराब की भट्ठियों को तोड़ कर लगभग साढे सात क्विंटल जावा महुआ नष्ट कर दिया। साथ ही लगभग दो सौ लीटर तैयार शराब को भी नष्ट कर दिया।

# हुंडरू फॉल में बहे युवक का नहीं मिला शव

खबर मन्त्र संवाददाता

**सिकिदिरी।** हुंडरू फॉल में सोमवार को नहाने के दौरान पानी के तेज धार में बह गए राजगीर के युवक का शव मंगलवार को भी नहीं मिला। एनडीआरएफ की टीम भी मंगलवार की देर शाम को पहुंची। अंधेरा होने के कारण अब बुधवार को एनडीआरएफ की टीम पानी में उसकी तलाश करेगी। इससे पहले मंगलवार को सिकिदिरी थाना प्रभारी सत्यप्रकाश रवि एएसआई अरुण सिंह, पर्यटक मित्र राजकिशोर प्रसाद, बालेश्वर बेदिया, विष्णु बेदिया, मनोज महतो दिन भर फॉल के उपर और नीचे जाकर लापता शुभम को कई संभावित जगहों पर पत्थरों के खोह और पानी में खोजा, लेकिन सफलता नहीं मिली। हुंडरू फॉल में नीचे जाने के लिए 745 सीढ़ी नीचे उतरना पड़ता है। थाना प्रभारी व अन्य पर्यटक मित्रों ने तीन से चार बार ऊपर से नीचे जाकर सम्भावित जगहों पर जाकर खोजने का प्रयास किया। इधर लापता शुभम के परिजनों में उसकी मां, बड़ा भाई, बहन व अन्य रिश्तेदार हुंडरू फॉल पहुंच गए थे। मां और बहन का रो-रोकर हाल बुरा था।

### गेतलसूद डैम का जलस्तर खतरे के निशान के करीब

गेतलसूद डैम का जलस्तर खतरे के निशान के करीब पहुंच रहा है। मंगलवार की शाम जलस्तर 33 फीट तीन इंच को पार कर गया था। जलस्तर 34 फीट पार करते ही रेडियल गेट खोलकर पानी को स्वर्णरेखा नदी में बहाना पड़ेगा। इस स्थिति में स्वर्णरेखा नदी का पानी हुंडरू फॉल पहुंचकर पानी की धार को पहले से ज्यादा कर देगा।

## हाथी ने बेहरबेड़ा गांव में ढाह दिया घर

**सोनाहातू/राहे।** प्रखंड के बेहरबेड़ा गांव के सहोदर मुंडा के घर को झुंड से बछड़े हाथी ने ध्वस्त कर दिया है। घर गिरने से घरेलू सामान नष्ट हो गये हैं। मुखिया गिरिबाला देवी ने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया है। इधर सोनाहातू प्रखंड के बांस वन में 50 की संख्या में हाथियों के झुंड को भागने के लिये मंगलवार शाम को प्रभारी वनपाल राजू महतो की टीम जंगल में घुस कर झुंड को भगाने का प्रयास किया। शाम 7 बजे तक झुंड को बांस वन से खदेड़ कर दिया।



## सिल्ली : दीवार गिरा दबकर मर गये बत्तख और मुर्गी

**सिल्ली।** सिल्ली आसपास क्षेत्रों में पिछले दो दिनों से लगातार हो रही वारिश से आज मंगलवार को प्रातः 8 बजे मिजरा निवासी ठाकुरदास गोंझू के घर का चाहरदीवारी गिरने से वे बाल बाल बच गए। परन्तु उसके नीचे दर्जनों मुर्गी और बत्तख दब के मर गए। ठाकुरदास गोंझू ने बताया कि सुबह वे घर के बाहर आंगन में अखबार पढ़ रहे थे तभी यह घटना घटी। इस घटना से लगभग 50 हजार रुपये की क्षती हुई है। उन्होंने सरकार से मुआवजे की मांग की है।

सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड
एक मिनीरत्न कम्पनी
(कोल इण्डिया लिमिटेड की एक सहायक कम्पनी)

सूचना

सामग्री, कार्यों एवं सेवाओं के खरीद हेतु सीआईएल एवं इसकी अनुषंगी कम्पनियों द्वारा जारी सभी निविदाएँ कोल इण्डिया लिमिटेड की वेबसाइट www.coalindia.in सम्बंधित अनुषंगी कम्पनी (सीसीएल, www.centralcoalfields.in) सीआईएल ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://coalindiatenders.nic.in एवं सेन्ट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eprocure.gov.in पर उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त, जीईएम पोर्टल https://gem.gov.in के माध्यम से भी खरीद की जाती है।

समाहरणालय, कोडरमा
(जिला खेल कार्यालय)

:- सूचना :-

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निदेशक, खेलकूद एवं युवाकार्य निदेशालय, झारखण्ड, राँची के पत्रांक-542/राँची दिनांक 27-09-2023 द्वारा प्राप्त निदेश के आलोक में "आदिवासी एवं ग्रामीण स्तरीय खेल का विकास" योजना अन्तर्गत "ग्रामीण तथा स्वदेशी जनजातीय खेल प्रतियोगिता" का आयोजन दिनांक 06-10-2023, प्रातः 8:00 बजे से बागीटॉड स्टेडियम, कोडरमा में किया गया है। इसके अन्तर्गत तीरंदाजी, गुलेल, मटका दौड़, गेड़ी दौड़, भारा दौड एवं सेकोर खेल का आयोजन किया जायेगा।

इन खेल प्रतियोगिताओं में झारखण्ड राज्य के प्रमुख रूप से कमजोर आदिम जनजाति तथा अनुसूचित जनजाति खिलाड़ी भाग लेंगे, जिनकी आयु 18 वर्ष से 40 वर्ष के अन्दर होनी चाहिए। खेल स्पर्धा में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ी तथा सेकोर प्रतियोगिता के विजेता टीम प्रमण्डल स्तर पर आयोजित होने वाले प्रतियोगिता में भाग लेंगे।

इच्छुक प्रतिभागी/टीम दिनांक 05.10.2023 के अपराहन 2:00 बजे तक अपने-अपने प्रखण्ड के प्रखण्ड विकास पदाधिकारी के माध्यम से अथवा स्वयं जिला खेल कार्यालय, कोडरमा में खिलाड़ियो का निबंधन कराना अथवा खिलाड़ियों का सूची उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे। दिनांक 05.10.2023 के अपराहन 2:00 बजे के बाद किसी भी टीम/खिलाड़ी का निबंधन स्वीकार नहीं किया जायेगा।

विशेष जानकारी हेतु श्री धीरेन्द्र सिंह, लिपिक, जिला खेल कार्यालय, कोडरमा (मोबाईल संख्या-9693284071) एवं श्री शिवम राज, कम्प्यूटर ऑपरेटर, जिला खेल कार्यालय, कोडरमा (मोबाईल संख्या-9123120872) से सम्पर्क कर सकते है।

ह0/-
जिला खेल पदाधिकारी,
कोडरमा

PR 308198 (Tourism, Art Culture Sports And Youth Affairs )23-24*D

# सचिव और प्रभारी प्राचार्य के लिए आठ नाम प्रस्तावित

### कृषक उच्च विद्यालय गड़री गुडू में आमसभा

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** डीईओ के निर्देश पर बीईईओ कल्पना तांती की ओर से मंगलवार को कृषक उवि गड़री गुडू में सचिव व प्रभारी प्राचार्य का चुनाव के लिये पोषक क्षेत्र के ग्रामीणों की आमसभा की गयी। इस दौरान लोगों में काफी गहमा-गहमी रही। इसके बाद सचिव के लिये सुनील उरांव, मनोज मुंडा व सुभाष कुमार तथा प्राचार्य पद पर बासुदेव महतो, कुमारी सुनीता कच्छप, प्रदीप कुमार, संजय कुमार महतो व अंजली लकड़ा प्रस्तावित किये गये। सभा में दोनों ही पद के लिये एक-एक उम्मीदवार के नाम पर आम सहमति पर जोर दिया गया, लेकिन ऐसा नहीं हो सका। शोर-शराबे के बीच श्रीमती तांती ने प्रस्तावित सूची लेकर सभा समाप्ति की घोषणा करने के बाद उसे डीईओ को सौंप दी है। योग्यता के अनुसार, वह दो की चयन प्रक्रिया को अंतिम रूप देंगे। सभा में सीआरपी प्रदीप कुमार, बीपीओ हिना नाज, रामनंदन महतो, मोती लाल महतो, महबा मिंज, इंद्रदेव महतो, रामा उरांव, अफरोज अंसारी, सिकंदर महतो, शांति देवी, राजमनी देवी, अनीता मिंज व शीला देवी आदि दर्जनों लोगों ने हिस्सा लिया। इसमें महिलाओं की संख्या अधिक थी। सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम थे। इसकी कमान अवर निरीक्षक कुलेश्वर महतो ने संभाली।

# जीएम ऑफिस के समक्ष संयुक्त मोर्चा का धरना

### 11वां वेतन समझौता

खबर मन्त्र संवाददाता



**खलारी।** सयुक्त मोर्चा के पूर्व से निर्धारित तिथि के अनुसार एनके एरिया महाप्रबंधक कार्यलय के समक्ष एक दिवसीय जोरदार प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन को लेकर मजदूरों का 11 वां वेतन समझौता के संभावित वेतन रोकने एवं एरियर के वापसी को लेकर संयुक्त ट्रेड यूनियनों की एक आवश्यक बैठक 14 सितम्बर को दरभंगा हाउस रांची में हुआ था। जिसमे निर्णय लिया गया था कि एन सी डब्लू ए 11वॉं वेतन को संरक्षित करने एवं किसी भी तरह के संभावित कटौती को रोकने के लिए 3 अक्टूबर को सभी क्षेत्रीय कार्यालयों पर जोरदार प्रदर्शन तय किया गया था। साथ ही मांग नही मानने पर 5 से 7 अक्टूबर को तीन दिवसीय हड़ताल किया जाएगा। इसी निर्णय के अलोक मे एनके क्षेत्र में कार्यरत सभी केंद्रीय श्रम संगठन प्रदर्शन के माध्यम से प्रबंधन को चेतावनी देना चाहते है कि किसी भी परिस्थिति में हमारे एन सी डब्लू, 11वां वेतन समझौते में कोई कटौती नही किया जाय। प्रदर्शन में ललन प्रसाद सिंहएरंथु उरांव, दिनेश भर रतिया गंझू, कृष्णा चौहान, गोल्डेन यादव, डीपी सिंह, मनोज रजक, इरफान खान आदि मौजूद थे।

## बेड़ो : विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने ग्रामीणों की सुनी समस्याएं

**बेड़ो।** क्षेत्र में हो रही लगातार वर्षा के बीच छाता लेकर माण्डर की विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने मंगलवार को बेड़ो प्रखंड के हरिहरपुर जामटोली पंचायत के हुटार और केशा पंचायत के टिकरा टोली गांव का भ्रमण कर ग्रामीणों से उनका हाल-चाल जाना। इस दौरान विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने गांवों के ग्रामीणों से मुलाकात कर गांव की मुलभुत एवं आधारभुत समस्याओ की जानकारी लिया। उन्होंने ग्रामीणों द्वारा उठाए गए जन समस्याओं के जल्द निराकरण कराने का भरोसा दिलाया। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि हम सब एक ही विचार धारा के है और हम सभी को एक विचारधारा के अनुरूप ग्रामीण क्षेत्र के आधारभुत संरचना के विकास के साथ वहां की समस्याओ का समाधान और ग्रामीणों के जीवन को आसान बनाने के प्रति हमेशा एक साथ चलना है। और इसके लिए आपके साथ हमेशा खड़ा रहूंगा। विधायक ने ग्रामीणों को सरकार की सरकारी योजनाओ के बारे मे विस्तार से जानकारी दिया और उसका लाभ लेने को कहा।

कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग
(भूमि संरक्षण निदेशालय, झारखण्ड)
कार्यालय - भूमि संरक्षण पदाधिकारी, खूँटी

छोटे कृषि उपकरण बैंक की स्थापना हेतु निर्माताओं/आपूर्तिकर्त्ताओं एवं अधिकृत विक्रेताओं हेतु महत्वपूर्ण सूचना

सचिव, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखण्ड, राँची के राज्यादेश सं0-95 दिनांक 31.03.2022, राज्यादेश सं0- 41 दिनांक 11.11.2022 तथा अवधि विस्तार पत्रांक 27 दिनांक 21.06.2023 के निदेशानुसार वित्तीय वर्ष 2021-22 एवं 2022-23 हेतु महिला स्वयं सहायता समूहों/महिला सखी मंडल/कृषक समूहों को योजना लागत रूपये 6.25 लाख का 80 प्रतिशत या अधिकतम अनुदान रूपये 5.00 लाख पर छोटे कृषि उपकरण बैंक की स्थापना हेतु मिनी ट्रैक्टर, पावर टीलर, सहायक कृषि यंत्र, राईस ट्रांसप्लांटर एवं कृषि प्रसंस्करण यंत्र इत्यादि के वितरण का प्रस्ताव है।

व्यक्तिगत कृषकों के लिए अधिकतम योजना लागत रू0 2.00 लाख (दो लाख रूपये) रखे जाने एवं इसका 80% या अधिकतम अनुदान रू0 1.60 लाख (एक लाख साठ हजार रूपये) उपलब्ध कराया जायेगा।

राज्यादेश सं0-62 दिनांक 01.02.2023 केन्द्र प्रायोजित RKVY-RAFTAR योजनान्तर्गत Sub Mission On Agriculture Mechanization (SMAM) उपयोजना अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2022-23 में कृषि यांत्रिकीकरण प्रोत्साहन योजनान्तर्गत महिला स्वयं सहायता समूहों को मिनी ट्रैक्टर, पावर टीलर, सहायक कृषि यंत्र, राईस ट्रांसप्लांटर एवं कृषि प्रसंस्करण यंत्र इत्यादि का कुल राशि रू0 10.00 लाख (दस लाख रूपये) की लागत पर क्रय करने हेतु प्रति समूह को निर्धारित दर का 80% या कुल अधिकतम अनुदान रू0 8.00 लाख (आठ लाख रूपये) उपलब्ध कराया जायेगा।

विभागीय योजनान्तर्गत वितरित किये जाने वाले सभी प्रकार के मिनी ट्रैक्टर, पावर टीलर, सहायक कृषि यंत्र, राईस ट्रांसप्लांटर एवं कृषि प्रसंस्करण यंत्र इत्यादि का तकनीकी विशिष्टताओं तथा Expression of Interest (EOI) का निर्धारण निदेशक, भूमि संरक्षण, झारखण्ड, राँची के कार्यालय आदेश सं0-595/राँची, दिनांक-15.09.2022 द्वारा किया जा चुका है।

अतः सभी निर्माताओं/आपूर्तिकर्त्ताओं एवं उनके अधिकृत विक्रेताओं से अनुरोध है कि दिनांक 05.10.2023 को 11:00 पूर्वाहन से अपने मिनी ट्रैक्टर, पावर टीलर, सहायक कृषि यंत्र, राईस ट्रांसप्लांटर एवं कृषि प्रसंस्करण यंत्र इत्यादि का प्रदर्शन दर के साथ भूमि संरक्षण पदाधिकारी, खूँटी के कार्यालय परिसर में करें, ताकि महिला स्वयं सहायता समूहों/महिला सखी मंडल/कृषक समूहों अपनी पसंद एवं आवश्यकता के अनुरूप उक्त योजना के तहत् छोटे कृषि उपकरण बैंक की स्थापना हेतु कृषि यंत्रों का चयन कर सके।

प्रदर्शन का स्थल :-
कार्यालय का पता- भूमि संरक्षण पदाधिकारी, खूँटी, संयुक्त कृषि भवन, खूँटी

भूमि संरक्षण पदाधिकारी,
खूँटी

PR 308148 Agriculture(23-24)#D

# फुटबॉल : मखमंदरो ने पुरियो को हरा जीता मैच

### केडीएच पीओ के खिलाफ धरना

**खलारी।** बिहार कोलयरी कामगार यूनियन सीटू के बैनर तले केडीएच परियोजना पदाधिकारी के खिलाफ अनिश्चितकालीन धरना दिया जा रहा है। बीसीकेयू ;सीटूद्ध केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष रतिया गंझू ने बताया कि पहले रैयतों को नौकरी मुआवजा दे प्रबंधनएउसके बाद खदान का विस्तारीकरण करे। कुछ संगठन व मोर्चा के बहकावे में परियोजना पदाधिकारी और सीसीएल प्रबंधन ना जाय। रैयतों के हक की बात के बिना अनिश्चितकालीन धरना जारी रहेगा।

### विश्व गर्भ निरोधक दिवस मनाया गया

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** प्रखंड में विश्व गर्भ निरोधक दिवस मनाया गया। यूएसएआईडी, एक्सपैंड, सीएचसी, जेएसएलपीएस व ममता एचआईएमसी की ओर से छोटानागपुर राज प्लस टू उच्च विद्यालय मैदान में फुटबॉल प्रतियोगिता आयोजित की गयी। बेथनी कॉन्वेंट स्कूल मखमंदरो ने रोमांचक और सीधे मुकाबले में 4-1 से पराजित कर दिया। पुरस्कार वितरण समारोह में जिला परिषद अध्यक्ष निर्मला भगत बतौर मुख्य तथा प्रमुख संगीता तिर्की, उप प्रमुख रियाजुल अंसारी, आजसू पार्टी के हटिया विधान सभा संगठन प्रभारी भरत कांशी, दक्षिणी पंचायत की मुखिया जयश्री कुमारी, पुरियो मुखिया ज्योति भगत, पंचायत समिति सदस्य नगिया उरांव, कृष्णा ठाकुर व राजीव रंजन मिश्र विशिष्ट अतिथि थे। इस दौरान श्रीमती भगत ने पुरुषों में परिवार नियोजन की आवश्यकता पर जोर देते हुए इसके प्रचार-प्रसार पर विशेष जोर दिया।



उन्होंने खेल के जरिये लोगों को जागरूक बनाने की कोशिश को सराहा। संचालन तैयब अंसारी ने किया। अतिथियों ने विजेता टीम के खिलाड़ियों को पुरस्कृत कर उनके उज्वल भविष्य की कामना की। इससे छात्र बेहद उत्साहित नजर आये। मौके पर डीपीएम पुष्पा दहांगा, शैलेंद्र पांडेय, भूपेंद्र, विरेंद्र, संतोष व सरिता आदि मौजूद थे।

उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, गिरिडीह
(जिला पंचायत शाखा)
Email Id :- dpro-giridih@jharkhandmail.gov.in

त्रिस्तरीय पंचायत उप निर्वाचन, 2023 :
मतदाता सूची के प्रारूप प्रकाशन के संबंध में सूचना

सचिव, राज्य निर्वाचन आयोग, झारखण्ड, राँची के पत्रांक 778(i) दिनांक 12.09.2023 के द्वारा त्रिस्तरीय पंचायत उप निर्वाचन, 2023 के निमित्त इस जिला अंतर्गत सभी 13 प्रखण्डों में स्थापित कुल 183 मतदान केन्द्रों हेतु मतदान केन्द्रवार प्रारूप मतदाता सूची तैयार की गई है। यह प्रारूप मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशन विनिर्दिष्ट स्थानों एवं जिला के आधिकारिक वेबसाईट giridih.nic.in पर आज दिनांक 30.09.2023 को किया जाता है जो दिनांक 09.10.2023 (अवकाश के दिनों को छोड़कर) तक प्रकाशित रहेगा। प्रारूप मतदाता सूची के संदर्भ में कोई मतदाता प्रकाशन के अवधि में पूर्वाह्न 11:00 बजे से अपराह्न 05:00 बजे तक निम्नांकित प्रपत्र में अपना दावा/आपत्ति दे सकते हैं।

| क्रमांक | दावा/आपत्ति का प्रपत्र | विवरण |
|---|---|---|
| 1 | प्रपत्र 'क' | प्रारूप मतदाता सूची में नाम या कोई अन्य प्रविष्टियों के सुधार हेतु (पंचायत निर्वाचन हेतु तैयार की गई प्रारूप मतदाता सूची में नाम या अन्य प्रविष्टियों का सुधार दिनांक 05 .01.2023 को प्रकाशित विधान सभा की मतदाता सूची में अंकित विशिष्टियों के अनुरूप ही होगा) |
| 2 | प्रपत्र 'ख' | प्रारूप मतदाता सूची में किसी मतदाता का नाम किसी वार्ड से अन्य वार्ड में स्थानांतरण हेतु |

प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन एवं इसके संदर्भ में दावा/आपत्ति समर्पित करने का विवरण इस प्रकार है:-

| प्रारूप मतदाता सूची के प्रारूप प्रकाशन का का स्थान | प्रारूप मतदाता सूची के संदर्भ में कोई दावा/आपत्ति समर्पित करने का स्थान | प्रकाशन एवं दावा आपत्ति प्राप्त एवं उसका निराकरण | दावा/आपत्तियों के निष्पादन हेतु प्राधिकृत पदाधिकारी |
|---|---|---|---|
| 1. संबंधित वार्ड<br>2. संबंधित ग्राम पंचायत कार्यालय<br>3. संबंधित प्रखण्ड कार्यालय<br>4 जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय | 1. संबंधित ग्राम पंचायत कार्यालय<br>2. संबंधित प्रखण्ड कार्यालय | 10.10.2023 तक | संबंधित प्रखण्ड विकास पदाधिकारी |

जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी (पंचायत)
-सह-जिला पंचायत राज पदाधिकारी, गिरिडीह।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी (पंचायत)
-सह-उपायुक्त, गिरिडीह।

PR.NO.308138 Panchayati Raj(23-24):D

# बच्चों ने कागज पर उकेरीं वन्य जीवों के प्रति संवेदनाएं

### जैविक उद्यान में स्कूली बच्चों के बीच प्रतियोगिता

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** बिरसा जैविक उद्यान ओरमांझी में मंगलवार को आयोतिज स्कूली बच्चों के बीच निबंध व चित्रांकन प्रतियोगिता में विभिन्न 23 स्कूल के 309 स्कूली छात्र-छात्राएं शामिल हुई। उद्यान के एजुकेशन सेंटर सह ऑडियों विजुवल केंद्र में अलग-अलग कक्षा के लिए आयोजित प्रतियोगिता में वन्यजीव संरक्षण में युवा नेतृत्व पहल और प्रभाव, वन्यजीवों के संरक्षण में सामुदायिक सहयोग व मेरा पशु मित्र मैं अपने समुदाय में वन्यजीवों की सुरक्षा कैसे कर सकता हूं विषय पर निबंध और वन्यजीवों में जलवायु प्रतिवर्तन का प्रभाव, वन्य जीवन और मानव सह अस्तित्व और अपने प्राकृतिक आवास में जंगली पशु विषय पर चित्रांकन प्रतियोगिता हुआ। स्कूली छात्र-छात्राओं ने अपनी जानकारी व वन्य जीवों की संरक्षण के प्रति अपनी भावना को कागज पर उकेरा। एसीएफ आषोक कुमार ने कहा स्कूली बच्चों ने अपने निबंध व चित्रांकन में स्कूली बच्चों में काफी उत्साह था।



निरीक्षण करते उद्यान के पशु चिकित्सक ओपी साहू।

### उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले होंगे सम्मानित

प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विजेता छात्र-छात्राओं को पुरस्कार दे सम्मानित किया जाएगा। मौके पर पशु चिकित्सक डॉ ओमप्रकाष साहू, साथ वन क्षेत्र पदाधिकरी रामबाबू कुमार, प्रमोद कुमार, जीव विज्ञानी विवेक कुमार, वनरक्षी राकेश अवस्थी, लालन कुमार, मुकेश कुमार, अमित कुमार, उद्यान कर्मी और बच्चों के अभिभावक व शिक्षकगण उपस्थित थे।

# गहरी साजिश नाकाम

देश के विभिन्न हिस्सों में सीरियल बम ब्लास्ट की योजना का पर्दाफाश करते हुए दिल्ली पुलिस के विशेष शाखा ने दो संदिग्ध को गिरफ्तार किया है। इनमें हजारीबाग और गढ़वा के निवासी भी शामिल हैं। इनमें शाहनवाज आलम उर्फ अब्दुल्ला उर्फ प्रिंस हजारीबाग का जबकि रिजवान अशरफ लखनऊ का रहने वाला है। आने वाले पर्व त्योहार के दिनों में इनकी बम ब्लास्ट करने की योजना थी। सबसे खतरनाक योजना अयोध्या के राम मंदिर को उड़ाने की थी। निश्चित तौर पर ये खतरनाक योजना देश के बाहरी आंतकी संगठनों के द्वारा तैयार की जा रही है। पाकिस्तान विगत कई दशक के भारत के विकास को पचा नहीं पा रहा है। वर्तमान समय में जब देश में लगातार शांति का माहौल है और सीरियल बम ब्लास्ट जो विगत दशक में हुआ करते थे वे बंद है तब आंतक के आकाओं को परेशानी हो रही है। देश में आंतकी मॉड्यूल का सक्रिय होना निश्चित तौर पर सभी राज्यों के लिये एक संदेश है कि वे अपने गोपनीय शाखा और पुलिस प्रशासन तंत्र को सक्रिय रखे। देश में आने वाले समय में लोक सभा चुनाव के साथ ही तीन बड़ें राज्यों में विधानसभा के चुनाव हैं। एक बड़ें कार्यक्रम में 22 जनवरी को राम मंदिर का उद्घाटन भी होना तय हो चुका है। ऐसे में सभी राज्यों की पुलिस को चाक चौंबद व्यवस्था के लिये तत्पर रखना होगा। देश की सुरक्षा से बढ़कर राजनीति नहीं हो सकती है। कुछ राज्यों में वोट बैंक की राजनीति को लेकर सुरक्षा के बिंदुओं पर कड़ाई न हो पाने से उसके गलत और भयावह परिणाम भी आते हैं। एक दौर था जब देश के सभी बड़ें महानगरों में सीरियल बम ब्लास्ट हुए थे जिससे आंतक का वातावरण बना था। देश विरोधी लोगों का कोई जाति, धर्म नहीं होता उन पर नजर रखने की जरूरत है।


# एक गंभीर खतरा

स्वास्थ्य के समक्ष गंभीर खतरा पैदा होने पर बचाव के लिए लोग प्रायः प्रतिजैविक (एंटीबायोटिक) लेते हैं। मगर अब ऐसी दवाएं हमें बीमार करने वाले रोगाणुओं को मारने में निष्प्रभावी साबित हो रही हैं। यह स्थिति एंटीबायोटिक के आवश्यकता से अधिक एवं गैर-जरूरी इस्तेमाल के कारण उत्पन्न हुई है। अब रोगाणु एंटीबायोटिक के खिलाफ प्रतिरोध क्षमता विकसित कर लेते हैं। एएमआर अब लोगों की जान के लिए खतरा बन गया है। अनुमानों के अनुसार एंटीबायोटिक के बेअसर रहने से 2019 में लगभग 50 लाख लोगों की जान चली गई। नए एंटीबायोटिक भी कम हो गए हैं या एक तरह से आने बंद हो गए हैं। इन दवाओं पर शोध, इनके विकास एवं खोज के कारोबार से जुड़ी कंपनियां अब धीरे-धीरे कन्नी काट रही हैं। यह स्थिति लगातार बनी रही तो इसका अर्थ यह होगा कि आने वाले समय में हम तीन तरफा मुश्किलों में घिर जाएंगे। पहली मुश्किल तो यह खड़ी होगी कि जिन एंटीबायोटिक का हम इस समय इस्तेमाल कर रहे हैं वे निष्प्रभावी हो जाएंगे, दूसरी मुश्किल यह होगी कि नए एंटीबायोटिक उपलब्ध नहीं रहेंगे और तीसरी मुश्किल यह कि सभी लोगों के लिए इन दवाओं तक पहुंच सुनिश्चित करने की आवश्यकता अत्यंत बढ़ जाएगी।

1940 के दशक में दूसरे विश्व युद्ध के बाद पेनिसिलिन का बड़े पैमाने पर उत्पादन शुरू हुआ था। पेनिसिलिन पहली एंटीबायोटिक दवा है जिसकी खोज 1928 में हुई थी। उसके बाद से इन दवाओं पर दुनिया की निर्भरता काफी बढ़ गई। बाद के दशकों में और कई खोजें हुई।यह हमारे स्वास्थ्य के लिए विषम एवं आपात आपात स्थिति होगी और संभवतः दुनिया ने अब तक जितनी मुश्किलें देखी हैं उनमें सर्वाधिक गंभीर होगी।

# कला ऐसी कि पत्थरों से भी आवाज निकले





-फिरदौस खान

> दिल्ली के कोटला फिरोजशाह में गाईड एक भूल-भूलैया के पास गूजरी रानी के ठिकाने का भी ज़िक्र करते हैं। तभी हिसार के गूजरी महल में अद्भुत भूल-भूलैया आज भी देखी जा सकती है।काबिले-गौर है कि हिसार को फिरोजशाह तुगलक के वक़्त से हिसार कहा जाने लगा, क्योंकि उसने यहां हिसार-ए-फिरोजा नामक कि ला बनवाया था। 'हिसार' फारसी भाषा का शब्द है, जिसका अर्थ है 'कि ला'।

ये कहानी है दिल्ली के शहजादे और हिसार की शहजादी की। उनकी मुहब्बत की। गूजरी महल की तामीर का तसव्वुर सुलतान फि रोजशाह तुगलक ने अपनी महबूबा के रहने के लिए किया था। शायद यह किसी भी महबूब का अपनी महबूबा को परिस्तान में बसाने का ख़्वाब ही हो सकता था और जब गूहरी महल की तामीर की गई होगी। तब इसकी बनावट, इसकी नक्काशी और इसकी खूबसूरती को देखकर खुद भी इस पर मोहित हुए बिना न रह सका होगा।

हरियाणा के हिसार कि ले में स्थित गूजरी महल आज भी सुल्तान फिरोजशाह तुगलक और गूजरी की अमर प्रेमकथा की गवाही दे रहा है। गूजरी महल भले ही आगरा के ताजमहल जैसी भव्य इमारत न हो, लेकिन दोनों की पृष्ठभूमि प्रेम पर आधारित है। ताजमहल मुगल बादशाह शाहजहां ने अपनी पत्नी मुमताज की याद में 1631 में बनवाना शुरू किया था, जो 22 साल बाद बनकर तैयार हो सका। हिसार का गूजरी महल 1354 में फिरोजशाह तुगलक ने अपनी प्रेमिका गूजरी के प्रेम में बनवाना शुरू किया, जो महज दो साल में बनकर तैयार हो गया। गूजरी महल में काला पत्थर इस्तेमाल किया गया है, जबकि ताजमहल बेशक ीमती सफेद संगमरमर से बनाया गया है। इन दोनों ऐतिहासिक इमारतों में एक और बड़ी असमानता यह है कि ताजमहल शाहजहां ने मुमताज की याद में बनवाया था। ताज एक मकबरा है, जबकि गूजरी महल फिरोजशाह तुगलक ने गूजरी के रहने के लिए बनवाया था, जो महल ही है।

गूजरी महल की स्थापना के लिए बादशाह फिरोजशाह तुगलक ने कि ला बनवाया। यमुना नदी से हिसार तक नहर लाया और एक नगर बसाया। कि ले में आज भी दीवान-ए-आम, बारादरी और गूजरी महल मौजूद हैं। दीवान-ए-आम के पूर्वी हिस्से में स्थित कोठी फिरोजशाह तुगलक का महल बताई जाती है। इस इमारत का निचला हिस्सा अब भी महल-सा दिखता है। फिरोजशाह तुगलक के महल की बंगल में लाट की मस्जिद है। अस्सी फीट लंबे और 29 फीट चौड़े इस दीवान-ए-आम में सुल्तान कचहरी लगाता था। गूजरी महल के खंडहर इस बात की निशानदेही करते हैं कि कभी यह विशाल और भव्य इमारत रही होगी।

सुल्तान फिरोजशाह तुगलक और गूजरी की प्रेमगाथा बड़ी रोचक है। हिसार जनपद के ग्रामीण इस प्रेमकथा को इकतारे पर सुनते नहीं थकते। यह प्रेम कहानी लोकगीतों मेंमुखरित हुई है। फिरोजशाह तुगलक दिल्ली का सम्राट बनने से पहले शहजादा फिरोज मलिक के नाम से जाने जाते थे। शहजादा अकसर हिसार इलाके के जंगल में शिकार खेलने आते थे। उस वक्त यहां गूजर जाति के लोग रहते थे। दुधारू पशु पालन ही उनका मुख्य व्यवसाय था। उस काल में हिसार क्षेत्र की भूमि रेतीली और ऊबड़-खाबड़ थी। चारों तरफ घना जंगल था। गूजरों की कच्ची बस्ती के समीप पीर का डेरा था। आने-जाने वाले यात्री और भूले-भटके मुसाफि रों की यह शरणस्थली थी। इस डेरे पर एक गूजरी दूध देने आती थी। डेरे के कुएं से ही आबादी के लोग पानी लेते थे। डेरा इस आबादी का सांस्कृतिक केंद्र था।

एक दिन शहजादा फिरोज शिकार खेलते-खेलते अपने घोड़े के साथ यहां आ पहुंचा। उसने गूजर कन्या को डेरे से बाहर निकलते देखा तो उस पर मोहित हो गया। गूजर कन्या भी शहजादा फिरोज से प्रभावित हुए बिना न रह सकी। अब तो फिरोज का शिकार के बहाने डेरे पर आना एक सिलसिला बन गया। फिरोज ने गूजरी के समक्ष विवाह का प्रस्ताव रखातो उस गूजर कन्या ने विवाह की मंजरी तो दे दी, लेकिन दिल्ली जाने से यह कहकर इंकार कर दिया कि वह अपने बूढ़े माता-पिता को छोड़कर नहीं जा सकती। फिरोज ने गूजरी को यह कहकर मना लिया कि वह उसे दिल्ली नहीं ले जाएगा।

1309 में दयालपुल में जन्मा फिरोज 23 मार्च 1351 को दिल्ली का सम्राट बना। फिरोज की मां हिन्दू थी और पिता तुर्क मुसलमान था। सुल्तान फिरोजशाह तुगलक ने इस देश पर साढ़े 37 साल शासन किया। उसने लगभग पूरे उत्तर भारत में कलात्मक भवनों, किलों, शहरों और नहरों का जाल बिछाने में ख्याति हासिल की। उसने लोगों के लिए अनेक कल्याणकारी काम किए। उसके दरबार में साहित्यकार, कलाकार और विद्वान सम्मान पाते थे।

दिल्ली का सम्राट बनते ही फिरोजशाह तुगलक ने महल हिसार इलांके में महल बनवाने की योजना बनाई। महल कि ले में होना चाहिए, जहां सुविधा के सब सामान मौजूद हों। यह सोचकर उसने कि ला बनवाने का फैसला किया। बादशाह ने खुद ही करनाल में यमुना नदी से हिसार के कि ले तक नहरी मार्ग की घोड़े पर चढ़कर निशानदेही की थी। दूसरी नहर सतलुज नदी से हिमालय की उपत्यका से कि ले में लाई गई थी। तब जाकर कहीं अमीर उमराओं ने हिसार में बसना शुरू किया था।

किवदंती है कि गूजरी दिल्ली आई थी, लेकिन कुछ दिनों बाद अपने घर लौट आई। दिल्ली के कोटला फिरोजशाह में गाईड एक भूल-भूलैया के पास गूजरी रानी के ठिकाने का भी ज़िक्र करते हैं। तभी हिसार के गूजरी महल में अद्भुत भूल-भूलैया आज भी देखी जा सकती है।

काबिले-गौर है कि हिसार को फिरोजशाह तुगलक के वक़्त से हिसार कहा जाने लगा, क्योंकि उसने यहां हिसार-ए-फिरोजा नामक कि ला बनवाया था। 'हिसार' फारसी भाषा का शब्द है, जिसका अर्थ है 'कि ला'। इससे पहले इस जगह को 'इसुयार' कहा जाता था। अब गूजरी महल खंडहर हो चुका है। इसके बारे में अब शायद यही कहा जा सकता है-

सुनने की फुर्सत हो तो आवाज है पत्थरों में

उजड़ी हुई बस्तियों में आबादियां बोलती हैं...

(लेखिका शायरा, कहानीकार व पत्रकार हैं)

## खास बात

# नफरत फैलाने वालों पर हो कार्रवाई

**जीवीएस शास्त्री**

देश की शीर्ष अदालत ने आखिरकार सख्त टिप्पणी करते हुए चेता दिया है कि देश के संविधान में एक धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र की परिकल्पना की गई है। नफरत फैलाने वाले बयानों और भाषणों को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। कई राज्यों में सांप्रदायिक तनाव बढ़ाने वाले बयानों के मामले सामने आने के बाद कोर्ट ने संबंधित राज्यों की पुलिस को दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिये थे। इस मामले में जरूरी कार्रवाई न होने के बाद कोर्ट ने प्रशासन को चेताया है कि यदि प्रशासन ऐसे मामलों में सख्ती नहीं दिखाता है तो उसके खिलाफ अवमानना की कार्रवाई होगी।

दरअसल, कोर्ट ने दिल्ली, उत्तर प्रदेश व उत्तराखंड पुलिस को इस बाबत कार्रवाई करने के लिये नोटिस भी भेजे थे। हाल ही में एक सभा में संप्रदाय विशेष के लोगों के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने के आरोप दिल्ली के भाजपा सांसद पर लगे थे। इसे अल्पसंख्यकों को निशाने पर लेने तथा भयभीत करने वाला बयान बताते हुए इसके बाबत अदालत में याचिका दायर की गई थी, जिसके आलोक में कोर्ट ने हालिया टिप्पणी की थी। इससे पहले कई राज्यों में आयोजित धर्म संसदों में भी जहरीले बोल सामने आये थे, जिसकी देश ही नहीं बल्कि कई अन्य देशों में भी तीखी प्रतिक्रिया हुई थी।

इस पर अदालत ने इन राज्यों की पुलिस से दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने को कहा था। अदालत का कहना था कि पुलिस प्रशासन ऐसे मामलों में किसी रिपोर्ट लिखवाने का इंतजार करे बिना स्वतः संज्ञान लेते हुए तुरंत कार्रवाई करे। कहने की बात नहीं कि ऐसे भड़काऊ बयानों से सामाजिक समरसता को आंच आती है।

समाज में नफरत बढ़ने से टकराव की स्थिति पैदा होती है। विडंबना यह कि जिन राजनीतिक दलों को इन बयानों से लाभ होता नजर आता है उनकी तरफ से भी ऐसे तत्वों के खिलाफ कोई कार्रवाई होती नजर नहीं आती, जिससे ऐसे नकारात्मक सोच वाले तत्वों के हौसले बुलंद होते हैं।

# वन गमन की आज्ञा

## विचार-प्रवाह

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**

श्री राम के वन गमन को लेकर आमसोच यह है कि पिता की आज्ञा से वे वन गये। लेकिन राम के मोह से आहत महाराज दशरथ इस स्थिति में नहीं थे कि कोई आज्ञा दे सके। प्रजा के सामने तो आज्ञा गुरु वशिष्ठ से ही ली और यही सच है। श्री राम अपने जीवन काल में दो बार ही अयोध्या से बाहर निकले हैं औरदोनों बार गुरु के आदेश से ही निकले हैं। पहली बार जब जनकपुर गये तो राजा दशरथ भेजना नहीं चाहते थे लेकिन गुरु वशिष्ठ क समझाने के बाद तैयार हुए। दूसरी बार जब जंगल गये तो कैकेयी जी का नाम दिया जरूर लेकिन राजा दशरथ भेजना नहीं चाहते थे। हृदय मानाव भोरु हाई । रामहिं जाई कहै जनि कोई। राम न जाए ऐसा दशरथ सोच रहे थे। वे जंगल अगर गये है तो पिता की आज्ञा से नहीं गये हैं बल्कि गुरु की आज्ञा से गये हैं। लेकिन नीतिवश जब कही भी बात होती है तब श्रीराम कहते हैं हैं कि वे पिता की आज्ञा से वन में गये हैं। जब हुनमान जी से परिचय हुआ था तब श्रीराम ने कहा था कि हम पितृ बचन मान वन आये। तो ये दिखा रहें हैं कि वे पिता की मर्यादा की भी रक्षा करना चाहते हैं। दुनिया यह नहीं समझें कि दशरथ जी इनको नहीं भेजे हैं। ये कहते हैं पिता ने हमको भेजा है वे वरदान दिये थे उसी वरदान के तहत भेजा है। एक ओर मर्यादा की भी रक्षा कर रहे थे तो दूसरी ओर अपनी भक्ति भी कर रहे थे। प्रजा के समझ जो बात सामने आई थी वही मूल बात थी क्योंकि गुरु आज्ञा से ही श्री राम ने अपने जीवन को धर्म रक्षित किया था। इसी कारण वे मर्यादा पुरुषोत्तम कहलाये। श्री राम की गुरु भक्ति संपूर्ण संसार के लिये प्रेरणा की श्रोत है। **(ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम)**

**आत्म-विश्वास**

सफलता का मार्ग प्रशस्त करता है। कर्तव्यों और दायित्वों को निष्ठा के साथ निभायें और प्रत्येक कार्य उत्साह तथा कुशलतापूर्वक करने का अभ्यास बनायें, स्मरण रहे कि ईश्वर की कृपा और सामर्थ्य आपके संकल्प सिद्धि की लिए हर पल सहयोगी है !

**– स्वामी अवधेशानंद गिरी**

## आपके ट्वीट

सत्य, अहिंसा और प्रेम का अटल जीवन जी कर पूरे विश्व को शांति, सद्भावना, मानवता और अधिकार का संदेश देने वाले राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की जयंती पर शत-शत नमन।

**-हेमंत सोरेन**





**जीवन** को जानना एक खोज है, उसे कुछ भूल-भटककर ही जाना जा सकता है ।

कभी पश्चात्ताप के स्वर में मैंने भी कहा था , जीवन भूल का इतिहास है।

**– अमिताभ बच्चन**

## कार्टून वर्ल्ड




## लेटर टू एडिटर

### चुनावी वादे

**चुनाव** के नजदीक आते ही हर दल द्वारा लोकलुभावन घोषणाओं का अम्बार लग जाता है। मगर सीधा-सा गणित है कि मुफ्त के वादों को पूरा करने के लिए अतिरिक्त पैसा चाहिए जिसकी वजह से राज्य कर्ज में फंसती जा रही हैं। ऐसे में रेवड़ी कल्चर पर चुनाव आयोग या शीर्ष अदालत को रोक लगानी चाहिए। ऐसे चुनावी वादों से चुनाव भी प्रभावित होते हैं

**-पूनम, जमशेदपुर**

### राजनीतिक दांव

**दिल्ली** में प्रदूषण, अतिक्रमण, ट्रैफिक जाम, कूड़ा प्रबंधन की अव्यवस्था, प्रदूषित यमुना एवं महिलाओं पर बढ़ते अपराध के मुद्दे दब कर रह जाना दिल्ली वालों के लिए गंभीर चिंता का विषय होने चाहिए। आम आदमी पार्टी का यह राजनीतिक दांव बीजेपी को उसके घर में उसी की पिच पर घेरने की रणनीति का एक हिस्सा है। केजरी हुए फ्लॉप तबयाद आये गणेश।

**- वीरेंद्र कुमार, रांची**

# 2024 विश्व कप क्रिकेट का रोमांच और रिकार्ड पर नजर



**सत्यनारायण गुप्ता**

## खेल

क्रिकेट का महाकुंभ 5 अक्टूबर से 19 नवंबर तक चलेगा। विश्व कप में कौन-कौन खिलाड़ी खेलेंगे इसकी घोषणा हो चुकी है। लगभग सभी भारतीय खिलाड़ी अपना फॉर्म पा चुके हैं इसलिए क्रिकेट प्रेमियों की उम्मीदें सातवें आसमान पर है। इस बार भी इंतजार है क्रिकेट के पुराने रिकॉर्ड टूटने और नए रिकॉर्ड बनने के। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद आईसीसी द्वारा हर चार साल में आयोजित की जाने वाली यह प्रतियोगिता सबसे पहले 1975 में इंग्लैंड में आयोजित की गई थी। एकदिवसीय क्रिकेट विश्व कप में भारत का सफर तभी से शुरू हुआ था।लेकिन 1975 में इंग्लैंड के खिलाफ भारत का प्रदर्शन और विशेष रूप से देश के महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर का प्रदर्शन बिल्कुल ही सराहनीय और स्मरणीय नहीं था। तब 60 ओवर के मैच खेले जाते थे और उस मैच में हमारे महान बल्लेबाज लिटिल मास्टर सुनील गावस्कर ने 60 ओवरों में 174 गेंद खेल कर मात्र 36 रन बनाए थे। अब साठ ओवरों के मैच तो खेले नहीं जाते।

सचिन तेंदुलकर का रिकॉर्ड गौरवशाली है। 6 विश्व कप में उनके द्वारा बनाए गए 2278 रन किसी भी खिलाड़ी द्वारा विश्व कप में अब तक बनाए गए सर्वाधिक रन हैं । सचिन तेंदुलकर को ही विश्व कप में सर्वाधिक आठ बार मैन ऑफ द मैच पुरस्कार मिला है। ऑस्ट्रेलिया खिलाड़ी रिकी पोंटिंग ने वर्ल्ड कप में सर्वाधिक 46 मैच खेले हैं ।इसवर्ल्ड कप में सबसे ज्यादा 71 विकेट लेने का रिकॉर्ड भी ऑस्ट्रेलिया के गेंदबाज ग्लेन मैक्ग्रा के नाम है ।किसी एक मैच में किसी बल्लेबाज द्वारा बनाया गया सर्वोच्च स्कोर 237 रन है जो न्यूजीलैंड के बल्लेबाज मार्टिन गुप्टिल द्वारा 2015 के विश्व कप में जिंबॉब्वे के खिलाफ बनाया गया था। वर्ल्ड कप में सबसे ज्यादा छक्के लगाने का रिकार्ड वेस्टइंडीज के खिलाड़ी क्रिस गेल के नाम है जो कुल 40 छक्के लगा चुके हैं। भारतीय खिलाड़ी चेतन शर्मा पहली बार हैट्रिक लेने का कमाल कर चुके हैं । 1987 वर्ल्ड कप में उन्होंने हैट्रिक लिया था । पाकिस्तान के शाहिद अफरीदी चार विश्व कप में एक मैच में चार-चार विकेट लेने का कमाल कर चुके हैं। क्रिकेट विश्व कप प्रतियोगिता में किसी टीम द्वारा बनाया गया अब तक का सर्वोच्च स्कोर 417 रन है यह स्कोर ऑस्ट्रेलिया टीम ने 2015 के विश्व कप में अफगानिस्तान के खिलाफ बनाया था। क्लाइव लायड और रिकी पोंटिंग दो ऐसे कप्तान हैं जिन्होंने दो बार क्रिकेट विश्व कप जीता है लायड ने 1975 और 1979 में और पोंटिंग ने 2003 और 2007 में विश्व कप जीता था। विश्व कप में ऑस्ट्रेलिया सबसे सफल टीम है जिसने सर्वाधिक 5 बार वर्ल्ड कप जीता है ऑस्ट्रेलिया ने विश्व चैंपियन का यह किताब 1987, 1999, 2003 , 2007 और 2015 में जीता।

श्रीलंका के लसिथ मलिंगा 2007 के विश्व कप में लगातार चार गेंद में चार विकेट लेने वाले एकमात्र खिलाड़ी बने। हर्सल गिब्स एकमात्र खिलाड़ी हैं,जिन्होंने एक दिवसीय मैच में एक ओवर में छह छक्के लगाए हैं। 2007 के वर्ल्ड कप में उन्होंने हॉलैंड के खिलाफ यहरिकॉर्ड बनाया था। नीदरलैंड्स के नोलन इवार्ट क्लार्क 1996 में क्रिकेट के विश्व खेल विश्व कप खेलने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी थे, उन्होंने 47 वर्ष की उम्र में विश्व कप में हिस्सा लिया था।

वहीं बांग्लादेश के ताल्हा जुबेर विश्व कप में सबसे कम उम्र के खिलाड़ी थे जिन्होंने 2003 के विश्व कप में मात्र 17 वर्ष की उम्र में हिस्सा लिया था। भारत एकमात्र देश है जिसे 60, 50 और 20 ओवर के क्रिकेट विश्व कप जीते हैं।

# प्रयागराज सहित कई शहरों में कूड़ें से बनेगी सीएनजी



**सुधांशु कुमार**

## पर्यावरण

देश के सबसे स्मार्ट शहर इंदौर की तर्ज पर अब उत्तर प्रदेश के भी लखनऊ, गाजियाबाद, प्रयागराज और गोरखपुर में कूड़े से सीएनजी बनेगी। लखनऊ, गाजियाबाद और प्रयागराज में गीले कूड़े से सीएनजी बनाने के लिए कंपनी का चयन हो गया है जबकि जल्दी ही गोरखपुर में भी परियोजना पर काम शुरू होगा। सीएनजी प्लांट से जैविक खाद भी बनेगी जिसका इस्तेमाल गंगा व यमुना के किनारे की जमीन पर खेती में किया जाएगा। सीएनजी प्लांट निजी सार्वजिनक सहभागिता (पीपीपी) के आधार पर लगाए जाएंगे।

इन सभी शहरों में गीले कूड़े से सीएनजी बनाने के प्रस्ताव को प्रदेश सरकार ने मंजूरी दे दी है। स्वच्छ भारत मिशन उत्तर प्रदेश ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है। सभी शहरों में कूड़े से हर रोज 34000 किलो सीएनजी बनाई जाएगी जो कि नगर निकायों को बाजार भाव से कम कीमत पर मिलेगी। सीएनजी बनाने में रोजाना 1000 टन कचरा इस्तेमाल किया जाएगा। लखनऊ, गाजियाबाद, प्रयागराज नगर निगम इस कचरे को सीएनजी बनाने वाली कंपनी को उपलब्ध कराएंगे।

कूड़े से सीएनजी बनने वाले प्लांट के लग जाने के बाद निस्तारण प्लांट पर लोड कम होगा। हर साल इन शहरो मे करीब 3.65 लाख टन कूड़ निस्तारण प्लांट में जाने से बचेगा। सीएनजी बनाने के लिए नगर निगम घरों से एकत्र होने वाले गीले कचरे को देगा।

कूड़े से सीएनजी बनाने के लिए नगर निगम संबंधित कंपनी को जमीन उपलब्ध कराएगी। लखनऊ व गाजियाबाद में एवर इनवायरो रिसोर्स मैनेजमेंट को तो प्रायगराज में इंडो इनवायरों इंटीग्रेटेड सोल्यूशन को चयनित किया गया है। इन कंपनियों को संबंधित नगर निगमों ने एक रुपये सालाना के सांकेतिक शुल्क पर लीज पर जमीन उपलब्ध कराएगी। प्लांट लगाने का खर्च चयनित कंपनी उठाएगी जबकि गाजियाबाद व लखनऊ नगर निगम इसके लिए 12-12 एकड़ जमीन शहर के बाहरी हिस्से में देंगे। प्रयागराज व गोरखपुर में सीएनजी प्लांट लगाने के लिए 10-10 एकड़ जमीन दी जाएगी।

अधिकारियों ने बताया कि सीएनजी बनाने वाली कंपनी नगर निगमों को रायल्टी भी देगी। यह रायल्टी सीएनजी को बाजार में बेंचने के एवज में दी जाएगी। लखनऊ व गाजियाबाद नगर निगम को चयनित कंपनी 74 लाख रुपये प्रत्येक के हिसाब से रायल्टी देगी जबकि प्रयागराज नगर निगम को 56 लाख रुपये सालाना मिलेंगे। सबसे ज्यादा लखनऊ व गाजियाबाद 300 टन प्रतिदिन गीला कचरा सीएनजी बनाने के लिए उपलब्ध कराएंगे जबकि प्रयागराज नगर निगम 200 टन कचरा देगा। इन सीएनजी प्लांटों के जरिए से 3000 से ज्यादा लोगों को प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रोजगार मिलेगा। सीएनजी प्लांट से जैविक खाद भी बनेगी जिसका इस्तेमाल गंगा व अन्य नदियों के किनारे खेती के लिए किया जाएगा। देश में कूड़ा शहरों के लिये एक समस्या है लेकिन जिस प्रकार वैज्ञानिक अनुसंधान हो रहें हैं उससे यह तय हो गया है कि आने वाले में यह कूड़ा खाद, गैस सहित कई उपयोगी उत्पाद बनाने के काम आयेगें। देश के लिये यह एक वरदान साबित होगा। कचड़ा प्रबंधन की दिशा में यह बड़ी सफलता है।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## स्पीड न्यूज

### ग्रामीणों ने ली स्वच्छता की शपथ



**रजरप्पा।** पंचायत सचिवालय बडकीपोना में महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती धूमधाम मनाई गई। इस अवसर पर विशेष ग्राम सभा हुआ, जिसकी अध्यक्षता मुखिया अरविंद कुमार सिंह ने की। उपस्थित ग्रामीणों ने अपने-अपने क्षेत्र को स्वच्छ रखने का शपथ ली। मौके पर पंचायत सेवक अनिल कुमार महतो, योगेश प्रसाद, रोजगार सेवक शत्रुधन सिन्हा, पंसस शम्भु कुमार, पंसस बेबी कुमारी, वार्ड सदस्य जया देवी, सुनीता राज मेहता विक्की रविदास सहित कई मौजूद थे।

### रोटरी क्लब ने लगाया रक्तदान शिविर



**रामगढ़।** पंचवटी अपार्टमेंट में रोटरी क्लब रामगढ़ सिटी एवं पंचवटी फ्लैट ओनर्स एसोसिएशन के संयुक्त तत्वाधान में मंगलवार को रक्तदान शिविर लगा। मौके पर क्लब के अध्यक्ष रवि अग्रवाल ,पंचवटी फ़्लैट एसोसिएशन के अध्यक्ष अनिल गोयल एवं चिकित्सकों की टीम ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। शिविर में 45 यूनिट ब्लड एकत्रित कर ब्लड बैंक में जमा किया गया। क्लब के अध्यक्ष रवि अग्रवाल कहा कि रक्तदान महादान है । मौके पर सचिव दीपक अग्रवाल, रूपेश गुप्ता ,विकास अग्रवाल ,हरीश चौधरी, प्रकाश अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, सूरज अग्रवाल आदि मौजूद थे।

### संयुक्त मोर्चा का जोरदार प्रदर्शन

**चरही** ।संयुक्त मोर्चा श्रमिक संगठन के बैनर तले मंगलवार को नए वेतन मांग को लेकर सीसीएल हजारीबाग क्षेत्र के चरही महाप्रबंधक कार्यालय के समक्ष जोरदार प्रदर्शन किया। प्रबंधन से मांग करने लगे कि मजदूरों और कामगारों का वेतन एनसीडब्लूए 11 के हिसाब से दिया जाय।पुराने रेट का वेतन मंजूर नहीं है।संयुक्त मोर्चा के लोगों ने प्रबंधन से मांग की इस मांग को तत्काल पूरा किया जाय। मौके पर संयुक्त मोर्चा के रणविजय सिंह,बसंत राव,मदन महतो,राजेन्द्र सिंह,राजू महतो,सुजीत झा, पंकज सिंह,पुष्पा मिंज,माया मेहता व अन्य शामिल थे।

### वारिश से नारायणपुर में धंसा घर

**टाटीझरिया ।** नारायणपुर गांव मे लगातार वर्षा होने के कारण मिट्टी ईट कोरकेट से निर्मित रोहित कुमार पिता चेतलाल महतो का घर क्षतिग्रस्त होते हुए गिर गया। विधायक प्रतिनिधि प्रविल प्रसाद ने कहा कि रोहित कुमार गरीब परिवार के श्रेणी मे आते है बहुत ही मशक्कत से घर निर्माण कर परिवार का भरण पोषण करता है। उन्होंने कहा कि घर के दीवाल टूटने से पीड़ित परिवार को हल्की चोट आई है जो जानलेवा दुर्घटना होने से बाल बाल बच गए। भुक्तभोगी ने सरकार से पीएम आवास की मांग की।

### लावारिस वृद्ध महिला का निधन

**कुजू।** कुजू पश्चिमी पंचायत के रामनगर में कई वर्षों से रह रही लावारिश और बेसहारा महिला पवना देवी की मौत मंगलवार की दोपहर हो गई। जिसके बाद ग्रामीणों के द्वारा कुजू पश्चिमी मुखिया जय कुमार ओझा को सूचना दी। उन्होंने त्ववरित कार्रवाई करते हुए मुखिया जयकुमार ओझा ने मांडू बीडीओ सुधीर प्रकाश, अंचलाधिकारी मांडू मोहम्मद मुदस्सर मंसूरी और चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर रश्मि सांगा को जानकारी दी। जिस पर ग्रामीणों की उपस्थिति में स्थानीय लोगों को विधि विधान के साथ दाह संस्कार कराने का दिशा निर्देश देते हुए कफन और संस्कार के सामानों का सहयोग किया।

### बेस में जितिया मेला सात को

**कटकमदाग।** बेस पंचायत के ग्राम बेस में देवी मंडप के प्रांगण में जितिया मेला का उद्घाटन सात अक्टूबर को किया जायेगा। इसी को लेकर एक बैठक हुई। बैठक में बेस के ग्रामीणों ने ग्राम सभा द्वारा पूर्व पंचायत समिति तिलेश्वर गंझू के नेतृत्व में जितिया कमेटी का गठन किया। मेले को सफल बनाने हेतु अध्यक्ष पद के लिए विक्की कुमार धान, उपाध्यक्ष सुरेंद्र राम, सचिव भुवनेश्वर गंझू, उपसचिव वकील गंझू, कोषाध्यक्ष करण साव को बनाया गया। बैठक में कमेटी द्वारा यह निर्णय लिया है कि इस मेले में शराब, हड़िया, दारू जैसे नशीले पदार्थो का पूर्णत: निषेध रहेगा। अगर कोई भी व्यक्ति शराब बेचते हुए पकडे जाते है तो उनका शराब जितिया कमेटी द्वारा नष्ट कर दंडित किया जायेगा। मेला का उद्घाटन मुखिया दीपक यादव करेंगे।

### समाजसेवी लक्ष्मी लाल अग्रवाल का निधन

**कटकमसांडी।** प्रखंड के जाने माने 90 वर्षीय समाज सेवी लक्ष्मी लाल अग्रवाल का सोमवार रात निधन हो गया। उन्होंने अंतिम सांस अपने निवास स्थान पर ली। उनकी निधन की खबर से कटकमसांडी में शोक की लहर छा गई। बता दें कि वे कटकमसांडी भाजपा के युवा तेज तरार कार्यकर्ता अनुराग मित्तल उर्फ सीकू के का दादा थे। सदर विधायक मनीष जायसवाल ने कहा कि अकस्मात उनका चले जाना अपूर्णीय क्षति है। उनके अंतिम संस्कार में विधायक प्रतिनिधि किशोरी राणा, राजद के जिला अध्यक्ष हिरामन यादव उर्फ चरका यादव , शिशुपाल सिंह, अशोक राम, रामचरित्र पांडेय, मनोज अग्रवाल समेत कई गणमान्य लोग शामिल हुए।

### बोलेरो के चपेट में आने से बाइक सवार घायल

**चरही।** आकाशगंगा के समीप एनएच-33 पर मंगलवार सुबह 9:30 बजे चरही स्टेट बैंक के पास सड़क दुर्घटना में दो युवक गंभीर रूप से घायल।दोनों को इलाज के लिए एम्बुलेंस से सदर अस्पताल हजारीबाग ले जाया गया। दोनों युवक बाइक पर सवार होकर कपड़ा खरीदने के लिए आकाशगंगा मार्केट आ रहे थे।इसी बीच तेज रफ्तार में आ रही बोलोरो नंबर जेएच 11एल/3021 आपने चपेट में ले लिया। टक्कर मार दिया। बाइक पर सवार चनारो निवासी शनि भुइयां (19 वर्ष ) पिता स्व.श्रीहरि भुइयां और जिमी भुइयां (13 वर्ष )पिता जुगेंद्र भुइयां गंभीर रुप से घायल हो गए। चालक वाहन को लेकर भागने का प्रयास किया। घटनास्थल पर मौजूद लोगों ने चालक और वाहन को पकड़कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया।

### चुरचू में दुर्गा पूजा को लेकर बैठक

**चरही।** दुर्गा पूजा धुमधाम के साथ मनाने को लेकर मंगलवार को चुरचू दुर्गा पूजा समिति का बैठक चुरचू दुर्गा मंडप में हुई, जिसकी अध्यक्षता चुरचू पंचायत के पूर्व सरपंच हुलास यादव के द्वारा किया गया। बैठक में बीते वर्ष के लेखा-जोखा को प्रस्तुत किया गया।निर्णय लिया गया कि इस वर्ष दुर्गा पूजा शांति पूर्ण तरीके से मानाया जाएगा।

# तुर्कडीहा में आजादी के सात दशक बाद भी नहीं बना पुल

## गांव जाने के लिए नदी के अलावा नही है दूसरा कोई रास्ता

**खबर मन्त्र संवाददाता**

▶▶ **बरसात में ग्रामीण पैदल जान जोखिम में रख पार करते हैं नदी**

**बरकट्ठा ।** बरकट्ठा में विकास की बानगी देखनी है तो प्रसिद्ध धार्मिक और पर्यटन स्थल सूर्यकुंड के किनारे नदी और उसके पार स्थित गांव पहुंचे। आजादी के सात दशक से अधिक वर्ष बीत जाने के बाद भी शिक्षित आदिवासी बाहुल्य गांव तुर्कडीहा जाने के लिए नदी पर पुल नहीं बन पाया। गांव विकास से महरूम है। यह गांव पहाड़ियों और नदी से घिरे प्रकृति की गोद में बसा है। गांव के शत प्रतिशत लोग साक्षर है। विडंबना है कि दशकों से ग्रामीणों की मांग नदी पर पुल बनाने का सुनी नहीं जा रही है। ग्रामीण वरीय अधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि से लेकर विधायक और सांसद से गुहार लगा चुके हैं। लेकिन नदी पर पुल बनाने की सुध आज तक नहीं ली गई। गांव जाने के लिए दूसरा कोई रास्ता नही है। वहीं बरसात में आवागमन दूभर हो जाता है। लोग पैदल किसी तरह जान जोखिम में रख कर नदी पार करते है। राशन व सब्जी खरीदारी के लिए लोगो को बाजार जाना मुश्किल हो जाता है। दूसरी ओर जब गांव में जब लोग बीमार पड़ते है तो एंबुलेंस व वाहन गांव तक नही पहुंच पाती है। विदित हो कि गांव में स्कूल और आंगनबाड़ी बच्चे नदी पार कर पास के गांव के स्कूल में प्राथमिक शिक्षा के लिए जाते है। वहीं उच्चतर माध्यमिक शिक्षा ग्रहण करने के लिए पांच से आठ किलोमीटर की दूरी तय करना पड़ता है।बरसात में छोटे छोटे स्कूली बच्चे स्कूल जाने से वंचित रह जाते है। गांव के अधिकांश लोग किसान व मजदूर हैं।दैनिक मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करते है।इधर जिप सदस्य प्रतिनिधि सीके पांडेय ने तुर्कडीहा नदी पर पुल के लिए भरोसा ग्रामीणों को दिया है।



नदी पार करते बच्चे ।

# बड़कागांव : अडाणी फॉउंडेशन फुटबॉल टूर्नामिंट में महावीर युवा क्लब बना विजेता

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बड़कागांव।** गोंदलपुरा खनन परियोजना के तहत अदाणी फॉउंडेशन की ओर से आयोजित फुटबॉल टूर्नामेंट में महावीर युवा क्लब बड़कागांव की टीम ने प्लस टू हाई स्कूल को चार गोल से हराकर फाइनल मुकाबला जीता। प्लस टू हाई स्कूल मैदान में 27 सितम्बर से शुरू हुए इस प्रखंड स्तरीय फुटबॉल टूर्नामेंट में कुल 16 टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में विजेता टीम को अदाणी फॉउंडेशन की ओर से 21 हजार रुपए का गिफ्ट हैम्पर प्रदान किया गया। वहीं उपविजेता टीम को 15 हजार और तीसरे स्थान पर रहने वाली टीम को सात हजार रुपए का गिफ्ट हैम्पर इनाम के रूप में दिया गया। इसके अलावा बेस्ट गोलकीपर, प्लेयर ऑफ द मैच, मैन ऑफ द मैच को एक-एक हजार रुपए का गिफ्ट हैम्पर दिया गया। बड़कागांव महावीर युवा क्लब चार गोल से जीतकर विजेता बना।वहीं बड़कागांव प्लस टू हाई स्कूल की टीम को उपविजेता का खिताब मिला। तीसरे नंबर पर युवा क्लब हारम ने जीत दर्ज की। मैच में जिन 16 टीमों ने हिस्सा लिया उसमें न्यू स्पोर्टिंग क्लब कदमाडीह, युवा क्लब हारम,नव युवा क्लब बेस, प्लस टू हाई स्कूल बड़कागांव,महावीर युवा क्लब बड़कागांव,महुगाईं खुर्द क्लब,टाइगर युवा क्लब ढेंगा,महुगाईं कला युवा क्लब,अम्बाजीत टीम,युवा अम्बेडकर क्लब बादम ,सम्राट युवा क्लब चंदौल,सुपर स्पोर्टिंग क्लब चोरका,रूदी टीम,गुरुचट्टी टीम,चुरचू टीम,पीटीसीएच हरली शामिल थे।

### आजीविका महिला की आम सभा

बड़कागांव। पंचायत भवन प्रांगण में प्राथमिक स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड बादम आजीविका महिला संकुल स्तरीय वार्षिक आम सभा कार्यक्रम का आयोजन पंचायत के मुखिया सुनीता देवी की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम को बड़कागांव मध्य जिला परिषद सदस्य सुनीता देवी,पसस रमणिका देवी, मुखिया सुनीता देवी,हरली मुखिया कविता देवी,पूर्व मुखिया दीपक दास, भीखन महतो सहित अन्य लोगों द्वारा दीप प्रज्वलित कर शुरूआत किया गया।

# रामगढ़ कॉलेज के रास्ते को बंद करने को लेकर ग्रामीणों ने उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन



**रामगढ़।** रामगढ़ कॉलेज के रास्ते को बंद करने के विरोध में मंगलवार को वार्ड नंबर 6 के ग्रामीणों ने हस्ताक्षर अभियान चलाकर रामगढ़ के उपायुक्त चंदन कुमार को ज्ञापन सौंपा। उपायुक्त को सौपे ज्ञापन में ग्रामीणों ने बताया कि कॉलेज के रास्ते पर जानबूझकर विवाद पैदा करके माहौल बिगाड़ने का काम किया जा रहा है। इस रास्ते का उपयोग वार्ड नंबर 6 के हजारों परिवार के बच्चे कॉलेज आने के लिए भी करने लगे हैं। अत्यधिक बारिश के कारण यह रास्ता खराब हो गया था जिसके बाद उसपर काला मोरम गिराया गया था। मोरम गिराते ही एक बार फिर से भू माफिया, कॉलेज प्रबंधन और छात्र नेता सक्रिय हो गए और उस रास्ते को बंद करने की मांग करने लगे। ग्रामीणों ने उपायुक्त को सौंपे ज्ञापन में बताया कि विगत कुछ महीनो से कॉलेज के पीछे वाली जमीन को षड्यंत्र के तहत उधर जाने वाले रास्ते को बंद करके भू माफिया अपने कब्जे में लेना चाहते हैं। आवेदन में ग्रामीणों ने बताया कि इसके लिए भू माफिया कॉलेज प्रबंधन, वहां के स्टाफ और छात्र नेताओं को आगे कर रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि कॉलेज प्रबंधन तर्कहीन दावा करते हैं कि इस कॉलेज में आने के लिए सिर्फ एक ही रास्ता होगा। जबकि कई बड़े-बड़े कॉलेज में एक से अधिक रास्ते रहते हैं और बच्चे हर क्षेत्र से कॉलेज आवाजाही कर सकते हैं। सिर्फ इतना ही नहीं रामगढ़ कॉलेज के प्रथम द्वार से घुसने के बाद कॉलेज कॉलोनी के लिए तीन रास्ते हैं। इसके बाद भी उन रास्तों को बंद करने के बजाय पीछे के रास्ते को बंद करने की बात की जाती है। ग्रामीणों ने लिखा कि ऐसा इसलिए किया जा रहा है क्योंकि 2 एकड़ से अधिक कॉलेज की भूमि कॉलेज के पीछे भी स्थित है जिसकी वर्तमान कीमत करोड़ों में है । अगर कॉलेज के पीछे वाले रास्ते पर बाउंड्री कर दी जाएगी तो बच्चों और ग्रामीणों को परेशानी तो होगी ही। साथ ही कॉलेज की करोड़ों की संपत्ति भू माफिया के हाथों में चली जाएगी। ज्ञापन सौंपने वालों में वार्ड नंबर 6 के समाजसेवी रमेश महतो, साहेब महतो, संजय गुप्ता, गिरधारी महतो, महावीर महतो, प्रवीण सिंह, उत्तम मुंडा, युगेश मुंडा, धनेश्वर मुंडा, संतोष सिंह आदि का नाम शामिल है।

### वेतन समझौता लागू नहीं हुआ तो 12 से होगा हड़ताल : रमेन्द्र कुमार

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** केन्द्रीय संयुक्त ट्रेड यूनियन ने कोल इंडिया के 11वां वेतन समझौता के आधार पर मजदूरों का वेतन भुगतान करने की मांग को लेकर मंगलवार को सीसीएल बरका-सयाल महाप्रबंधक कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन सह आमसभा का आयोजन किया गया। इस दौरान कोल इंडिया प्रबंधन द्वारा 11वां वेतन समझौता लागू नही करने से ट्रेड यूनियन नेताओं व मजदूरों में काफी आक्रोश का महौल देखने को मिला। सभा को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि एटक के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पूर्व सांसद रमेन्द्र कुमार ने कहा की 11वां वेतन समझौता में जुलाई 2023 से मजदूरों को वेतन भुगतान करना है। लेकिन अभी तक सितंबर माह का वेतन मजदूरों के खाते में नहीं आया है। कोल इंडिया ने आदेश जारी कर कोयला मजदूरों का वेतन रोक दिया है। उन्होंने कहा कि समझौता लागू नहीं हुआ तो कोल इंडिया में 12 से 14 अक्टूबर तक तीन दिवसीय हड़ताल तय है। मौके पर सतीश सिन्हा, उदय सिंह, अशोक शर्मा, देवेन्द्र सिंह, अर्जुन सिंह, संजय शर्मा, संजय वर्मा, आरपी सिंह चंदेल, उदय मालाकार, महावीर प्रसाद, सुदेश प्रसाद, आजाद भुइयां सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

# बांसगढ़ा में सीसीएल जोनल माइंस रेस्क्यू प्रतियोगिता

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा परियोजन के बांसगढ़ा भूमिगत खदान और खान बचाव केंद्र रामगढ़ में मंगलवार को 33वां सीसीएल जोनल माइंस रेस्क्यू प्रतियोगिता हुआ। जिसमें सीसीएल के विभिन्न क्षेत्र के 11 टीमों ने हिस्सा लिया। इसमें एक आउट सोर्सिंग कंपनी जॉय माइनिंग सर्विस प्राइवेट लिमिटेड शामिल है। प्रतियोगिता की शुरूआत में सह खान सुरक्षा निर्देशक आफताब अहमद ने कंपनी का झंडा को फहराया किया। इसके बाद खान अधीक्षक रामगढ़ विकास कुमार ने सभी टीमों को शपथ दिलाया। अहमद ने प्रतियोगिता आरंभ की घोषणा किया। सभी 11 टीमों के बीच 8 प्रतियोगिताये हुए। जिसमे ड्रिल व मार्च पास्ट, स्टेटूटरी टेस्ट, थ्योरी टेस्ट, फर्स्ट एड टेस्ट, फ्रेश एयर बेस टेस्ट, रेस्क्यू रिकवरी टेस्ट, रेस्क्यू रिले टेस्ट एवं कैप्टन रिपोर्ट शामिल हैं। प्रतियोगिता में बरका-सयाल, कथारा, कुजू, अरगड्डा, बीएनके, हजारीबाग, पिपरवार, ढोरी, चूरी, एनके, मगध और आम्रपाली की टीमों ने रेस्क्यू उपकरणों के साथ सुरक्षा मापदंडो का पालन करते हुए बांसगढ़ा माइंस में जाकर रेसक्यू अभियान चालाया।

प्रतियोगिता में ढोरी एरिया, जेएमएस एनके एरिया, पिपरवार एरिया, अरगड्डा एरिया, एनके एरिया, बरका-सयाल एरिया, कुजू एरिया, हजारीबाग एरिया, बी एंड के एरिया, कथारा एरिया, आम्रपाली और चंद्रगुप्त एरिया शामिल हुई। मेडिकल टीम में डॉ पार्थो बाल, डॉ भरत सिंह, डॉ. अभिषेक आदि चिकित्सीय टीम मैजूद थे। प्रतियोगिता के विजेता टीम को 5 अक्टूबर को माइंस रेसक्यू रामगढ़ में पुरस्कृत किया जाएगा। जिसमें उप महानिदेशक रांची सतीश चिदरवार, विशिष्ट अतिथि कमांडर रांची डॉ. बीर रेड्डी, मुख्य निर्णय मुख्य निर्णायक आफताब अहमद, रामबाबू प्रसाद निदेशक तकनीकी, बी साई राम निदेशक तकनीकी योजना एवं परियोजना, एमपी देवरी खान सुरक्षा निदेशक कोडरमा, पवन कुमार मिश्रा निदेशक वित, एचके मिश्रा निदेशक कार्मिक रांची उपस्थित रहेंगे।



माइंस से निकलते रेस्क्यू टीम।

## एक नजर में

### सैकड़ों लोग तिलेश्वर साहू सेना में शामिल



बरही। रानीचुवां पंचायत में पूर्व मुखिया प्रतिनिधि गाजो टुड्डू एवं राजाराम बेसरा के नेतृत्व में सैकड़ो लोगों ने टीएसएस सुप्रीमो अरुण साहू की पार्टी तिलेश्वर साहू सेना में शामिल हो गए। आदिवासी बहुल क्षेत्र रानीचुवां में कार्यक्रम आयोजित किया गया। टीएसएस सुप्रीमो अरूण साहू की मौजूदगी में तिलेश्वर साहू सेना के कार्यों से प्रभावित होकर लोगों ने अपना समर्थन दिया। विधानसभा चुनाव में अरूण साहू को विधायक बनाने का संकल्प लिया। श्री साहू ने सभी सदस्यों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप सबों के जुड़ने से हमारे संगठन को और मजबूती मिलेगी और हम अपने लक्ष्य तक जल्द ही पहुंचेंगे। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष संतोष रजवार, प्रधान महासचिव सह बरसोत पंचायत पूर्व मुखिया विष्णुधारी महतो,उपाध्यक्ष प्रकाश दास, मीडिया प्रभारी बबलू साहू सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे ।

### पंचायत समिति सदस्यों ने सीओ का किया स्वागत



**बरही।** पंचायत समिति सदस्यो ने नये सीओ राम नारायण खलखो को कार्यालय में पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। अंचलाधिकारी से सभी पंचायत समिति सदस्यों ने आमजनों का कार्य सरलतापूर्वक एवं समयसीमा के अंदर करने आग्रह किया।उन्होंने सीओ से ससमय भूमि प्रतिवेदन, दाखिल खारिज, आय, जाति, आवासीय, रशीद निर्गत करने को लेकर अपनी बात रखी। वहीं पंसस जीतू ठाकुर ने अवगत कराया कि बरही पुल के पास रामकी कंपनी के द्वारा काफी मलबा छोड़ दिया गया है। जिससे स्थानीय लोगो को काफी परेशानी होती है उन्होंने अंचलाधिकारी से आग्रह किया कि इसे हटवाने का अपने स्तर से प्रयास करें। इस दौरान प्रखंड प्रमुख मनोज रजक, उप प्रमुख देवलाल कुशवाहा, बरही पश्चिमी पंचायत समिति सदस्य जीतू ठाकुर, प्रभु यादव, पंसस प्रतिनिधि झमन यादव, विकास सिंह, रोहित यादव, जितेंद्र गिरी, नवलकिशोर सिंह, सुजीत कुमार, मो इलियास, पूर्व मुखिया दशरथ यादव, विशुनधारी महतो सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

**समाहरणालय, खूँटी (जिला आपूर्ति शाखा)**
Email ID-dsokhunti@gmail.com

**सूचना**

दिनांक 04.10.2023 को आयोग के माननीय अध्यक्ष एवं माननीय सदस्या का खूँटी जिला भ्रमण का कार्यक्रम तथा जिले के सभी पंचायतों के मुखियागण के साथ संवाद का कार्यक्रम निर्धारित है।

खूँटी जिलान्तर्गत सभी पंचायतो के मुखियागण से अनुरोध है कि निर्धारित तिथि 04.10.2023 को संबंधित प्रखण्ड विकास पदाधिकारी से समन्वय स्थापित करते हुए संवाद हेतु राज्यकीय कन्या मध्य विद्यालय, खूँटी (नगर भवन, खूँटी के सामने) में अपराह्न 02:00 बजे भाग लेकर उक्त कार्यक्रम को सफल बनाए।

जिला आपूर्ति पदाधिकारी,
खूँटी।

PR.NO.308211 District(23-24):D

**कार्यालय नगर पंचायत, कोडरमा**
(Mail Id:- kodermanagarpanchayat@gmail.com)

**आम सूचना**

एतद् द्वारा सभी नगर पंचायत कोडरमा वासियों को सूचित किया जाता है कि जिनके परिजन की मृत्यु नगर पंचायत कोडरमा क्षेत्रांतर्गत हुई है एवं मृत्यु निबंधन नही कराया गया हो, वे कार्यालय नगर पंचायत कोडरमा से मृत्यु प्रमाण पत्र हेतु संबंधित आंगनबाडी सेविका (सूचक) से सम्पर्क स्थापित कर निबंधन कराना सुनिश्चित करें, अन्यथा सरकार की योजना/सुविधाएँ/नगर पंचायत कोडरमा से प्राप्त सुविधावों से वंचित करते हुए विधिवत कार्रवाई की जायेगी।

ह0/-
प्रशासक
नगर पंचायत कोडरमा

PR 308196 (Urban Development) 23-24 (D)

**कार्यालय :- नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर**
email-npsbnagar@gmail.com

**आवश्यक–सूचना**

एतद द्वारा नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर अन्तर्गत वर्ष 2015–16 से 2018–19 तक स्वीकृत प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के चतुर्थ घटक के तहत स्वीकृत आवास के लाभुकों द्वारा विभिन्न किस्त की राशि प्राप्त कर आवास निर्माण कार्य को निर्माण के विभिन्न स्तरो पर चार–पाँच वर्षो से लंबित रखा गया है, जो अत्यन्त ही खेद का विषय है।

इस कार्यालय द्वारा आवास निर्माण कार्य प्रारम्भ/पूर्ण करने हेतु आपको कई नोटिस दिया गया है फिर भी आवास निर्माण कार्य प्रारम्भ/पूर्ण नहीं किया गया है, जिससे ऐसा प्रतित होता है कि आप आवास निर्माण कार्य पूर्ण करने हेतु इच्छुक नहीं है, इस कारण सरकार की इस महत्वकांक्षी योजना को ससमय पूर्ण कराने में कठिनाई हो रही है।

ऐसे लाभुकों की सूची नगर पंचायत कार्यालय के सूचना पट्ट पर प्रकाशित किया गया है, जिसका अवलोकन किया जा सकता है, वैसे लाभुकों को निदेश दिया जाता है कि विभिन्न स्तर पर लंबित आवास निर्माण कार्य को दिनांक 10/10/2023 तक पूर्ण कर नगर पंचायत कार्यालय/संबंधित कर्मियों को सूचित करें।

**नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर की ओर से यह अंतिम अवसर है, जो लाभुक उक्त तिथि तक अपने लंबित आवास निर्माण कार्य को पूर्ण नहीं करेंगे उनके खिलाफ नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर निलाम पत्र वाद, प्राथमिकी, बैंक खाता फ्रिज, पेंशन, राशन बंद करने सहित अन्य सरकारी लाभो से वंचित करने हेतु स्वतंत्र होगा, जिसके लिए लाभुक स्वंय जिम्मेवार होंगे एवं बाद में इस संबंध में आपका कोई भी दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जायगा।**

प्रशासक,
नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर

PR 308213 Urban Development(23-24).D

**जिला खेल पदाधिकारी का कार्यालय, हजारीबाग।**
(खेल शाखा)
Email Id - districtsportsofficehzb@gmail.com

पत्रांक– 265 दिनांक– 03.10.2023

:– सूचना :–

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निदेशक, खेलकूद एवं युवाकार्य निदेशालय, झारखण्ड, राँची के पत्रांक 542 दिनांक 27.09.2023 के आलोक में खेलकूद एवं युवाकार्य निदेशालय झारखण्ड, राँची द्वारा जिला स्तरीय "आदिवासी एवं ग्रामीण स्तरीय खेल का विकास" योजना अन्तर्गत जिला स्तरीय "ग्रामीण एवं स्वदेशी जनजाति खेल प्रतियोगिता" में निम्नांकित खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाना है।

तीरंदाजी, 2. गुलेल, 3. मटका दौड़, 4. गेड़ी दौड़, 5. भारा दौड़ एवं 6. सेकोर।

| क्र0सं0 | आयोजन का स्तर | आयोजन स्थल | आयोजन की तिथि | समय |
|---|---|---|---|---|
| 1. | जिला स्तरीय | कर्जन स्टेडियम, हजारीबाग। | 07 अक्टूबर, 2023 | 9:00 बजे पूर्वाहन से |

नियम एवं शर्तें :–


- प्रतियोगिता में विशेष रूप से कमजोर आदिम जनजाति तथा अनुसूचित जनजाति के बालक/बालिका खिलाड़ी भाग लेंगे।
- प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों का आयु सीमा 14 वर्ष से 40 वर्ष के बीच होना चाहिए।
- जिला स्तर पर भाग लेने वाले खिलाड़ी दिनांक 06.10.2023 के अपराहन 2:00 बजे तक निश्चित रूप से जिला खेल कार्यालय, हजारीबाग में अपना पंजीकरण करा लेंगे।
- जिला स्तर पर प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ी प्रमण्डल स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे।

जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों के विशेष जानकारी हेतु जिला खेल कार्यालय, हजारीबाग के मोबाईल नं0 – 9334483968, 7667122887 से सम्पर्क कर सकते हैं।

ह0/–
जिला खेल पदाधिकारी,
हजारीबाग

PR 308236 Art Culture Sports and Youth Affairs(23-24)D

# जीएसटी, रियल स्टेट को कैसे प्रभावित करता है?



अनल कुमार

**रियल** एस्टेट हमारे देश के कुल जीडीपी का लगभग 8ः योगदान देता है। जीएसटी की शुरुआत से पहले, एक निर्माणाधीन संपत्ति खरीदने का मतलब था कि आप वैट, सेवा कर, स्टांप शुल्क और रजिस्ट्रेशन शुल्क के अधीन थे। हालांकि, पूरी संपत्ति खरीदने का मतलब केवल स्टांप शुल्क और रजिस्ट्रेशन शुल्क लगाना होता है। जीएसटी के आवेदन से घर खरीदने की रकम कम हो जाएगी, खासकर अगर निर्माण से पहले बुक किया गया हो। अब डेवलपर्स भी उनके द्वारा वितरित वस्तुओं और सेवाओं पर भुगतान किए गए जीएसटी पर इनपुट क्रेडिट का आनंद लेंगे क्योंकि यह लायबिलिटी संभावित खरीदारों को दी जाएगी। रियल एस्टेट पर लगाया जाने वाला टैक्स भी आसान हो गया है क्योंकि सरकार ने जीएसटी लागू होने के बाद स्टैंप ड्यूटी हटा दी है, जिससे रियल एस्टेट सेक्टर पर जीएसटी का प्रभाव और अधिक स्पष्ट हो गया है। सभी निर्माणाधीन संपत्तियों पर बिना इनपुट टैक्स क्रेडिट के कुल 5ः जीएसटी लगेगा। रेडी-टू-मूव-इन संपत्तियों पर कोई जीएसटी लागू नहीं है। यदि आप एक घर खरीदना चाह रहे हैं, तो संपत्तियों पर जीएसटी के इन प्रभावों पर विचार करें। मान लीजिए कि किसी विशेष संपत्ति का कारपेट एरिया 60 वर्ग मीटर तक है, और एक गैर-मेट्रो में यह 90 वर्ग मीटर तक है। ऐसे मामले में उस संपत्ति को अफोर्डेबल हाउसिंग योजना में शामिल किया जा सकता है। यह किफायती घर 1ः जीएसटी अर्जित करेगा यदि इसकी कीमत 45ः से कम है तो 5ः जीएसटी लागू है। ये रियल एस्टेट क्षेत्र पर जीएसटी के कुछ महत्वपूर्ण प्रभाव हैं। बिल्डरों को 4-स्तरीय कराधान में उच्च टैक्स रकम का भुगतान करना पड़ता है, लेकिन वे बाद में इनपुट क्रेडिट का लाभ भी उठाते हैं। हालांकि, संभावित खरीदारों के लिए बोझ बढ़ गया है, क्योंकि उन्हें उन लोगों के अलावा जीएसटी वहन करना होगा जो सीएलएसएस योजना (इस योजना के तहत गृह ऋण में छूट का लाभ मिलता है) का हिस्सा हैं। इस प्रकार, कोई आसानी से देख सकता है कि जीएसटी भारतीय अर्थव्यवस्था को कैसे फायदा पहुंचाता है।



**जीएसटी का आम आदमी की जेब पर असर**
यदि आप अल्पकालिक प्रभाव देखते हैं, तो ग्राहकों को अब उनके द्वारा खरीदी जाने वाली वस्तुओं और सेवाओं पर अधिक टैक्स का भुगतान करने की जरूरत होगी। अधिकांश आवश्यक उपभोग्य सामग्रियों पर या तो उतनी ही या अधिक मात्रा में टैक्स लगाया जाएगा। जीएसटी से आम आदमी को भरपूर लाभ हुआ है। छोटे पैमाने के व्यापारों को भी अनुपालन की लागत वहन करनी पड़ती है, जिससे उनकी उपज की कीमतें बढ़ सकती हैं, जिससे उपभोक्ता प्रभावित हो सकते हैं। फिर भी, दीर्घकाल में, जीएसटी कई लाभों का वादा भी करता है। एफएमसीजी जैसी उपभोक्ता वस्तुओं के उत्पादकों के लिए देय टैक्स में कमी के साथ, मोटर वाहन क्षेत्र को अपने माल की कीमतें कम करनी होंगी। यह उपभोक्ता को इन सेवाओं का लाभ उठाने का प्रयास करते समय कम भुगतान करने की अनुमति देगा। कीमतों में गिरावट मांग में तत्काल उछाल दिखाएगी, जिससे उत्पादन चक्र को बढ़ावा मिलेगा और अधिक लाभ होगा। इसके साथ, खरीदार और विक्रेता दोनों को अंततः धन का उचित हिस्सा बचाने के लिए मिलता है, और अर्थव्यवस्था को भी बढ़ावा मिलेगा। उत्पादन में वृद्धि भी विस्तार का मार्ग प्रशस्त करेगी, जिससे अधिक रोजगार और आय में वृद्धि होगी। इससे न केवल आम आदमी के लिए बेहतर गुंजाइश बनती है बल्कि अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलती है। जीएसटी के कार्यान्वयन का मतलब किसी भी सामान और सेवाओं की खरीद के लिए इनवइस बनाना भी है। एक उचित बिलिंग प्रणाली के साथ, काले धन और भ्रष्टाचार की सम्भावना भी कम होगी। ये भारत में आम आदमी के लिए परेशान करने वाले पहलू रहे हैं। जीएसटी अन्य क्षेत्रों को कैसे प्रभावित करता है? अब तक, हमने छोटे, मध्यम और बड़े पैमाने के निर्माताओं और रियल एस्टेट क्षेत्र पर चर्चा कीय आइए अब रियल एस्टेट के अलावा अन्य कारोबारों पर जीएसटी के प्रभाव पर एक नजर डालते हैं-

लजिस्टिक्स हमारे जैसे बड़े देश में लजिस्टिक्स अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान देता है। एक सुव्यवस्थित और संरचित लजिस्टिक्स उद्योग विशेष रूप से मेक इन इंडिया बैनर के तहत तेजी से बढ़ सकता है।

ई-कमर्स ई-कमर्स में उच्च विकास क्षमता है। हालांकि, ई-कमर्स कंपनियों को जीएसटी के लिए स्रोत कारक पर एकत्रित टैक्स को वहन करना होगा।

फार्मा सरलीत टैक्स संरचना के साथ फार्मा और स्वास्थ्य देखभाल क्षेत्र का जीएसटी पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। यह सभी आय वर्ग के लोगों के लिए स्वास्थ्य देखभाल को सस्ता और सुलभ बनाने के एवज में कर राहत का भी लाभ उठाएगा।

दूरसंचार दूरसंचार क्षेत्र में कीमतों में गिरावट की उम्मीद की जा सकती है, क्योंकि भंडारण, लजिस्टिक्स जैसी लागतें कम हो।

कपड़ा भारतीय कपड़ा कुशल और अकुशल श्रम के सबसे बड़े नियोक्ताओं में से एक है। कपड़ा उद्योग भी भारत में कुल निर्यात का 10ः कर रहा है, सीमा शुल्क को हटाने के साथ संख्या में वृद्धि होने की संभावना है। जीएसटी कपास की कीमत को भी प्रभावित करेगा, एक ऐसी सामग्री जिस पर अधिकांश लघु-स्तरीय कपड़ा उद्योग निर्भर करते हैं। ये छोटे व्यापारियों पर जीएसटी के कुछ प्रभाव हैं।

षि और खेती भारत के जीडीपी में षि का सबसे बड़ा योगदान है, जो 16ः से अधिक को कवर करता है। लजिस्टिक्स में आसानी से षि उत्पादों की परिवहन लागत भी कम होगी। इस प्रकार, थोक विक्रेताओं पर जीएसटी का प्रभाव काफी सकारात्मक रहा है।

एफएमसीजी जीएसटी से कई बिक्री डिपो की जरूरत समाप्त हो जाएगी, एफएमसीजी लजिस्टिक्स और वितरण लागत पर बहुत बचत करेगा।

ऑटोमोबाइल पिछली कराधान प्रणाली के तहत उत्पाद शुल्क, वैट, बिक्री टैक्स, सड़क टैक्स, मोटर वाहन टैक्स, रजिस्ट्रेशन शुल्क जैसे कई टैक्स लागू होते थे, जिन्हें अब जीएसटी द्वारा बदल दिया गया है। अटोमोबाइल की कीमतों में गिरावट आने की संभावना है क्योंकि निर्माता अब टैक्स के रूप में अधिक बचत कर रहे हैं।

स्टार्टअप जीएसटी ने भारतीय स्टार्टअप्स को डीआईवाई अनुपालन मडल, रजिस्ट्रेशन के लिए बढ़ी हुई सीमा, वस्तुओं और सेवाओं के मुक्त प्रवाह और खरीद पर टैक्स क्रेडिट जैसे अनुलाभों के साथ बहुत फायदा पहुँचाया है। अखिल भारतीय उपस्थिति वाली कंपनियों के लिए टैक्स को कैलकुलेट करना भी आसान हो गया है, खासकर यदि वे ई-कमर्स क्षेत्र से संबंधित हों। यदि आप इस क्षेत्र का हिस्सा हैं तो लघु उद्योगों पर जीएसटी के प्रभाव को समझें।

स्व-नियोजित व्यक्ति स्वरोजगार या फ्रीलांसिंग हमारे देश में एक युवा उद्योग है, लेकिन टैक्स के लिए फाइल करना आसान हो गया है क्योंकि वे जीएसटी कार्यान्वयन के साथ सेवा प्रदाताओं के अंतर्गत आते हैं। सूक्ष्म लघु और मध्यम उद्यमों पर जीएसटी के प्रभाव को समझना ऐसे व्यक्तियों के लिए महत्वपूर्ण है। आतिथ्य क्षेत्र में लगे उद्यमियों को भी आतिथ्य उद्योग पर जीएसटी के प्रभावों की जांच करनी चाहिए।

जीएसटी अपने फायदे और नुकसान के साथ आता है, जो खरीदारों और विक्रेताओं दोनों को प्रभावित करता है। जीडीपी पर जीएसटी के नकारात्मक प्रभाव के बारे में भी पता होना चाहिए। तो एक तरफ, जब टैक्स सरल हो गए हैं, तो इससे अनुपालन लागत में भी वृद्धि हुई है।

## वित्त वर्ष 2024 में भारत की मुद्रास्फीति 5.9% और जीडीपी 6.3% रहने की उम्मीद

वर्ल्ड बैंक ने कहा कि वित्त वर्ष 2024 में भारत का सकल घरेलू उत्पाद 6.3 प्रतिशत बढ़ने का अनुमान है। अक्टूबर के ह्लइंडिया डेवलपमेंट अपडेटह्व में, संस्था ने देश के लिए अपने विकास पूर्वानुमान को बरकरार रखा, जिसे पहले अप्रैल में 6.6 प्रतिशत कर दिया गया था।

**वर्ल्ड बैंक के अनुसार, वित्त वर्ष 2025 में भारत की विकास दर 6.4 प्रतिशत और वित्त वर्ष 26 में 6.5 प्रतिशत रहने की उम्मीद है।**

हालांकि, वर्ल्ड बैंक ने अप्रैल अपडेट में भारत के मुद्रास्फीति अनुमान को 5.2 प्रतिशत से बढ़ाकर 5.9 प्रतिशत कर दिया। ऋ25 के लिए मुद्रास्फीति 4.7 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया है। ऋ26 में इसके 4.1 फीसदी रहने का अनुमान है।

वर्ल्ड बैंक ने बताया कि मुद्रास्फीति में हालिया बढ़ोतरी खराब मौसम के कारण हुई थी और खाद्य कीमतों में गिरावट से इसमें कमी आएगी।



गेहूं और चावल जैसे खाद्य पदार्थों की कीमतों में बढ़ोतरी के कारण जुलाई में भारत की खुदरा मुद्रास्फीति बढ़कर 7.8 प्रतिशत हो गई। यह जून के 4.87 प्रतिशत से वृद्धि थी। हालांकि अगस्त में मुद्रास्फीति की दर घटकर 6.83 प्रतिशत हो गई, लेकिन यह भारतीय रिजर्व बैंक की स्वीकार्य सीमा से अधिक है।

रिपोर्ट में कहा गया है, खाद्य पदार्थों की कीमतें स्थिर होने और सरकारी कदमों से आवश्यक वस्तुओं की सप्लाई बढ़ने से मुद्रास्फीति धीरे-धीरे कम होने की उम्मीद है।

वर्ल्ड बैंक के वरिष्ठ अर्थशास्त्री और रिपोर्ट के प्रमुख लेखक ध्रुव शर्मा ने कहा, हालांकि समग्र मुद्रास्फीति में हालिया वृद्धि से लोगों के खर्च पर कुछ समय के लिए असर पड़ सकता है, हम उम्मीद करते हैं कि इसमें नरमी आएगी। सामान्य तौर पर, निजी निवेश के लिए माहौल अनुकूल रहने की उम्मीद है।वर्ल्ड बैंक का अनुमान है कि वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच भारत की अर्थव्यवस्था लचीली बनी रहेगी। सेवा क्षेत्र में 7.4% की जोरदार वृद्धि होने की उम्मीद है, और निवेश वृद्धि 8.9% पर मजबूत होने का अनुमान है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि समस्याएं हो सकती हैं क्योंकि बाहर चीजें कठिन हो सकती हैं, और लोग चीजें पहले जितनी नहीं खरीदना चाहते होंगे।

भारत में वर्ल्ड बैंक के कंट्री डायरेक्टर ऑगस्टे तानो कौमे ने कहा कि वैश्विक अर्थव्यवस्था चुनौतियों का सामना कर रही है, लेकिन भारत ज्यादा प्राइवेट निवेश को आकर्षित करने के लिए सरकारी खर्च का उपयोग करके उन पर काबू पा सकता है। इससे भारत के लिए भविष्य में वैश्विक अवसरों का लाभ उठाने और तेजी से विकास करने के लिए बेहतर स्थितियां तैयार होंगी।वर्ल्ड बैंक को उम्मीद है कि सरकार आने वाले वर्ष (ऋ24) में अपने वित्त में सुधार जारी रखेगी। उनका मानना है कि सरकार का बकाया पैसा देश की कुल कमाई (ऋऊढ) का 6.4% से घटकर 5.9% हो जाएगा।रिपोर्ट में आगे बताया गया, भारत का सरकारी कर्ज. सकल घरेलू उत्पाद का 83% रहने की उम्मीद है। चालू खाते का घाटा सकल घरेलू उत्पाद के 1.4% तक सीमित होने की संभावना है और इसे विदेशी निवेश द्वारा कवर किया जाएगा, जो बड़े विदेशी भंडार द्वारा समर्थित है।

## विकास की मनभावन फाग, विपक्ष का विषैला राग

डॉ. दिलीप अग्निहोत्री



**राष्ट्रपिता** महात्मा गांधी के चिंतन में स्वच्छता, ग्राम स्वराज, कृषि, पशुपालन, वंचितों का उत्थान आदि अनेक पहलू शामिल थे। वह देश को स्वतंत्र कराने के साथ ही साथ समरस और समृद्ध समाज का निर्माण भी चाहते थे, जिसमें किसी को भी जीवन की मूलभूत सुविधाओं का अभाव झेलना ना पड़े। जब वह स्वच्छता की बात करते थे, तब उसमें निरोग विषय भी शामिल हुआ करता था। नरेन्द्र मोदी सरकार ने हर घर नल से जल योजना शुरू की। यह अभियान सफल हो रहा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भी अपनी रिपोर्ट में इस अभियान को बहुत लाभदायक बताया है। उसने कहा कि इससे लाखों लोगों की जान बचाना सम्भव हुआ है। पूर्वी उत्तर प्रदेश चालीस वर्षों तक मस्तिष्क ज्वर से पीड़ित था। योगी आदित्यनाथ ने स्वच्छ जल अपूर्ति सुनिश्चित की। स्वच्छता अभियान चलाया। इससे महामारी को समाप्त किया गया।

बावजूद इसके विपक्ष का ताजा एलायंस कुआं पर राजनीति कर रहा है। कुछ दिन पहले इसके एक नेता ने राज्यसभा में काव्य पाठ किया। वह राजद के प्रवक्ता है। पढ़े-लिखे लोगों में शुमार हैं। उन्होंने किसी अन्य की कविता सुनाई- चूल्हा मिट्टी का/ मिट्टी तालाब की/ तालाब ठाकुर का/ भूख रोटी की/ रोटी बाजरे की/ बाजरा खेत का/ खेत ठाकुर का/ बैल ठाकुर का/ हल ठाकुर का/ हल की मूठ पर हथेली अपनी/ फसल ठाकुर की/ कुआं ठाकुर का/ पानी ठाकुर का/ खेत-खलिहान ठाकुर के/ गली-मोहल्ले ठाकुर के फिर अपना क्या?। इसके माध्यम से वह बिहार में अपनी पार्टी का जातीय समीकरण दुरुस्त करना चाहते थे।

इस काव्य पाठ से लालू यादव भाव विभोर हो गए। कहा मनोज झा विद्वान आदमी हैं। उन्होंने सही बात कही है। आनंद मोहन ने कहा यदि मैं राज्यसभा में होता तो मनोज झा की जीभ खींचकर सभापति के आसन की तरफ उछाल देता। बिडम्बना देखिए मनोज झा उस पार्टी के हैं जिसके संस्थापक ने भूराबाल साफ करो को पार्टी का उद्देश्य बताया था। उसकी राजनीति एमवाई समीकरण पर आधारित थी। आज बिहार में जो ब्राह्मण- ठाकुर हो रहा है, वह तो राजद के समीकरण में शामिल ही नहीं है। ये वही नेता हैं जो बिहार के मंत्री द्वारा श्री रामचरित मानस पर अमर्यादित टिप्पणी पर मौन थे। एलायंस के अन्य दलों द्वारा हिन्दू धर्म को धोखा बताने, सनातन के उन्मूलन पर भी ये नेता विचलित नहीं हुए थे। यही इनकी राजनीति है। ये कूपमंडूक ही बने रहना चाहते हैं। सरकार स्वच्छ जल पहुंचा रही है। ये नेता ठाकुर का कुआं कविता में अटके हैं। भाजपा की केंद्र और राज्य सरकारें विकास की दिशा में बहुत आगे निकल गई हैं। यह गठबंधन कुआं, जाति और मजहब से ऊपर ही नहीं उठ रहा।

नमामि गंगे से प्रारंभ हुई यह यात्रा सिंचाई और पेयजल जैसी योजनाओं तक विस्तारित हैं। भारत सरकार ने वर्ष 2019 में जल जीवन मिशन की शुरूआत की थी, जिसका लक्ष्य वर्ष 2024 तक हर ग्रामीण घर में नल से जल पहुंचाना है। जल जीवन मिशन के प्रारम्भ के समय देश में जहां करीब सवा तीन करोड़ ग्रामीण घरों में नल से जल की आपूर्ति होती थी। अब करीब 12 करोड़ घरों में नल से जल की आपूर्ति हो रही है। इस मिशन से गांव के लोगों को स्वच्छ पेयजल मिल रहा है। इससे जलजनित बीमारियों में उल्लेखनीय कमी आई है। इस योजना से पानी की बबार्दी रुकी है। साथ ही उसके दूषित होने की सम्भावना नगण्य हो गई है।

वर्ष 2015 में शुरू की गई प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजनाह्ल इस क्षेत्र में बड़ी पहल है। जल संरक्षण लक्ष्यों के अनुरूप यह योजना ह्यपर ड्रॉप मोर क्रॉपह्व सुनिश्चित करने के लिए सटीक-सिंचाई और जल संरक्षण तकनीक को अपनाने की परिकल्पना को साकार करती है। एक बार महात्मा गांधी काशी में श्रीविश्वनाथ धाम के दर्शन के लिए गए थे। उन्होंने वहां पर्याप्त स्वच्छता ना होने पर अपनी नाराजगी व्यक्त की थी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज श्री काशी विश्वनाथ धाम की काया पलट दी है।अब यहां स्वच्छता है। रिकार्ड संख्या में तीर्थयात्री पहुंच रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने सही मायने में महात्मा गांधी के रास्ते पर चलते हुए विकास की बुनियाद रखी है।भारत में संसाधन की कमी नहीं हैं। इसके बल पर विभिन्न प्रकार के उपयोगी सामान विश्व स्तर के बनाये जा सकते हैं। देश में असंख्य कुशल हाथ हैं, जिनका उपयोग करके प्राकृतिक संपदा से बहुत कुछ बनाया जा सकता है। गांधी जी ने अपने विचारों के माध्यम से राजनीतिक,दार्शनिक, सामाजिक एवं धार्मिक क्षेत्रों में क्रांतिकारी परिवर्तन किए। उन्होंने दबे कुचले दलित वर्ग के लोगों के उत्थान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई एवं छूआछूत का विरोध किया। उन्हें समाज की मुख्यधारा में शामिल किया। गांधी जी ने जनसामान्य को साफ-सफाई की महत्ता समझाई। स्वच्छता पर गांधी जी के मूलमंत्र को सही मायने में प्रधानमंत्री मोदी ने समझा है। यही वजह है कि स्वच्छता पूरे देश का अभियान बन गया है। आज देश में विकास की मनभावन फाग गा रहा है।

(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

## सऊदी अरब व रूस के मनमाने तेल दाम की बंधक बनी देश और दुनिया

सुषमा रामचंद्रन

**विश्व** के सबसे बड़े तेल निर्यातक, सऊदी अरब और रूस, कच्चे तेल की कीमत को ऊंचा कर लगभग एक साल पहले वाला दाम करने में सफल हो गए हैं। स्पष्टतः यह काम उन्होंने मार्च महीने से अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कम होती कीमत से चिंतित होकर किया है और इसके लिए दोनों ने एकजुट होकर उत्पादन को इतना घटाया कि दाम 90 डॉलर प्रति बैरल से नीचे न जाने पाए। अनेकानेक वैश्विक निवेशक बैंकों ने भी पूर्व-भविष्यवाणी की है कि 2024 में भाव 100 डॉलर प्रति बैरल छू जाएगा, यह परिदृश्य चिंतित करने वाला है, कम-से-कम भारत जैसी उभरती अर्थव्यवस्थाओं के लिए।

रोचक यह है कि दोनों मुल्कों के भारत के साथ निकट संबंध हैं। सऊदी अरब के मामले में, पिछले कुछ सालों में रिश्ते उत्तरोतर प्रगाढ़ हुए हैं और युवराज मोहम्मद बिन सलमान की हालिया भारत यात्रा में आठ संयुक्त समझौतों पर आखिरी निर्णय हुआ है। इनमें अधिकांश सऊदी अरब द्वारा 100 बिलियन डॉलर की निवेश पेशकश से संबंधित हैं। इसमें एक है भारत के पश्चिमी तट पर सऊदिया कच्चा तेल परिशोधन संयंत्र स्थापना। भारत को रूस से तेल बाजार भाव की बजाय रियायती दरों पर मिलता रहा।

भारत से इतने मधुर रिश्तों के बावजूद, दो अग्रणी तेल निर्यातकों ने मिलकर तय किया है वैश्विक बाजार में तेल-भाव ऊंचा बना रहे,यह स्थिति अपनी जरूरत का 85 फीसदी तेल आयात करने वाले भारत जैसे देश के लिए बहुत मुश्किलें पैदा करेगी। यह करते वक्त उन्हें भारत जैसी उभरती अर्थव्यवस्थों की परवाह कम ही है। तेल कीमत ऊंची बने रहने से आयात की लागत में इजाफा होने से राजकोष पर काफी बोझ पड़ेगा, जोकि वर्ष 2023-24 में 158 बिलियन डॉलर तक पहुंच जाएगा। गोल्डमैन सैस और सिटीबैंक एवं अनेकानेक निवेशक एजेंसियों का अनुमान है कि अगले साल भाव और उठने का असर भी उतना ज्यादा रहेगा।

आगेर्नाइजेशन ऑफ ऑयल एंड पेट्रोलियम एक्सपोर्टिंग कंट्रीस (ओपेक), तेल उत्पादक देशों का संघ है और रूस के आन जुड़ने से अब ओपेक+ के नाम से जाना जाता है। पहले इसने अप्रैल माह में घोषणा की थी कि उत्पादन में 11.5 लाख बैरल प्रति दिन की कटौती करेंगे। लेकिन उस वक्त तेल-बाजार की चाल में विशेष बदलाव नहीं आया। कच्चे तेल की कीमत 75 से 80 डॉलर प्रति बैरल बनी रही। जुलाई माह में सऊदी अरब और रूस ने अपने तौर पर 13 लाख बैरल प्रति दिन की कटौती जारी रखी। अब इससे फर्क पड़ा और भाव ऊपर उठने लगे। साल के अंत तक ऐसी कटौती जारी रखने के निर्णय ने हाल ही में दामों में तीखी वृद्धि बनाई है। तेल दाम तय करने में गुणवत्ता का मानक ब्रेंट क्रूड ऑयल फिलहाल 92 डॉलर प्रति बैरल है वहीं अमेरिका के वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट क्रूड ऑयल की कीमत लगभग 89 डॉलर प्रति बैरल है।

दुनिया ऊंची तेल कीमतों से जूझ रही है और इससे पुनः मुद्रास्फीति जनित दबाव बनने की आशंका है,ओपेक+ के अगुवा सऊदी अरब का इस बारे में कहना है कि उसे अपना बुनियादी ढांचा विकसित करने के लिए धन चाहिए। उसे मालूम है कि जीवाश्म ईंधन की मांग भविष्य में काफी घटेगी और वह इसके नतीजों के मद्देनजर दीर्घकालीन तैयारी करने में लगा है। इस कार्यक्रम को विजन-2030 का नाम दिया गया है, इसके तहत सल्तनत के आर्थिक ढर्रे में आमूल-चूल परिवर्तन, तेल की कमाई पर निर्भरता घटाना और विशालकाय बुनियादी ढांचा निर्माण कार्य के जरिये रोजगार पैदा करना है। यह दृष्टिपत्र स्पष्टतः अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी के अनुमान से जुड़ा है कि 2030 के बाद जीवाश्म ईंधन की मांग में कमी आने लगेगी।

इस पश्चिमी एशियाई देश के जहन में अवश्य ही यह बात भी होगी कि कोविड महामारी के दौरान कच्चे तेल का दाम टूटकर 9 डॉलर प्रति बैरल पहुंच गया था। हालांकि यह बहुत छोटी अवधि के लिए रहा, फिर भी इसने भारत को अपने सामरिक तेल भंडारण हेतु बड़ी मात्रा में तेल-फरोख्त का मौका दिया।

रूस के मामले में, यूक्रेन युद्ध के लिए धन की जरूरत के चलते वैश्विक तेल कीमतें ऊंची रखना उसकी रणनीति का हिस्सा है। रूस खुद भी घरेलू मोर्चे पर अनेकानेक तंगियों से जूझ रहा है, जिसके कारण गैसोलीन और डीजल निर्यात पर प्रतिबंध लगाया गया है।

सवाल है कि क्या भारत और दो सबसे बड़े तेल निर्यातक खिलाड़ियों के बीच अच्छे रिश्ते होने से रियायती दर पर तेल पाने में मदद मिलेगी? पश्चिमी देशों द्वारा रूस पर प्रतिबंध लगाए जाने के बाद, पिछले साल रूस ने भारत को सस्ते दाम पर तेल दिया था। यह सौदा परस्पर लाभदायक प्रबंध रहा। यूक्रेन युद्ध शुरू के होने के तुरंत बाद वाले समय में बाकी देश आकाश छूती कीमत यानि 100 डॉलर प्रति बैरल से अधिक मूल्य पर तेल ले रहे थे। रियायत तो अभी भी उपलब्ध है लेकिन निश्चित रूप से पहले के मुकाबले कम। नतीजतन भारत को फिलहाल कच्चा तेल 93.93 डॉलर प्रति बैरल मिल रहा है जबकि जून में दाम 74.93 डॉलर प्रति बैरल था।ओपेक संगठन के अग्रणियों की इस हठधर्मिता के चलते भारत के पास अर्थव्यवस्था पर बोझ सहने के अलावा कोई अन्य विकल्प नहीं है। इसका मतलब यह है कि महंगाई के दबाव और मौजूदा वित्तीय घाटे में और इजाफा हो सकता है।

## मां शारदे मंच की ओर से बच्चों के बीच पाठ्य सामग्री का वितरण

**गांधी जयन्ती** के अवसर पर मां शारदे मंच की ओर से आशा सेन्टर, भुशुर में जरूरतमंद बच्चों के बीच स्कूल बैग एवं अन्य पाठ्य सामग्री का वितरण किया गया। इस अवसर पर बच्चों के बीच चित्रांकन प्रतियोगिता का आयेजन भी किया गया तथा उत्कृष्ट चित्रकारी करने वाले बच्चों को पुरस्कार दिया गया। कार्यक्रम के संबंध में मंच की अध्यक्ष नीतू सिन्हा ने बताया कि मंच की ओर से समय-समय पर इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किये जाते हैं इसी क्रम में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है।

कार्यक्रम के दौरान समाजसेवी शिप्रा चौधरी, स्वरूप चौधरी, अमरेन्द्र सिंह, शुभ्रा सिंह, प्रणव सिन्हा, सोमा सिन्हा, बिरेन्द्र शर्मा, गुड्डी साव, प्रज्ञाकान्त पाठक, समीर सिन्हा, अजय जायसवाल उपस्थित थे। सभी उपस्थित अतिथियों ने मंच के प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों को आगे बढ़ने में सहायता मिलती है और उनका उत्साह भी बढ़ता है।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में वरिष्ठ साहित्यकार डॉ माया प्रसाद, पुष्कर सिंह, रश्मि, संगीता, दीपक मल्लिक, उपासना, किरण सिन्हा, विकास महतो, कमला, राजीव थेपड़ा एवं रामानंद बेदिया ने सहयोग किया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। जिसकी सभी अतिथियों ने सराहना करते हुए कहा की समय समय पर ऐसे कार्यक्रम का आयोजन होने से बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ता है।

# हजरत कुतुबुद्दीन रिसालदार शाह बाबा का उर्स कल से, तैयारी पूरी

## उर्स को लेकर पुलिस प्रशासन एवं बिजली विभाग के साथ की गयी बैठक

समीर हेजाजी



**रांची।** राजधानी के डोरंडा स्थित हजरत कुतुबुद्दीन रिसालदार शाह बाबा रहमातुल्लाह अलैहे का पांच दिवसीय सालाना उर्स पांच अक्टूबर गुरुवार से शुरू होगा। जो पांच दिन चलेगा। उर्स मे मुंबई से आए मशहूर कव्वाल मजीद शोला और अजीम नाजा के बीच महामुकाबला मुख्य आकर्षण होगा। कव्वाली के महामुकाबला का उद्घाटन उर्स के संरक्षक मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन करेंगे। बाबा के उर्स को लेकर मंगलवार को एडीएम लॉ एंड ऑर्डर के नेतृत्व में रांची जिला प्रशासन ने हजरत कुतुबुद्दीन रिसालदार शाह बाबा डोरंडा पहुंच वहां आयोजित 216वें उर्स की तैयारियों का जायजा लिया। जायरीनों की सहूलियत के लिए साफ सफाई, सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरा, चलंत शौचालय, ट्रैफिक कंट्रोल ये सारी व्यवस्था करने की मांग प्रशासन से की गयी। एडीएम लॉ एंड ऑर्डर ने कहा कि इस वर्ष भी प्रशासन की तरफ से पूरा सहयोग मिलेगा। बैठक में प्रशासन की टीम में उप निगम प्रशासक, ओवर ब्रिज निर्माण के इंजीनियर एवं ठेकेदार, विद्युत विभाग के एसडीओ, जेई, कर्मचारी, डोरंडा थाना के प्रभारी, नगर निगम के सुपरवाइजर, जोनल मैनेजर एवं अन्य मौजूद रहे। मजार शरीफ के अध्यक्ष अयूब गद्दी एवं सचिव मोहम्मद जावेद अनवर ने उर्स की तैयारी को लेकर प्रशासन से सहयोग की मांग रखी।

### उर्स के आयोजन में ये हैं पदधारी

उर्स के सफल आयोजन करने में मजार शरीफ कमिटी के अध्यक्ष अयूब गद्दी, सचिव जावेद अनवर, उपाध्यक्ष रिजवान हुसैन, बेलाल अहमद, संयुक्त सचिव जुल्फेकार अली भुप्तो, मो सादिक, कोषाध्यक्ष जैनुल आबेदीन ( राजा), अनीस गद्दी, बबलू पंडित, वार्ड 45 के निवर्तमान पार्षद पप्पू गद्दी, वार्ड 44 के निवर्तमान पार्षद फिरोज आलम (मुन्ना), इकबाल राईन, नज्जू अंसारी, जावेद गद्दी, संपा गद्दी, आसिफ नईम, सरफराज कुरैशी, साहीन, समीर हेजाजी, मो शाहिद खान,मो तस्लीम,मो. अरसद एजाज गद्दी, आफताब गद्दी, नासिर गद्दी, जुनैद गद्दी, पन्ना, इरफान गद्दी, कलीम गद्दी, मो खालीक आदि महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

### 1808 में रांची आये थे चमत्कारी रिसालदार बाबा

डोरंडा स्थित रिसालदार बाबा की मजार पर उर्स का आयोजन हो रहा है। जहां काफी संख्या में अकीदतमंद पहुंचेंगे। मुसलमानों में यह आम धारणा है कि बाबा 1808 में अंग्रेज पलटन के साथ रांची आए थे। उस फौज में हाथी और घोड़ों की टुकड़ी भी आई थी, जिसके रिसालदार बाबा कुतुबुद्दीन थे। वो आज जहां बाबा की मजार है, वहीं पीपल के पेड़ के नीचे सबके लिए दुआ मांगते रहते थे। उनकी प्रसिद्धि का राज उनके करिश्माई व्यक्तित्व में छुपा था। रिसालदार होने के बावजूद वे अपना समय सामाजिक और धार्मिक कार्यों बिताते थे।

### ... और बाबा ने दूर किया था कोढ़

इनके बारे में बताया जाता है कि कलकत्ता के एक रईस सेठ के इकलौते बेटे को कोढ़ हो गया था। उन दिनों कोढ़ का कोई इलाज न था। बेटे की बीमारी को लेकर सेठ बहुत परेशान रहता था। किसी करिश्मे के इंतजार में एक दिन वह कोलकत्ता के जकरिया स्ट्रीट में फकीरों को खाना खिला रहे थे, तभी एक फकीर ने कहा तेरे दुख की दवा डोरंडा में है, तू वहां जा और बाबा कुतुबुद्दीन से मिल। सेठ बाबा को खोजते हुए डोरंडा आए। बाबा से मिलकर सेठ ने उनसे अपना दुख कहा इसपर नाराज होते हुए बाबा ने कहा कि हम तो फकीर हैं हम क्या कर देंगे तुम्हारे लिए। इस पर सेठ ने उनका पैर पकड़ लिया और कहा कि बाबा मेरी एक ही औलाद है। इस पर बाबा पसीज गए और कहा कि सुबह की नमाज पढ़ने के बाद हमसे मिलना। सुबह वजू करने के बाद बाबा ने वजू का बचा हुआ पानी सेठ के लड़के के ऊपर डाल दिया और कहा कि तू चला जा। पर सेठ उस दिन न जाकर दूसरे दिन गया। दूसरे दिन सेठ का बच्चा पूरी तरह ठीक हो गया और बाबा के करिश्मे की चर्चा फैल गई। हालांकि इस करिश्मे के बाद बाबा ने वहीं समाधि ले ली। जहां आज मजार है, उस कैंपस में उनके खादिमों का भी मजार है। मजार के मुख्य गेट के मैदान में बाबा के साथ रहनेवाला घोड़ा, हाथी, बिल्ली का भी मजार है।

### 5 से 9 अक्टूबर तक चलेगा उर्स

5 अक्टूबर : गुसुल (फजर की नमाज के बाद) परचम कुसाई (सुबह 9 बजे)

सदर अय्यूब गद्दी के घर से सरकारी चादर और कव्वाली (स्थानीय कव्वाल) दोपहर 2 बजे निकल कर गस्त करते हुए मजार पहुंचेगी। उसके बाद बाबा के मजार पर संदल पेश किया जाएगा एवं चादर पोशी की जाएगी।

6 अक्टूबर : रात 9 बजे से स्टेज पर ओलमाए कराम का जलसा और लोकल कव्वाल की कव्वाली।

7 अक्टूबर : मजार में खनकाही कव्वाली।

8 अक्टूबर : सुबह 9 बजे जैप 1 की चादर पोशी और सलामी। दोपहर 2 बजे मजार कमिटी के सचिव जावेद अनवर के घर मुंबई से आए कव्वाल मजीद शोला और अजीम नाजा की कव्वाली और बाबा के मजार पर चादर पोशी के लिए डोरंडा गस्त करते हुए मजार पहुंचेगी। रात 9 बजे सीएम हेमंत सोरेन चादर पोसी और मंच पर कव्वाली के महा मुकाबला का उद्धाटन करेंगे जिसमे जायरीन मुंबई के मशहूर कव्वाल मजीद शोला और अजीम नाजा के बीच महा मुकाबला का आनंद उठाएंगे।

9 अक्टूबर : सुबह से मजार पर फातिहा खानी रात 9 बजे कुल शरीफ के साथ उर्स का समापन।

## कांग्रेस को ओबीसी के बारे में बोलने का अधिकार नहीं : अमरदीप

**रांची।** भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अमरदीप यादव ने कहा है कि कांग्रेस नौटंकी कर रही है। श्री यादव मंगलवार को कांग्रेस पार्टी पर केंद्र और राज्य में अपने शासन के दौरान अन्य पिछड़ा वर्ग को उत्पीड़ित करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस द्वारा राजभवन के समक्ष धरना देना एक नौटंकी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेसी नेताओं को ओबीसी के बारे में बोलने का कोई अधिकार नहीं है। कांग्रेस ने हमेशा से ही ओबीसी की उपेक्षा, उत्पीड़न और अपमान किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने अपने 56 साल के शासनकाल में ओबीसी के लिये कुछ नहीं किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा के सत्ता में आते ही पीएम नरेंद्र मोदी ने ओबीसी समुदाय को उचित सम्मान और अधिकार दिया। उन्होंने कहा कि भाजपा ने सबसे ज्यादा केंद्र में ओबीसी मंत्री बनाये हैं। सबसे ज्यादा ओबीसी मुख्यमंत्री, सांसद और विधायक भी भाजपा ने ही बनाये है। नरेंद्र मोदी सरकार ने ओबीसी आयोग को संवैधानिक दर्जा दिया।

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष की सातवें चरण की संकल्प यात्रा बालूमाथ से शुरू

# गठबंधन सरकार हर मोर्चे पर फेल : मरांडी

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची/बालूमाथ।** बारिश के बीच बाबूलाल मरांडी की संकल्प सभा में उमड़ी भीड़ को लेकर भाजपा उत्साहित है। लातेहार के बालूमाथ में बाबूलाल मरांडी ने संकल्प सभा में कहा कि हेमंत सरकार हर मोर्चे पर फेल है। उन्होंने कहा राज्य में सत्ता बिचौलियों, दलालों और भ्रष्टाचारियों की तिकड़ी चला रही है। उन्होंने कहा कि दलाल बिचौलिये फाइल, फोल्डर से बॉस की सेवा कर रहे हैं। जहां फाइल का मतलब लाख और फोल्डर का मतलब करोड़ होता है। उन्होंने कहा पिछले चार वर्षों से राज्य में अपराध,भ्रष्टाचार की पराकाष्ठा है। राज्य में अपराधी बेलगाम हैं। उन्होंने कहा कि बीते 6महीनो में राज्य में 23 व्यापारियों की हत्या हुई है। उन्होंने कहा कि यह सरकार व्यापारियों के हत्यारों को एसआईटी गठित कर कारवाई करे। नहीं तो भाजपा सरकार इसकी जांच जरूर करायेगी। उन्होंने कहा कि राज्य में कोयला, लोहा, पत्थर सब की लूट मची है। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन का पूरा परिवार आदिवासियों गरीबों की जमीन लूटने में लगा है। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन को जनता की नही दलालों बिचौलियों की चिंता है।

उन्होंने कहा कि झारखंड राज्य भाजपा की देन है। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी ने गांव, गरीब किसान, मजदूर, महिला, युवा सभी वर्गों की चिंता की। गरीबों केलिए पक्का मकान बना। उन्होंने कहा कि आयुष्मान योजना से 5 लाख तक का मुफ्त इलाज सुनिश्चित किया। वहीं 33 प्रतिशत आरक्षण के साथ नारी शक्ति वंदन अधिनियम ने लोकसभा और विधानसभा चुनाव में महिलाओं के लिये सीट आरक्षित किया।

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार गांव गरीब किसान की चिंता करती है। भ्रष्टाचार मुक्त भारत चाहती है। लेकिन, आज मोदी को हटाने के लिये सारे भ्रष्टाचारी एकजुट हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि 2024 में नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनायें तथा विधानसभा चुनाव में भाजपा के नेतृत्व में झारखंड में भी मजबूत सरकार बनायें। सभा की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष हरे कृष्णा सिंह ने किया। मंच पर बालमुकुंद सहाय, विनय लाल, मुकेश निरंजन सिन्हा, पूनम देवी, योगेंद्र प्रताप सिंह, किसलय तिवारी सहित अन्य उपस्थित थे।

# मुक्ति की बाट जोह रहे लावारिस शव

### राज्य में प्रतिमाह 21 शव हो रहे हैं बरामद, 1039 को चाहिए अपनी पहचान

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्य के जिलों के मुर्दाघरों में लावारिस लाशें मुक्ति का बाट जोह रही हैं। इन लावारिसों की संख्या राज्य में 1039 है, जबकि राज्य विभिन्न जिलों के आंकड़ों पर गौर करें तो एक माह में मुर्दाघरों में 21 लाशें पहुंच रही हैं। यदि एक साल की बात करें तो अब इन लावारिस लाशों की पहचान नहीं के बराबर है। सबसे अधिक शव बरामद करने के मामले में रेल जमशेदपुर अव्वल है, जबकि 125 अज्ञात शव मिले हैं।

| जिला | शव की संख्या | जिला | शव की संख्या |
|---|---|---|---|
| रेल धनबाद | 265 | गुमला | 27 |
| रेल जमशेदपुर | 125 | पाकुड | 08 |
| गढ़वा | 06 | जामताड़ा | 19 |
| चाईबासा | 42 | लातेहार | 27 |
| जमशेदपुर | 91 | पलामू | 21 |
| बोकारो | 32 | देवघर | 23 |
| रांची | 70 | सिमडेगा | 14 |
| धनबाद | 27 | हजारीबाग | 10 |
| सरायकेला | 51 | चतरा | 10 |
| गिरिडीह | 31 | कोडरमा | 04 |
| दुमका | 32 | रामगढ़ | 03 |
| साहिबगंज | 08 | गोड्डा | 07 |
| कोडरमा | 10 | लोहरदगा | 07 |
| खूंटी | 12 | कुल | 1039 |

**72 घंटे के अल्टीमेटम के बावजूद कोई नहीं पहुंचता :** मैनुअल के मुताबिक, अज्ञात शवों की पहचान के लिए 72 घंटे का समय निर्धारित है। शव मिलने के 72 घंटे के भीतर एक इश्तेहार अखबार में छपवाया जाता है। अज्ञात शवों के संबंध में कपड़े, रंग, पहनावा और हुलिया का प्रकाशन किया जाता है लेकिन अधिकांश मामलों में इसकी पहचान नहीं हो पाती है। इसका प्रकाशन सीआईजी के तहत कराया जाता है। 72 घंटे के इंतजार के बाद शव को मुक्त करते हुए पुलिस अपने स्तर पर अंतिम संस्कार कराने के लिए स्वतंत्र हो जाती है या किसी संस्था को भी काम दिया जा सकता है।

**हत्या या यूडी में दर्ज होते हैं मामले :** अज्ञात शव मिलने पर अक्सर अस्वाभाविक मौत (यूडी) के मामले दर्ज होते हैं। हालांकि पुलिस को लगता है कि सिर कुचला है या चेहरे पर जख्म है तो हत्या के मामले भी दर्ज किये जाते हैं। कोई सुराग नहीं मिलने पर सत्य सूत्रहीन कर कोर्ट को रिपोर्ट भेज दी जाती है। कई बार ऐसा भी होता है कि हत्या कर शव को दूसरी जगह फेंक दिया जाता है। मृतक आसपास के इलाके के नहीं होते तो पहचान भी नहीं होती है। 72 घंटे के दौरान यदि शव की पहचान नहीं हो पाती है तो पुलिसिया कार्रवाई से मुक्त कर अंतिम संस्कार के लिए भेजा जा सकता है।

### यूपीएससी परीक्षा-2023 को लेकर हुई समीक्षा बैठक

# 5324 परीक्षार्थी होंगे शामिल

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** संघ लोक सेवा आयोग नई दिल्ली द्वारा आयोजित की जाने वाली कंबाइंड रिक्रूटमेंट टेस्ट, 2023 को लेकर मंगलवार को दक्षिणी छोटानागपुर के प्रमंडलीय आयुक्त मनोज कुमार जायसवाल की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक की गई। इसमें रांची डीसी राहुल कुमार सिन्हा, आयुक्त के सचिव जुल्फिकार अली, वरीय पुलिस अधीक्षक, सिटी एसपी, रांची एवं केन्द्राधीक्षकों सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित हुए। संयुक्त भर्ती टेस्ट 2023 राष्ट्रीय रक्षा अकादमी एवं नौ सेना अकादमी परीक्षा (क) एवं सम्मिलित रक्षा सेवा परीक्षा (क) 7 और 8 अक्टूबर को निर्धारित है। परीक्षा के सफल आयोजन के लिए 8 परीक्षा उप केंद्र बनाये गए हैं। इन परीक्षाओं में कुल 5324 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे।

इन केंद्रों पर कदाचारमुक्त वातावरण में परीक्षा का आयोजन कराने एवं विधि-व्यवस्था बनाये रखने के लिए स्थानीय निरीक्षण अधिकारियों, सहायक समन्वय पर्यवेक्षक एवं केन्द्राधीक्षकों की प्रतिनियुक्ति की गई है। परीक्षा के सफल संचालन के लिए स्थानीय निरीक्षण अधिकारियों, सहायक समन्वय पर्वेक्षक एवं केन्द्राधीक्षकों को उनके कार्य एवं उत्तरदायित्व से अवगत कराया गया।

स्थानीय निरीक्षी पदाधिकारी को परीक्षा के एक दिन पूर्व परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण करने के लिए निर्देशित किया गया। साथ ही सभी को परीक्षा के निर्धारित समय से दो घंटे पूर्व परीक्षा केंद्र पर उपस्थित होने को कहा गया। परीक्षा केंद्रों पर परीक्षार्थियों की जांच प्रक्रिया के दौरान तकनीकी उपकरणों की जांच पर विशेष ध्यान देने, परीक्षा के दौरान निर्बाध विद्युत आपूर्ति हेतु जनरेटर की व्यवस्था सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता की जांच करने के निर्देश दिए गए।

# रामेश्वर उरांव ने कांग्रेस भवन में सुनी लोगों की समस्याएं , समाधान का दिलाया भरोसा

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में मंगलवार को जन-सुनवाई कार्यक्रम के तहत कांग्रेस भवन, रांची में राज्य के वित्त एवं खाद्य आपूर्ति मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने विभिन्न जिलों से आये लोगों की समस्याओं को सुना और उसके निराकरण हेतु अधिनस्थ पदाधिकारियों को निर्देश दिया। जन-सुनवाई कार्यक्रम में गिरिडीह, पलामू, रांची, कोडरमा से लोग अपनी शिकायत लेकर पहुंचे। जनसमस्या में मुख्य रूप से मकान में अवैध कब्जा हटाने के संबंध में, विधवा महिला को प्रताड़ित करना, जनवितरण प्रणाली में डीलर की धांधली एवं वृद्धा पेंशन जैसे मामले के लेकर लोग आये थे।

**बारिश की वजह से कम पहुंचे लोगों :** रांची में लगातार हो रही बारिश की वजह से जनता दरबार में ज्यादा लोग नहीं पहुंचे। रामेश्वर उरांव ने बताया कि जो भी लोग आए थे, उनकी समस्याएं सुनी गईं। मंत्री ने कहा कि लोगों की समस्याओं का समाधान करने के लिए अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए जाएंगे ताकि ऐसी समस्याओं से लोगों को न जूझना पड़े।

**जातीय जनगणना चर्चा का विषय :** इस दौरान रामेश्वर उरॉव ने कहा कि इन दिनों देश में जातीय जनगणना चर्चा का विषय बना हुआ है। उन्होंने अपनी राय रखते हुए कहा कि देश में जातीय जनगणना पहली बार नहीं हुई है। इससे पहले भी वर्ष 1931 में जातीय जनगणना हुई थी। उन्होंने कहा कि इससे यह जानकारी हो पाएगी कि देश में सबसे ज्यादा संख्या किस जाति के लोगों की है और कौन सी जाति किन समस्याओं से जूझ रही है।

## पूर्व मुखिया के पति पर जानलेवा हमले को लेकर थाना पहुंचे परिजन व ग्रामीण

**कुडू लोहरदगा।** कुडू थाना क्षेत्र के ककरगढ़ पंचायत अंतर्गत महूगांव निवासी फूलचंद उरांव पर हुए जानलेवा हमले को लेकर फूलचंद का परिवार और ग्रामीण भयभीत हैं। मंगलवार को सैकड़ों ग्रामीण कुडू थाना पहुंच थाना प्रभारी विश्वजीत सिंह को आवेदन देकर घटना में शामिल लोगों पर कार्रवाई और गांव वालों को सुरक्षा इेने की गुहार लगायी है। ग्रामीणों ने अपने हस्ताक्षरयुक्त आवेदन में रमेश उरांव, मुन्ना उरांव, बिफई उरांव, संजय उरांव और प्रदीप उरांव पर गांव वालों को जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। वहीं फूलचंद की पत्नी गीता तिर्की ने अपने आवेदन में पति पर जानलेवा हमले में संजय उरांव और प्रकाश उरांव के भी शामिल होने की बात लिखी है। ग्रामीणों से थाना प्रभारी ने कहा कि जो भी अपराध में शामिल होंगे उन्हें बख्सा नहीं जायेगा।

## आरक्षण की सीमा निर्धारित 50 प्रतिशत से आगे बढ़ाये केंद्र सरकार : डॉ राकेश किरण

**रांची।** रांची जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो ने कहा कि बिहार राज्य को जातीय जनगणना कराने के लिए इसलिए विवश होना पड़ा क्योंकि केंद्र की मोदी सरकार ने राष्ट्रीय स्तर पर जनगणना कराने की विपक्षी दलों की मांग को खारिज कर दिया था। भाजपा की नीति और नियत देश के पिछड़ों, दलितों, आदिवासियों और अल्पसंख्यकों के खिलाफ रही है। यही कारण है कि मोदी सरकार पूर्व की यूपीए गठबंधन सरकार द्वारा वर्ष 2011 में करायी गयी सामाजिक, आर्थिक एवं जाति आधारित जनगणना की रिपोर्ट को आज तक सार्वजनिक नहीं किया गया। डॉ. महतो ने कहा है कि वर्तमान समय में देश में आरक्षण की अधिकतम सीमा जो 50 प्रतिशत निर्धारित है, उसे भी बढ़ाया जाना चाहिए और और इसे आबादी के अनुसार किया जाना चाहिए।

AFFIDAVIT

I. Vandana Sharma W/o Amit Kumar Rai, residing at B-44, Harmo Housing Colouy, S.BI Bank, Doranda, Ranchi, Doranda, Jharkhand, PIN- 834002 doherchy solemnly afflrm and declare as unker:-
1. That I am citizen of India and residing at my above address.
2. That my actual name is Vandana Sharma which has been mentioned In my Aadhaar Card vide Aadhaar No. 4957 1186 3457.
3. That Parth Kashyap is my son who is studying in Delhi Public School, Sail Township, Ranchi.
4. That in his school record my name has been entered as Vandana.
5. That Vandana Sharma aud Vandana both name are same and one person i.e. my self.
6. This affidavit is made for the purpose of correction of my name from Vandana to Vandana Sharma in his school record.
7. That above mentioned statements are true to best of my knowlodgp and belife and I have not suppressed any fact.

AFFIDAVIT

I, Amit Kumar Rai S/o Binay Kumar Rai, residing at B-44, Harmu Housing Colony, S.B.I Bank, Doranda, Ranchi, Doranda, Jharkhand, PIN- 834002 do hereby solemnly afirm declare as under:-
1. That I am citizen of India and residing at my above address.
2. That my actual name is Amit Kumar Rai which has been mentioned in my Aadhaar Card vide Andhaar No. 7613 4895 7349.
3. That Parth Kashyap is my son who is studying in Delhi Public School, Sail Township, Ranchi.
4.That in his school record my name has been entered as Amit Kumar.
5. That Amit Kumar Rai and Amit Kumar both name are same and one person i.e. my self.
6. This affidavit is made for the purpose of correction of my name from Amit Kumar to Amit Kumar Ral in his school record.
7. That above mentioned statements are true to best of my knowledge and belief and I have not suppressed any fact.

# रामगढ़ की शालिनी ने गणपति का श्लोक सुनाकर किया मंत्रमुग्ध

- सारेगामापा में टॉप 25 में शामिल हुई रामगढ़ की शालिनी दूबे
- पुरोहिताई और घरों में करवाती थी पूजा पाठ लोगों ने सहर्ष स्वीकारा

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** सिंगिंग रियलिटी शो 'सा रे गा मा पा' 2023 टीवी पर अपनी आवाज से जादू बिखरेने वाली शालिनी दूबे अब एक चर्चित हस्ती बन गयी है। पुजारी के घर में जन्म लेनेवाली शालिनी पिता के पूजा पाठ की परंपरा रामगढ़ में शुरू की। कल की रामगढ़ में महिला पुरोहित के अलंकार से सुशोभित शालिनी दूबे ने न सिर्फ रामगढ़ का नाम रौशन किया, बल्कि झारखंड को भी विश्व पटल पर संगीत के क्षेत्र में एक अलग पहचान दिलायी। सीजन शो में बतौर जज की भूमिका में हिमेश रेशमिया, नीति मोहन और अनु मलिक की मौजूदगी में शालिनी के सुर और ताल से जजेज इंप्रेस हुए और उन्हें गायन के क्षेत्र में टॉप 25 में दमदार प्रतिभागी के रूप में शामिल कर लिया है। सोशल मीडिया पर ही जीटीवी की ओर से शालिनी के गाये गाने को प्रचारित करना शुरू कर दिया है। अबत



शालिनी को 52के व्यूज मिले हैं। लाखों कमेंट भी गिर रहे हैं। शालिनी दुबे रामगढ़ के सुभाष नगर निवासी विश्वनाथ दुबे व सुचित्रा देवी की बेटी है। शालिनी का चयन सा रे गा मा पा' के टॉप 25 में हुआ है। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो शालिनी अपने पिता को अपना संगीत गुरु मानती हैं। वहीं, उनकी मां हर कदम पर अपनी बेटी का साथ देती है और वो उनकी सबसे बड़ी सपोर्टर है। जीटीवी ने शालिनी का एक प्रोमो वीडियो अपने इंस्टाग्राम पेज पर शेयर किया था, जिसमें वो जिया लागे ना गाना गाते दिख रही है. उनकी गायिकी की तारीफ जजेस करते दिख रहे है। हिमेश और नीति तो खड़े होकर उनके लिए ताली बजाते है और उनकी तारीफ करते है।

**शालिनी दुबे की आवाज के फैन हुए जजेस :** प्रोमो वीडियो में शालिनी दुबे बताती है कि वो ब्राहण फैमिली से है और उनके पिता पूजा-पाठ कराते है। उनके साथ वो भी जाया करती थी और उन्हें भी पूजा कराना आ गया। इसपर यूजर्स रिएक्ट कर रहे है। एक मीडिया यूजर ने लिखा, बहुत ज्यादा खुश होता है कोई कोई कलाकार हमारे बिहार झारखंड से आकर इतने बड़े मंच पर परफॉर्म करते हैं। आगामी एपिसोड के लिए शुभकामनाएं। एक यूजर ने लिखा, आपकी आवाज बहुत अच्छी है। एक यूजर ने लिखा, अब मैं आपकी आवाज को फॉलो कर रहा हूं, मैं बहुत खुश हूं कि आपको वह मिल गया जिसकी आप हकदार हो। कई यूजर्स उनकी आवाज की तारीफ कर रहे है।

# पारूल-अनु ने जीता गोल्ड, तेजस्विन के हिस्से सिल्वर आया

## भारत के पदकों की संख्या 69 पहुंची, 10वें दिन नौ पदक मिले, चीन शीर्ष पर



एजेंसी

**हांगझोउ।** पारुल चौधरी ने महिलाओं की 5000 मीटर में पोडियम पर शीर्ष स्थान हासिल किया और अन्नू रानी ने भाला फेंक स्पर्धा में सीजन का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 62.92 मीटर के साथ स्वर्ण पदक जीता। भारत ने दो रजत और दो कांस्य पदक भी जीते। एशियाई खेलों के इतिहास में यह पहली बार था कि भारतीय महिलाओं ने 5000 मीटर दौड़ और महिलाओं की भाला फेंक में पोडियम पर शीर्ष स्थान हासिल किया है। दो स्वर्ण पदकों के अलावा, भारत ने मंगलवार को एथलेटिक्स में दो रजत और दो कांस्य भी जीते। इसके साथ एशियन गेम्स 2023 मेडल टैली में भारत के एथलेटिक्स पदकों की संख्या 22 हो गई है, जिसमें चार स्वर्ण, 10 रजत और आठ कांस्य शामिल हैं। 28 वर्षीय पारुल चौधरी ने हांगझोऊ ओलंपिक स्पोर्ट्स सेंटर में 15:14.75 का समय लेकर शीर्ष स्थान पर रहते हुए भारत के लिए मंगलवार को पहला स्वर्ण पदक जीता। मौसम खराब रहने की स्थिति में अधिकांश समय तक पिछड़ने के बाद, पारुल चौधरी ने आखिरी दो लैप में अपना पूरा जोर लगाया और अंतिम 50 मीटर में जापान की रिरिका हिरोनका को एक सेकंड से भी कम अंतर से हराया। रिरिका हिरोनका ने 15:15.34 का समय लेकर रजत पदक जीता, वहीं कजाकिस्तान की कैरोलिन चेपकोच किपकिरुई ने 15:23.12 का समय लेकर कांस्य पदक हासिल किया। भारत की अंकिता ने 15:33.03 का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय निकाला और वह 13 एथलीटों में पांचवें स्थान पर रहीं। सोमवार को, पारुल चौधरी ने महिलाओं की 3000 मीटर स्टीपलचेज में सिल्वर मेडल जीतकर अपना पहला एशियाई खेल पदक जीता। उन्होंने इस साल की शुरूआत में एशियाई चैंपियनशिप में भी दो पदक जीते थे, जिनमें 3000 मीटर स्टीपलचेज में एक स्वर्ण और 5000 मीटर दौड़ में एक रजत पदक शामिल है। वहीं, अन्नू रानी के लिए यह बिल्कुल अलग था। भारतीय भाला फेंक खिलाड़ी के नाम 63.82 मीटर का राष्ट्रीय रिकॉर्ड है, लेकिन राष्ट्रमंडल खेलों में कांस्य पदक जीतने के बाद से वह 60 मीटर का आंकड़ा पार नहीं कर सकी थीं। मंगलवार को, अन्नू रानी ने अपने चौथे प्रयास में 62.92 मीटर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने से पहले दूसरे प्रयास में 61.28 मीटर का थ्रो किया।



### अर्जुन सिंह और सुनील सिंह सलाम ने कैनो डबल 1000 मीटर में जीता कांस्य

**हांगझोउ।** अर्जुन सिंह और सुनील सिंह सलाम की भारतीय जोड़ी ने मंगलवार को पुरुषों की कैनो डबल 1000 मीटर स्पर्धा में कांस्य पदक जीता हैं। चीन में चल रहे 19वें एशियाई खेलों में मंगलवार को फुयांग वॉटर स्पोर्ट्स सेंटर में प्रतिस्पर्धा करते हुए सुनील सिंह सलाम और अर्जुन सिंह ने 3:53.329 समय के साथ कांस्य पदक जीता। उज्बेकिस्तान के शोखमुरोड खोलमुराडोव और नूरिसलोम तुखतासिन उगली ने 3:43.796 के समय के साथ स्वर्ण पदक जीता। टिमोफे और सर्गेई येमेल्यानोव की कजाकिस्तान टीम ने 3:49.991 का समय लेकर रजत पदक जीता। उल्लेखनीय है कि हिरोशिमा में 1994 के एशियाई खेलों में इसी स्पर्धा में जॉनी रोमेल और सिजी कुमार सदानंदन के संयुक्त रूप से कांस्य पदक जीतने के बाद यह एशियाई खेलों में कैनो में भारत का दूसरा पदक था।

### अपराजित भारतीय चार बार के एशियाई चैंपियन कोरिया से भिड़ेंगे

**हांगझोउ।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम को 19वें एशियाई खेल में अब तक की सबसे कठिन चुनौती का सामना करना पड़ेगा, जब कप्तान हरमनप्रीत सिंह के नेतृत्व वाली टीम बुधवार को पहले सेमीफाइनल में चार बार के चैंपियन कोरिया से भिड़ेगी। सोमवार को बांग्लादेश पर 12-0 से जीत हासिल करने के बाद भारत ने एक बार फिर पूल चरण में शीर्ष स्थान हासिल किया। पूल ए के अपने सभी पांच मैचों में पांच जीत के साथ भारत ने 15 अंक अर्जित किए। टूनार्मेंट में उसे अभी तक हराया नहीं जा सका है। जकार्ता में 2018 एशियाई खेलों में सेमीफाइनल में पहुंचने से पहले भारत इसी तरह की स्थिति में था, लेकिन मलेशिया से 2-2 (6-7) से हार गया और स्वर्ण पदक जीतने का मौका चूक गया।

### भारत ने हांगकांग को 13-0 से हराया

**हांगझोउ।** भारतीय महिला हॉकी टीम ने मंगलवार को पूल 'ए' के अपने अंतिम मैच में हांगकांग को 13-0 से हराकर अपना अजेय अभियान जारी रखा। भारत बनाम हांगकांग महिला हॉकी मैच में मंगलवार को भारत की ओर से वंदना कटारिया ने दूसरे, 16वें और 48वें मिनट में, दीपिका ने चौथे, 54वें और 58वें मिनट में, मोनिका ने 7वें मिनट में, दीप ग्रेस एक्का ने 11वें, 34वें और 42वें मिनट में, संगीता कुमारी ने 27वें और 55वें मिनट में और नवनीत कौर ने 58वें मिनट में ने गोल किए। गोंगशु कैनाल स्पोर्ट्स पार्क स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में जीत के साथ ही भारतीय टीम ने तीन जीत और एक ड्रॉ की मदद से 4 मैचों में 10 अंक हासिल कर शीर्ष स्थान पर रहते हुए अपना ग्रुप अभियान समाप्त किया। भारत गुरुवार को सेमीफाइनल में ग्रुप बी में दूसरे स्थान पर रही टीम के खिलाफ खेलेगा।

### भारत ने बांग्लादेश को कबड्डी में 55-18 से हराया

**हांगझोउ।** कबड्डी में भारतीय पुरुष टीम ने मंगलवार को ग्रुप ए के अपने पहले मुकाबले में बांग्लादेश पर 55-18 से जीत दर्ज की है। चीन में चल रहे 19वें एशियाई खेलों में जिआओशान गुआली स्पोर्ट्स सेंटर में खेलते हुए भारतीय टीम ने पूरे मैच में अपना दबदबा बनाए रखा और कुल 4 बार बांग्लादेश को ऑल-आउट किया। वहीं, बांग्लादेश ने पूरे मैच में 4 सुपर टैकल किए। भारत की ओर से नवीन कुमार ने एक बांग्लादेशी डिफेंडर को आउट कर स्कोरिंग की शुरूआत की जिसके बाद अगले रेड में उन्हें एक बोनस मिला और भारतीय टीम की बढ़त दोगुनी हो गई। वहीं, अर्जुन ने भी टीम को शुरूआती अंक दिलाए जिसकी बदौलत मैच में 5 मिनट गुजरने के अंदर ही टीम इंडिया ने पहला ऑल-आउट करते हुए 11-1 की बढ़त हासिल की।

### डेकाथलॉन में भारत को 49 साल बाद मेडल




**हांगझोउ।** भारत के तेजस्विन शंकर ने हांगझोऊ एशियाई खेलों में पुरुषों के डेकाथेलॉन स्पर्धा में रजत पदक जीता। डेकाथलॉन एक 10 इवेंट की प्रतियोगिता है। इसमें पहले दिन पुरुष 100 मीटर दौड़, लंबी कूद, शॉटपुट, ऊंची कूद और 400 मीटर दौड़ में प्रतिस्पर्धा करते हैं, जबकि दूसरे दिन 110 मीटर बाधा दौड़, डिस्कस थ्रो, पोल वॉल्ट, भाला फेंक और 1500 मीटर स्पर्धा करते हैं। तेजस्विन ने इन सभी प्रतियोगिताओं को मिलाकर कुल 7666 अंक अर्जित कर सके और दूसरे स्थान पर रहे। चीन के किहाओ सुन 7816 अंक लेकर पहले स्थान पर रहे। जापान के यूमा मरुयामा 7568 अंक लेकर तीसरे स्थान पर रहे। तेजस्विन ने एशियाई खेलों के लिए अपनी प्रतिस्पर्धा बदली थी। वह पहले ऊंची कूद में हिस्सा लेते थे, लेकिन इस बार डेकाथेलॉन में हिस्सा लिया। सोमवार को तेजस्विन ने पुरुषों के 100 मीटर दौड़ में 11.12 सेकंड का समय लेकर चौथे स्थान पर रहे थे। इसमें उन्हें 834 अंक मिला था। इसके बाद लंबी कूद में 7.37 मीटर कूदकर वह पहले स्थान पर रहे थे। इसमें उन्हें 903 अंक मिले थे। शॉटपुट में 13.39 मीटर गोला फेंक कर वह पांचवें स्थान पर रहे थे। इसमें उन्हें 691 अंक मिले थे। ऊंची कूद में तेजस्विन ने 2.21 मीटर की छलांग लगाई और पहले स्थान पर रहे। इसमें उन्हें 1002 अंक मिले। मंगलवार को 110 मीटर बाधा दौड़ से डेकाथेलॉन की शुरूआत हुई। इस स्पर्धा में वह 14.78 सेकेंड का समय लेकर पांचवें स्थान पर रहे थे। इसके लिए उन्हें 876 अंक मिले थे। डिस्कस थ्रो में तेजस्विन ने 39.28 मीटर दूर थ्रो किया और तीसरे स्थान पर रहे थे। इसके लिए उन्हें 650 अंक मिले थे। पोल वॉल्ट में तेजस्विन 4.10 के जंप के साथ छठे यानी आखिरी स्थान पर रहे थे। इसके लिए उन्हें 645 अंक मिले थे। भाला फेंक में तेजस्विन ने 51.17 मीटर दूर भाला फेंक कर पांचवां स्थान हासिल किया। इसके लिए उन्हें 606 अंक मिले। डेकाथेलॉन का आखिरी इवेंट 1500 मीटर दौड़ था, जिसमें 4:48:32 मिनट का समय लेकर तेजस्विन चौथे स्थान पर रहे। इसके लिए उन्हें 629 अंक मिले। इस तरह कुल 7666 अंक लेकर वह दूसरे स्थान पर रहे और रजत जीता। पुरुषों के डेकाथेलॉन में भारत को पिछला पदक 1974 में मिला था। जब विजय सिंह चौहान ने स्वर्ण और सुरेश बाबू ने कांस्य पदक हासिल किया था। तेजस्विन ने 49 साल के सूखे को खत्म किया। 1974 से पहले भारत को 1951 दिल्ली एशियाई खेलों में खुर्शीद अहमद ने कांस्य, 1954 मनीला एशियाई खेलों में रोनी ओ ब्रायन ने कांस्य, 1962 जकार्ता एशियाई खेलों में गुरबजन सिंह रंधावा ने स्वर्ण दिलाया था।

### पीवी सिंधु और प्रणय पहुंचे प्री-क्वार्टर फाइनल में



**हांगझोउ।** भारतीय शटलर एचएस प्रणय और पीवी सिंधु ने मंगलवार को एशियाई खेलों की बैडमिंटन स्पर्धा में अपने-अपने प्रतिद्वंद्वियों से मुकाबले जीतकर पुरुष और महिला एकल प्री-क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया है। पीवी सिंधु ने मंगलवार को अपने राउंड ऑफ 32 मैच में चीनी ताइपे की सु वेन ची को हराकर महिला एकल स्पर्धा में जीत के साथ अपने अभियान की शुरूआत की। पीवी सिंधु ने 42 मिनट तक चले मुकाबले में सु वेन ची को सीधे गेम में 21-10, 21-15 से मात दी। भारत के शीर्ष पुरुष एकल बैडमिंटन खिलाड़ी एचएस प्रणॉय ने भी अगले राउंड में जगह बना ली है। पुरुष एकल मैच में एचएस प्रणॉय ने भी शानदार जीत दर्ज की और राउंड ऑफ 16 में प्रवेश किया। प्रणॉय ने 25 मिनट तक चले मैच में मंगोलिया के मुन्खबत बटदाव को सीधे गेम में 21-9, 21-12 से शिकस्त दी।

### स्क्वैश: सौरव घोषाल सेमीफाइनल में, पदक पक्का

**हांगझोउ।** दीपिका पल्लीकल-हरिंदर पाल सिंह संधू ने मंगलवार को क्वार्टरफाइनल में जीत दर्ज करते हुए एशियाई खेल में भारत के खाते में पदक पक्का कर दिया है। भारत के सौरव घोषाल ने स्क्वैश में पुरुष एकल सेमीफाइनल में जगह बनाई जबकि दो मिश्रित जोड़ियों ने भी क्वार्टरफाइनल में जीत दर्ज करते हुए भारत के लिए तीन पदक पक्के कर दिए हैं।

### पाकिस्तान ने हांगकांग को 68 रन से हराया

**हांगझोउ।** पाकिस्तान और हांगकांग पुरुष क्रिकेट मुकाबले के दूसरे क्वार्टरफाइनल में हांगकांग को 68 रन से हराकर सेमीफाइनल में पहुंच गई है। हांगकांग ने टॉस जीतकर क्षेत्ररक्षण का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान की शुरूआत खराब रही और पहले ओवर में मिर्जा बेग शून्य को शुक्ला ने बाबर हयात के हाथों कैच आउट कराकर पहला झटका दिया। तीसरे ओवर में शुक्ला ने रोहेल नजीर 13रन को मोहम्मद खान के हाथों कैच कराकर पवेलियन का रास्ता दिखा दिया। चौथे ओवर में हैदर अली 4 रन के रूप में पाकिस्तान का तीसरा विकेट गिरा। उसके बाद चौथा झटका अनस खान ने कासिम अकरम 12 को निजाकत खान के हाथों कैच कराकर दिया। खुशदिल शाह 13 रन को मोहम्मद गजनफर ने बाबर हयात के हाथों कैच करवाया। छठे विकेट के रूप में आसिफ अली 25 को भी मोहम्मद गजनफर ने हमद खान के हाथों कैच आउट कराया।


### बोरगोहेन को जीत के साथ मिला ओलंपिक का कोटा

**हांगझोउ।** भारत की लवलीना बोरगोहेन ने मंगलवार को एशियाई खेल 2023 मुक्केबाजी में महिलाओं के 75 किग्रा स्पर्धा के सेमीफाइनल में मुकाबले में थाईलैंड की बैसन मानेकोन हराकर फाइनल में प्रवेश के साथ ही पेरिस 2024 ओलंपिक कोटा भी हासिल कर लिया है। लवलीना बोरगोहेन ने सेमीफाइनल मुकाबले में थाईलैंड की बैसन मानेकोन को हराक फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। इस जीत के साथ, लवलीना बोरगोहेन ने अपने वर्ग के पेरिस 2024 ओलंपिक कोटा भी हासिल कर लिया है।

### तीरंदाजी में ज्योति, अभिषेक, ओजस व्यक्तिगत कंपाउंड फाइनल में

**हांगझोउ।** तीरंदाजी में मंगलवार को ज्योति सुरेखा वेन्नम, अभिषेक वर्मा, ओजस प्रवीण देवताले व्यक्तिगत कंपाउंड फाइनल में पहुंच गये है। ज्योति सुरेखा वेन्नम ने अदिति गोपीचंद स्वामी को हराकर महिलाओं के स्वर्ण पदक मैच में जगह बनाई। इसके साथ ही भारतीय तीरंदाजों ने कंपाउंड स्पर्धा में तीन पदक पक्के कर लिए हैं। पुरुषों की व्यक्तिगत कंपाउंड स्पर्धा के फाइनल में विश्व चैंपियन ओजस देवताले ने 150 का स्कोर करते हुए फाइनल में जगह बनाई। फाइनल में उनका मुकाबला हमवतन अभिषेक वर्मा से होगा। इस तरह भारत को इस स्पर्धा में स्वर्ण और रजत दोनों ही भारत को पदक मिलेंगे। महिलाओं की व्यक्तिगत कंपाउंड स्पर्धा में, ज्योति सुरेखा वेन्नम ने मौजूदा तीरंदाजी विश्व चैंपियन अदिति गोपीचंद स्वामी को हराकर स्वर्ण पदक मैच में जगह बनाई।

### भारत का दूसरा वार्म अप मैच भी बारिश की भेंट चढ़ा



**तिरुवनंतपुरम।** विश्वकप से पहले भारत का नीदरलैंड के खिलाफ दूसरा वार्म मुकाबला भी बारिश और खराब मौसम की भेंट चढ़ गया। इससे पहले भारत और इंग्लैंड के बीच मैच भी बारिश के कारण रद्द कर दिया गया था। तेज वर्षा के चलते दोनो टीमों के बीच टॉस तक नहीं हो सका। अब भारत बगैर अभ्यास मैच के ही आठ अक्टूबर को विश्व कप के अपने पहले मैच में चेन्नई में आस्ट्रेलिया से भिड़ेगी जबकि छह अक्टूबर को नीदरलैंड का मुकाबला हैदराबाद में पाकिस्तान से होगा।

### धोनी के नये लुक ने मचायी खलबली



**रांची।** सोशल मीडिया पर एमएस धोनी के नए लुक की तस्वीरें जमकर वायरल हो रही हैं। धोनी के इस लुक पर फैंस खूब प्यार लुटा रहे हैं। धोनी अपने लुक को लेकर अक्सर चचाओं में रहते हैं। धोनी 2007 से लेकर अब तक लोगों को अपने लुक से दीवाना बनाते आए हैं। अब धोनी एक बिल्कुल न्यू और फ्रेश लुक में दिखाई दिए हैं। धोनी का ये लुक इंटरनेट पर खूब धूम मचा रहा है। नए लुक में धोनी लंबे बालों के साथ दिख रहे हैं। धोनी के लंबे बाल फैंस को पुराने माही की याद दिला रहे हैं। वायरल हो रही तस्वीरों में धोनी ब्लैक टी-शर्ट और ब्लैक चशमे में दिख रहे हैं। नए लुक में धोनी ने तस्वीरों के लिए बड़े ही शानदार तरीके से पोज दिया है। फैंस उनके इस लुक की तारीफ करते हुए नहीं थक रहे हैं।

### एशियाई खेल : नेपाल को 23 रन से हरा कर भारत सेफा में, जायसवाल ने जड़ा शतक, स्पिनरों ने किया कमाल

एजेंसी



**हांगझोउ।** सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल की शतकीय पारी के बाद रवि बिश्नोई की अगुवाई में स्पिनरों की शानदार गेंदबाजी से भारत ने एशियाई खेलों की पुरुष टी20 क्रिकेट स्पर्धा के क्वार्टर फाइनल मंगलवार को यहां नेपाल को 23 रन से शिकस्त दी। जायसवाल ने 49 गेंद की पारी में आठ चौके और सात छक्के जड़ 100 रन बनाए। भारत ने चार विकेट पर 202 रन बनाने के बाद नेपाल की पारी को नौ विकेट पर 179 रन पर रोक कर सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की की। जायसवाल ने कप्तान रुतुराज गायकवाड़ (23 गेंद में 25 रन) के साथ 59 गेंद में 103 रन की शतकीय साझेदारी कर टीम को शानदार शुरूआत दिलाई। शिवम दुबे (19 गेंद में नाबाद 25) और रिंकू सिंह (15 गेंद में नाबाद 37) ने पांचवें विकेट के लिए 22 गेंद में 52 रन की अटूट साझेदारी कर टीम के स्कोर को 200 के पार पहुंचाया। रिंकू ने दो चौके और चार छक्के जड़े जबकि दुबे ने दो चौके और एक छक्का लगाया। लक्ष्य का पीछा करते समय नेपाल की टीम 13 ओवर में चार विकेट पर 120 रन बना कर अच्छी स्थिति में थी लेकिन बिश्नोई ने खतरनाक बल्लेबाज दीपेंद्र सिंह ऐरी (15 गेंद में 32 रन) और अर्शदीप ने संदीप जोरा (12 गेंद में 29 रन) को आउट कर मैच में भारत की वापसी कराई। दोनों ने पांचवें विकेट के लिए महज 20 गेंद में 45 रन की साझेदारी कर भारतीय खेमे में थोड़ी देर के लिए खलबली मचा दी थी। बड़े स्कोर वाले इस मैच में बिश्नोई और पदार्पण कर रहे साई किशोर ने नेपाल की रन गति पर अंकुश लगाकर मैच में उलटफेर होने से टीम को बचा लिया। बिश्नोई ने चार ओवर में 24 रन देकर तीन विकेट झटके जबकि पदार्पण कर रहे वामहस्त स्पिनर किशोर ने चार ओवर में महज 25 रन खर्च कर एक विकेट लिया। आवेश खान (चार ओवर में 32 रन पर तीन विकेट) और अर्शदीप सिंह (चार ओवर में 43 रन पर दो विकेट) ने भी विकेट चटकाये लेकिन नेपाल के बल्लेबाजों ने तेज गेंदबाजों के खिलाफ आसानी से रन बटोरे। दुबे ने तीन ओवर में 37 रन लुटाए। तेज गेंदबाजों का यह प्रदर्शन कोच वीवीएस लक्ष्मण के लिए चिंता का सबब होगा क्योंकि बांग्लादेश और पाकिस्तान जैसी प्रतिद्वंद्वी टीमें उन्हें और परेशान करेंगी। इक्कीस साल के जायसवाल ने मैदान के चारों ओर बाउंड्री जड़ें। उन्होंने तेज गेंदबाजों और स्पिनरों के खिलाफ सहजता से चौके और छक्के लगाए। रिंकू सिंह ने एक बार फिर मैच फिनिशर की अपनी भूमिका को शानदार तरीके से निभाया।

### वर्ल्ड कप से पहले ही पाकिस्तान की निकली हवा

**हैदराबाद।** ऑस्ट्रेलिया और पाकिस्तान के बीच हैदराबाद के राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम में वर्ल्ड कप 2023 का वॉर्म अप मैच खेला गया। यह मैच ऑस्ट्रेलिया ने 14 रन से जीतकर अपने नाम कर लिया। इसी के साथ पाकिस्तान विश्व कप के लिए अपने दोनों वॉर्म अप मैच हार गया। इससे पहले पाकिस्तान का न्यूजीलैंड के साथ अभ्यास मैच था, जिसे कीवी टीम ने 5 विकेट से अपने नाम कर लिया था। पाकिस्तान की डगमगाती हुई शुरूआत उनके लिए चिंता का विषय है। पाकिस्तान लगातार हारा दूसरा वॉर्म अप मैच पाकिस्तान टीम को मैच जीतने के लिए 352 रन के बड़े टारगेट की दरकार थी। लेकिन वह 337 रन पर ही ऑल आउट हो गए और 14 रन से मैच हार गए।

### एशियन गेम्स में गोल्ड जीतने उतरेंगे नीरज चोपड़ा



**हांगझोऊ।** एशियन गेम्स में भारत के 16 गोल्ड समेत 69 मेडल हो चुके हैं। अब इवेंट के 11वें दिन भारत की सबसे बड़ी उम्मीद नीरज चोपड़ा मैदान पर होंगे। भाला फेंक के वर्ल्ड और ओलिंपिक चैंपियन नीरज चोपड़ा से सभी को गोल्ड की उम्मीद है। इसके साथ ही 3000 मीटर स्टीपलचेज में अपने नाम गोल्ड कर चुके अविनाश साबले भी एक्शन में होंगे। इसके अलावा पीवी सिंधु का भी मुकाबला है। बॉक्सिंग में लवलीना गोल्ड मेडल के मुकाबले में उतरेगी।

### गूंज परिवार का 'खेलो सिल्ली' अभियान के तहत आज से झारखंड प्रीमियर लीग फुटबॉल का उद्घाटन

## उद्घाटन समारोह में पहुंचे राष्ट्रीय व अंतराष्ट्रीय स्तर के कई दिग्गज खिलाड़ी

- सिल्ली स्टेडियम में सारी तैयारियां पूरी
- हॉकी के जादूगर धनराज पिल्ले राज्य के हॉकी खिलाड़ियों को देंगे टिप्स

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** गूंज परिवार द्वारा आयोजित खेलो सिल्ली अभियान के तहत सिल्ली स्टेडियम में झारखंड प्रीमियर लीग का शुभारंभ बुधवार चार अक्तूबर को तीन बजे होगा। यह आयोजन सिल्ली के स्टेडियम में शुरू होगा। इस खेल समागम की सारी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इस शानदार आयोजन में देश-विदेश के नामी-गिरामी फुटबॉल खिलाड़ियों के बीच गांवों के प्रतिभावान खिलाड़ी अपना प्रदर्शन करेंगे। जबकि कई बड़े खिलाड़ी अलग-अलग टीमों से खेल का हिस्सा भी बनेंगे। बाहर से आने वाले राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के फुटबॉल खिलाड़ियों पर सबकी नजर लगी हैं। हॉकी के जादूगर धनराज पिल्ले राज्य के हॉकी खिलाड़ियों को टिप्स भी देंगे। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि सिल्ली के विधायक और पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश कुमार महतो के साथ भारतीय फुटबॉल टीम के पूर्व कप्तान बाइचुंग भूटिया, आई एम विजयन, जो पॉल अनचेरी और हॉकी के जादूगर धनंराज पिल्ले सरीखे महान खिलाड़ी विशेष तौर पर शामिल होंगे। टूनार्मेंट में कुल 8 टीमें हिस्सा ले रही हैं। इनमें रमेश स्पोर्टिंग, बाबा स्पोर्टिंग, स्टोनएक्स सेवन, तेलंगाना टाइटंस, बोकारो सुपरकिंग्स, सी.ऐ.जे टाटा, सिल्ली यूनाइटेड, एच एल एम स्पोर्टिंग शामिल हैं। युवा एवं प्रतिभावान टीमों के बीच कड़े और दिलचस्प मुकाबले देखे जा सकेंगे। इस टूनार्मेंट के आयोजन का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र के स्थानीय खिलाड़ियों को बढ़ावा देना और उन्हें राष्ट्रीय एवं अंतराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों के साथ खेलने और सीखने का मौका देना है। यह टूनार्मेंट राज्य में खेल के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होगा।

### ईरानी ट्राफी: सौराष्ट्र ने घुटने टेके, शेष भारत की बड़ी जीत

**राजकोट।** सौरभ कुमार (43 रन पर छह विकेट) और शम्स मुलानी (22 रन पर तीन विकेट) की कातिलाना गेंदबाजी की मदद से शेष भारत ने ईरानी ट्राफी मुकाबले के तीसरे दिन मंगलवार को सौराष्ट्र को 175 रन के विशाल अंतर से हरा दिया। सौराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम पर शेष भारत ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुये पहली पारी में 308 रन बनाये जिसके जवाब में सौराष्ट्र की टीम पहली पारी में 214 रनो पर आउट हो गयी। 94 रन की लीड लेकर शेष भारत ने दूसरी पारी में 160 रन बनाये और सौराष्ट्र के सामने जीत के लिये 255 रन का लक्ष्य रखा लेकिन शेष भारत के गेंदबाजों ने पिच पर मिल रही स्विंग और अनियमित उछाल का भरपूर लाभ उठाया और सौराष्ट्र की पूरी टीम 34.3 ओवर के खेल में महज 79 रन स्कोर पर पवेलियन लौट गयी।

स्पीड न्यूज

## सेमरी आजीविका महिला संकुल ने किया आमसभा का आयोजन

**पाटन पलामू।** राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत सगुना पंचायत सचिवालय सभागार में सेमरी आजीविका महिला संकुल स्तरीय लिमिटेड के तत्वाधान में एजीएम आमसभा का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता सीएलएफ अध्यक्ष सीता देवी व संचालन राजा बाबू ने किया। मौके पर मुख्य अतिथि सगुना मुखिया मंजु देवी, विशिष्ट अतिथि पाटन प्रखंड प्रमुख शोभा देवी, समाजसेवी सुरेंद्र सिंह, रंजीत सिंह, शशि प्रसाद गुप्ता मुख्य रूप से उपस्थित थे। मौके पर मुखिया ने कहा कि ग्रामीण महिलाओं में प्रतिभा की कमी नहीं है जरूरत है हम जैसे प्रतिनिधि को निखारने की। जब भी जरूरत पड़े सहायता को हरसमय तैयार हैं।

## सागवान की अवैध लकड़ी जब्त एक गिरफ्तार, दो फरार

**दुमका।** अवैध लकड़ी जप्त करते हुए वन विभाग की टीम एक लकड़ी माफिया को गिरफ्तार कर मंगलवार को जेल भेज दी। गिरफ्तार आरोपी पश्चिम बंगाल के वीरभूम जिला के राजनगर निवासी मिराज शेख उर्फ लीलू शेख है। जानकारी के अनुसार मसानजोर-सिउड़ी मुख्य पथ पर मुराजोड़ा गांव के समीप वन विभाग की टीम गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर चाइनीज ठेला पर लदे कीमती सागवान एवं गमहार के 19 बोटा लकड़ी जप्त करते हुए एक को धर दबोचने में सफल रही। हालांकि दो आरोपी पुलिस को चकमा दे फरार होने में कामयाब रहे।

## युवक पर सियार का हमला, मौत

**पाकुड़।** मालपहाड़ी ओपी क्षेत्र के चेंगाडांगा गांव में सोमवार की रात खेत में युवक की लाश पड़ी मिली।नदी से चारा लाने के क्रम में गांव से करीब 500 मीटर की दूरी पर खेत में उसका शव बरामद हुआ है। तुरंत पुलिस को मामले की सूचना मिली तो पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच की।

## विहिप व बजरंग दल ने निकाली शौर्य यात्रा

**बारियातू।** प्रखंड मुख्यालय स्थित श्रीराम जानकी मंदिर प्रांगण में मंगलवार को विश्व हिन्दू परिषद व बंजरग दल के कार्यकत्ताओं व धर्मावलंबियों ने शौर्य रथ में विराजमान भगवान राम लक्ष्मण मां सीत, शीला व हनुमान जी की प्रतिमा को दर्शन किया। शौर्य यात्रा कार्यक्रम में रथ यात्रा को विधिवत गाजे-बाजे के साथ बारियातू से नचना, बटहेट बरछीया नगर भ्रमण करते हुए बारियातू प्रखंड मुख्यालय श्रीराम जानकी मंदिर प्रांगण के समीप रथ को रोका गया।

## भागलपुर से आ रही बस पलटी

**गोड्डा।** आज शाम भागलपुर से गोड्डा आ रही एक पैसेंजर बस ने पलटी मार दी । किसी के हताहत होने की कोई सूचना प्राप्त नहीं हुई है लेकिन दुर्घटना में कुछ लोग घायल अवश्य हुए हैं जिन्हे पंजवरा में चिकित्सा के लिए भेजा गया है। हेमपुष्पा नाम की ये बस भागल पुर से गोड्डा के लिए आ रही थी एक ऑटो को बचाने के चक्कर में बस पलट गई। बताया गया कि ऑटो रिक्शा चालक ने कुछ नशा किया था और उसकी गलती से ही बस पलट गई। ये बिहार बांका जिला के पंजवारा के निकट की घटना है ।

## शौर्य जागरण यात्रा सह धर्म सभा का हुआ आयोजन

**बालूमाथ।** बालूमाथ बिरसा मैदान जोगियाडीह में मंगलवार को हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के द्वारा शौर्य जागरण यात्रा एवं विशाल धर्म सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान अयोध्या से चलकर बालूमाथ पहुंच रथ यात्रा का भव्य स्वागत श्रद्धालुओं द्वारा किया गया। वहीं उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए राम जन्मभूमि में पहला ईट रखने वाले मुख्य अतिथि कामेश्वर जी चौपाल ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की।

### इबीसी को घटाकर धर्म और जाति विशेष की संख्या बढ़ायी

# सुशील मोदी बोले, जातीय गणना की जांच हो

एजेंसी

**पटना।** बिहार में जातीय गणना रिपोर्ट जारी होने के बाद अब सियासत ने जोर पकड़ लिया है। बीजेपी के कई नेता जातीय गणना रिपोर्ट पर सवाल उठा रहे हैं। इस कड़ी में पूर्व मुख्यमंत्री और बीजेपी सांसद सुशील मोदी ने जातीय गणना रिपोर्ट की जांच की मांग कर डाली है। उन्होने कहा कि इस रिपोर्ट में कई जातियों की संख्या कम कर दी गई है। तो एक धर्म विशेष और कुछ जाति की संख्या को बढ़ा-चढ़ा कर पेश किया गया है। सुशील मोदी ने अपने एक्स हैंडल पर ट्वीट करते हुए लिखा कि अनेक अति पिछड़ी जातियों की शिकायत आई है। कि उनकी संख्या को साजिश के तहत कम कर दिया गया है। तथा एक धर्म विशेष एवं कुछ जाति विशेष की संख्या को बढ़ा चढ़ा कर पेश किया गया है, जिसकी जांच कराने की आवश्यकता है। वहीं इससे पहले बीजेपी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और सांसद संजय जायसवाल ने भी जातीय गणना रिपोर्ट पर सवाल



खड़े किए। उन्होने आरोप लगाया कि मुस्लिमों को ओबीसी के अंदर गिनने पर हिंदुओं के साथ अन्याय हुआ है। बीते 33 सालों में अल्पसंख्यक (मुस्लिमों) को पिछड़ा और अति पिछड़ा का दर्जा देकर हिंदू समाज के अति पिछड़ों के साथ अन्याय किया है। उसे जातीय गणना रिपोर्ट के जरिए सरकारी तौर पर अब मुहर लगा दी गई है। बिहार बीजेपी के अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने भी जातीय गणना रिपोर्ट को आधी-अधूरी बताते हुए कहा कि जो आर्थिक, सामाजिक रूप से पिछड़े वर्ग हैं उसका तो रिपोर्ट ही नहीं है। अभी सिर्फ जातियों की गणना नीतीश कुमार ने बताई है लेकिन किस तकनीक से यह किया गया उसकी रिपोर्ट हम लेंगे।

## बिहार में जाति गणना रिपोर्ट के बाद बेगूसराय में आंबेडकर की मूर्ति तोड़ी, सड़क जाम

**बेगूसराय।** बिहार में असामाजिक तत्वों की करतूत सामने आई है। बेगूसराय में बाबा साहब भीम राव अंबेडकर की प्रतिमा को नुकसान पहुंचाया गया है। घटना के विरोध में लोगों ने रोड जाम कर दिया। जातीय गणना की रिपोर्ट जारी किए जाने के बाद हुई इस घटना से लोग गुस्से में हैं। पुलिस उन्हें समझा कर हालात को सामान्य करने की कोशिश कर रही है। घटना डंडारी थाना क्षेत्र के कटरमाला दक्षिणी पंचायत की है। पंचायत सरकार भवन के बगल स्थित टेंपो स्टैंड में लगाई गई डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा को बीते रात असामाजिक तत्वों ने गिराकर क्षतिग्रस्त कर दिया। सुबह ग्रामीण बाबा साहब की क्षतिग्रस्त प्रतिमा को देखकर आक्रोशित हो गए और सड़क जाम कर विरोध करना शुरू कर दिया। जानकारी मिलते ही



पुलिस मौके पर पहुंच गई। डीएसपी विनय कुमार राय, इंस्पेक्टर दिनेश कुमार, थानाध्यक्ष मिथिलेश कुमार घटनास्थल पर पहुंचकर मामले को शांत करने में जुटे हैं। आक्रोशित लोगों ने प्रशासन पर सुरक्षा के अनदेखी करने का आरोप लगाया है। पुलिस मामले की छानबीन में जूटी है। डीएसपी ने कहा कि जिन लोगों ने इस हरकत को अंजाम दिया है उन्हें हर हाल में गिरफ्तार किया जाएगा। उन्होंने लोगों से शांति बहाल करने की अपील की है। जातीय गणना की रिपोर्ट आने के बाद इस घटना को अंजाम दिए जाने पर कई लोग इसे राजनीतिक रंग देने में जुटे हैं। हालांकि ऐसे लोगों को पुलिस ने चेतावनी दी है। घटनास्थल पर जिप अध्यक्ष सुरेन्द्र पासवान, जनाधिकार पार्टी के युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष संजय सिंह कई जनप्रतिनिधि पहुंचकर जानकारी ले रहे हैं। पुलिस इलाके में कैं कर रही है ताकि विधि व्यवस्था को ठीक रखा जा सके।

## मगध विश्वविद्यालय में छात्र जदयू ने निकाला मशाल जुलूस

एजेंसी

मगध विश्वविद्यालय में छात्र जनता दल यूनाइटेड के बैनर तले मशाल जुलूस निकाला गया। इसका लेकर छात्र जदयू के उत्तम कुशवाहा ने कहा कि




विश्वविद्यालय के प्रशासनिक तानाशाही रवैया है। परीक्षा फॉर्म भरवाकर परीक्षा नहीं ली जा रही है। पीएचडी फॉर्म भरे कई महीने बीत गए, लेकिन अभी तक परीक्षा नहीं हुई। पारंपरिक पाठ्यक्रमों पर विश्वविद्यालय प्रशासन ध्यान नहीं दे रही है। विश्वविद्यालय परिसर अंधेरे में डूबा है। जिसके कारण छात्रवासों में रहने वाले छात्र छात्राओं के साथ आवासीय कर्मचारियों और शिक्षकों को काफी परेशानी होती है। विश्वविद्यालय के साथ साथ गया कॉलेज की स्थिति भयावह है। व्यवसायिक पाठ्यक्रम के एक शिक्षक की गुंडागर्दी की गई, लेकिन अभी तक उसपर कार्रवाई नहीं हुई। मशाल जूलूस में शिव शक्ति, राहुल, अमरजीत, सुमित कुंदन अमित, गोरेलाल, अनिल, सौरभ, बिट्टू रोशन, रवि, राहुल आदित्य, प्रिंस जयप्रकाश जयप्रकाश रौनक सत्यम अन्य के साथ छात्र जदयू के सदस्य और मगध विश्वविद्यालय के छात्रों की सहभागिता रही।

## विधायक प्रतिनिधि की सक्रियता से बदला गया खराब ट्रांसफार्मर

खबर मन्त्र संवाददाता

गोड्डा। जिले के बसंत राय प्रखंड अंतर्गत महेशपुर गांव का 100ङश ट्रांसफार्मर कुछ दिनों पूर्व जल गया था जिसकी लिखित शिकायत गोड्डा विधायक अमित मंडल को ग्रामीणों ने दिया था । जिसके समाधान के लिए बिजली विभाग प्रतिनिधि गप्पू सिन्हा को आवेदन समर्पित किया गया। सभी विभागीय कार्य करते हुए ट्रांसफार्मर निर्गत कराया गया।ज्ञात्त हो वर्तमान में लगभग गोड्डा विधानसभा क्षेत्र में 28 ट्रांसफर्मर खराब पड़े हुए है जिसके समाधान के लिए प्रयास जारी है। ट्रांसफार्मर निर्गत करने के लिए गोड्डा इंचार्ज देवघर के बिद्युत अभियंता को बनाया गया है जिनसे वार्ता कर और



समाधान कराने में ग्रामीणों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है अगर विद्युत विभाग के बिद्युत अभियंता को प्रभार दिया जाए तो जल्द समाधान होने की संभावना है। ट्रांसफर्मर निर्गत कराने हेतु गोड्डा विधायक एवं प्रतिनिधि गप्पु सिन्हा को ग्रामीणों ने धन्यवाद आभार व्यक्त किया है मौके पर मनोज यादव, पिंटू झा, राजा ठाकुर, आशीष झा, राजेश यादव, राजा ठाकुर, बिसाल मंडल, गनॉरि ठाकुर, चिंटू साह आदि उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत नगर परिषद गोड्डा के सभी वार्डों में आयुष्मान सभा का आयोजन

गोड्डा। गोड्डा शहर के राजेन्द्र नगर, गुलजारबाग, लहेरी टोला, रामनगर, गोढ़ी, शांतिनगर, आसनबनी एवं शहरी सहिया के द्वारा अन्य वार्डों में आयुष्मान सभा का आयोजन किया गया। सभा में आयुष्मान भारत जन आरोग्य योजना के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई ।वहीं योग्य लोगों के बीच आयुष्मान कार्ड का वितरण किया गया। आयुष्मान कार्ड से लाभान्वितों के द्वारा अनुभव साझा किया गया। उपलब्ध स्वास्थ्य संस्थानों के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान किया गया। शहरी क्षेत्र की ए एन एम अलबिना सोरेन,पुष्पा कुमारी, जयमाला कुमारी के द्वारा वार्ड सभा में



स्वास्थ्य विभाग की विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी प्रदान किया गया। आयुष्मान सभा में गैर संचारी रोगों की जांच सिकल सेल, नियमित टीकाकरण, क्षयरोग आदि के बारे में जनसमुदाय को जागरूक किया गया। 108 एंबुलेंस सेवा के की जानकारी भी दी गई। आयुष्मान सभाओं में टीकाकरण एवं मिशन इंद्रधनुष के साथ ही शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर उपलब्ध सेवाओं एवं परिवार कल्याण दिवस एवं मासिक बुजुर्ग दिवस के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इस उपलक्ष्य पर जिला शहरी स्वास्थ्य प्रबंधक जयशंकर, शहरी बीटीटी प्रह्लाद कुमार बेबी कुमारी ए एन एम अलबिना सोरेन, आराधना कुमारी आदि मौजुद थे।

## शहर के बीचोबीच बाइक सवार उच्चकों ने स्कूल संचालिका से की 1.60लाख रुपये की छिनतई

खबर मन्त्र संवाददाता

दुमका। शहर के धर्म स्थान मंदिर के सामने बाइक सवार दो उच्चकों ने एक महिला के हाथ से पर्स छीन कर फरार हो गया। पर्स में 1.60 लाख रुपए थे। जानकारी के अनुसार महिला एसबीआई मुख्य शाखा से रुपया निकासी कर वापस जा रही थी। इसी बीच नगर थाना से कुछ ही दूरी पर धर्म स्थान मंदिर के सामने बाइक सवार उचक्कों ने छिनतई की घटना को अंजाम दिया। घटना के बाद महिला नगर थाना पहुंच घटना की जानकारी पुलिस को दी। पीड़ित महिला मुफस्सिल थाना क्षेत्र के अंगरायडीह गांव निवासी पुष्पा राय है। पुष्पा राय एक निजी विद्यालय संचालित



करती है। विद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों को वेतन देने के लिए वह बैंक से रुपए की निकासी की थी। घटना के उद्भेदन के लिए नगर थाना पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगालने में जुटी है, लेकिन समाचार लिखे जाने तक पुलिस कोई सफलता हाथ नहीं लगी है। यहाँ बता दें कि दुमका शहर का टीन बाजार चौक शहर का व्यस्ततम इलाका है। भीड़ भाड़ वाले जगह से दिन दहाड़े महिला के साथ छिनतई की घटना को अंजाम देना अपराधियों के बढ़ते मनोबल को दशार्ता है। इस तरह की घटना पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से ही दुमका पुलिस चौक-चौराहे पर सीसीटीवी लगायी है। इसके बाबजूद इस तरह की घटना घटित होना बताता है कि अपराधियों को सीसीटीवी का भी खौफ नहीं है।

## सब्जी मंडी में अचानक बाइक में लगी आग,अफरातफरी मची

**दुमका।** शहर बीचबीच भीड़ वाले जगह टिन बाजार के सब्जी मंडी में अचानक एक बाइक में आग लग गई। जिससे लोगों में अफरा-तफरी का माहौल हो गया। हालांकि स्थानीय लोगों के प्रयास से आग पर काबू पा लिया गया।



जानकारी के अनुसार पाकुड़ जिला के पाकुड़िया थाना के फुलझड़ी निवासी सत्य भंडारी सब्जी खरीद बिक्री का कारोबार करता है। सब्जी लेने वह दुमका बाजार पहुंचा था। जहां स्पलेंडर बाइक खड़ी कर वह सब्जी की कीमत जानने लगा। उसके बाद जब वह बाइक स्टार्ट करने लगा तो बाइक स्टार्ट नहीं हुई। उसने चॉक लेकर बाइक स्टार्ट करना चाहा। लेकिन चॉक लेकर कीक मरते ही बाइक में आग लग गयी। बाइक खड़ी कर वह किसी तरह जान बचा कर भागा। जबकी बाइक धू-धू कर जलने लगी। मौके पर अफरा तफरी मच गई। स्थानीय लोगों के प्रयास से आग पर काबू पाया गया। आग बुझने के बाद वह बाइक लेकर ठीक कराने शो रूम चला गया।

### सड़क दुर्घटनाओं एवं उनके कारणों की विस्तृत समीक्षा की गयी

# उपायुक्त मृत्युंजय कुमार बरणवाल ने की सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता

**पाकुड़।** समाहरणालय स्थित सभागार में उपायुक्त मृत्युंजय कुमार बरणवाल ने मंगलवार को सड़क सुरक्षा समिति की बैठक की। बैठक में उपायुक्त के द्वारा सड़क दुर्घटनाओं एवं उनके कारणों की विस्तृत समीक्षा की गई। उपायुक्त ने सड़क दुर्घटनाओं का स्थलीय निरीक्षण करने के साथ सही कारणों को जानकर उसका निराकरण कराकर सड़क दुर्घटनाओं में रोक लगाने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि जिला में प्रायः देखा जा रहा है कि हेलमेट एवं सीट बेल्ट का उपयोग वाहन चालक नहीं कर रहे हैं जिससे सड़क दुर्घटनाओं में आए दिन इजाफा हो रहा है और मृत्यु दर भी बढ़ रही है तथा 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चे के द्वारा बाईक एवं अन्य वाहन के विरुद्ध जांच अभियान तेजी से चलाने हेतु पुलिस एवं परिवहन विभाग को सख्त निर्देश दिया गया। साथ ही शिक्षा विभाग एवं परिवहन विभाग दोनों आपस में समन्वय स्थापित कर सभी सरकारी एवं गैर सरकारी स्कूल के




विद्यार्थियों के बीच जागरूकता अभियान चलाएंगे और 18 वर्ष से कम उम्र के विद्यार्थियों को मोटर वाहन अधिनियम से संबंधित सभी जानकारी देकर जागरूक करेंगे। शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में हेलमेट को लेकर सख्ती के साथ अनुपालन कराया जाए.इसको लेकर सभी थाना प्रभारी एवं जिला परिवहन कार्यालय को निर्देश दिया गया। वहीं स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिया गया कि सड़क दुर्घटना होने के पश्चात पोस्टमार्टम रिपोर्ट लिखने में हो रही देरी का निवारण तुरंत करें। सभी आमजनों के गुड समेरीटरनं पॉलिसी के प्रति जागरूकता फैलाने पर भी विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। पाकुड़ जिला के अंतर्गत बंगाल से आनेवाले सभी टोटो एवं ऑटो पर सख्त कार्रवाई के साथ दंड की राशि वसुल की जाए। जो बिना रजिस्ट्रेशन एवं बिना ड्राइविंग लाइसेंस का वाहन परिचालन करते हैं।

## ग्रामीण खिलाड़ियों की प्रतिभा निखारने की है जरूरत : ओमकारनाथ



**मेदिनीनगर।** पांकी के पूर्व और वर्तमान विधायक आपस में जूझ रहे हैं जनता देख रही है इन दोनों को जनता नकार देगी। पांकी विस क्षेत्र की जनता सिर्फ विकास चाहती है। उक्त बातें आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता ओंकार नाथ जायसवाल ने कही। वे केकरगढ़ पंचायत के केकरगढ़ पंचायत के ग्राम जाजों में फुटबॉल टूर्नामेंट के उदघाटन के अवसर पर लोगों को संबोधित कर रहे थे। जायसवाल ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ियों में प्रतिभा की कमी नहीं है। युवाओं की प्रतिभा निखारने की जरूरत है। खिलाड़ी खेल का बेहतर प्रदर्शन कर आगे बढ़ें। फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन जांजों युवा खरवार क्लब के द्वारा किया गया। फुटबॉल मैच जांजो और खतांग ग्राम के टीम के बीच खेला गया। जांजो टीम एक गोल से खतांग को हरा दिया। इसके पूर्व जायसवाल ने फीता काटकर और फुटबॉल को किक मारकर टूर्नामेंट का शुभारंभ किया। मौके पर केकरगढ़ के मुखिया पति विनोद यादव, सरपंच नरेश यादव, सुरेंद्र यादव, मुकेश यादव, लालू यादव, कर्मजीत सिंह, विनय सिंह,सतपाल सिंह,अरुण वर्मा, अमित गुप्ता, अमरेश मेहता, नंद किशोर सिंह, संजय सिंह, संतु सिंह, बीरेंद्र सिंह, सुरूजमल सिंह के अलावा बड़ी संख्या में लोग शामिल थे।

## जनता दरबार में उपायुक्त ने सुनी लोगों की समस्याएं

**मेदिनीनगर ।** उपायुक्त शशि रंजन ने मंगलवार को समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया। जिले



के विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे ग्रामीणों ने उपायुक्त को अपनी-अपनी समस्याओं से अवगत कराते हुए समाधान करने हेतु अनुरोध किया। जनता दरबार में आये समस्याओं का अवलोकन करते हुए उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को आवेदन अग्रसारित करते हुए निर्धारित समय सीमा पर निष्पादन करने का निर्देश दिया। जनता दरबार में हरिहरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम कोआखोह के ग्रामीण जनता ने उपायुक्त से नाली एवं सर्विस रोड की निर्माण कराने का अनुरोध किया। इसी तरह मेदिनीनगर के नावाटोला निवासी नुरेशा खातून ने उपायुक्त से विधवा पेंशन दिलाने का अनुरोध की। इसी तरह पंडवा प्रखंड क्षेत्र के ग्राम मुरमा निवासी सागर ठाकुर ने पशु शेड निर्माण की राशि दिलाने का अनुरोध किया। इसी तरह मनातू प्रखण्ड क्षेत्र के ग्राम बुधमडीह निवासी शर्घा देवी ने उपायुक्त से प्रधामनंत्री आवास योजना का लाभ देने की अनुरोध की। इसी तरह रेहला थाना क्षेत्र के ग्राम झगरूआ निवासी महबूब अंसारी ने उपायुक्त से राशन कार्ड में नाम जुड़वाने का अनुरोध किया। जनता दरबार में मुख्य रूप से जमीन संबंधी, प्रधानमंत्री आवास व जमीन दाखिल खारिज, जमीन हड़पने,राशन कार्ड,वृद्धा पेंशन आदि से सबंधित कई आवेदन आये जिसे उपायुक्त ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को अग्रसारित कर निर्धारित समय सीमा के अंदर निष्पादित करने का निर्देश दिया।

## पाटन भाजपाइयों ने मनायी गांधी व शास्त्री की जयंती

**पाटन पलामू।** भारतीय जनता पार्टी पाटन मंडल अंतर्गत नैनी झरिया में राष्टपिता महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा



पाटन मंडल अध्यक्ष संजय सिंह ने की और संचालन जिला कार्यसमिति सदस्य निरंजन पासवान ने किया। कार्यक्रम के दौरान सभी को निरंजन पासवान के द्वारा वस्त्र एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित पलामू के पूर्व सांसद मनोज कुमार और प्रवासी प्रभारी अविनाश वर्मा उपस्थित थे। मौके पर पूर्व सांसद ने कहा कि गांधी के बताए हुए मार्ग पर अहिंसा के रास्ते पर चलने की आवश्यकता है। मौके पर श्री अविनाश ने कहा कि गांधी व शास्त्री देश के महान विभूति थे। जिन्होंने भारत को आजादी दिलाई थी। इनके आदर्श अनुकरणीय है। साथ ही अनुसूचित जाति बस्ती में कार्यक्रम आयोजित किया गया। भाजपाईयों ने अनूसूचित जाति बस्ती में लोगो से मिलकर उन्हे अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। भाजपाईयों ने लोगों से मोदी जी के द्वारा चलाये जा रहे योजना का लाभ मिला है या नहीं इसकी जानकारी ली। मौके पर वशिष्ट पांडे ,आनंद सिंह, धीरेंद्र सिंह, गोपाल पासवान, रवि नाथ साव ,उमाशंकर सिंह, सत्येंद्र कुमार सिंह, अशोक तिवारी, गुड्डू सिंह भी थे।

पेज 1 का शेष

## राज्य में बड़ी संख्या में...

**नयी नियमावली बनायी :** सीएम ने कहा कि उन्होंने कहा कि नियुक्ति पत्र देने का यह कोई पहला अवसर नहीं है। पिछले कई मौकों पर हमारी सरकार, राज्य के युवक-युवतियों को नियुक्ति पत्र दे चुकी है। सरकार ने डीएसपी, बीडीओ, सीओ सहित राज्य में पहली बार खेल पदाधिकारी, कृषि पदाधिकारी, लैब साइंटिस्ट की भी नियुक्तियां की हैं। राज्य बनने के बाद पहली बार जेपीएससी की नियमावली बनी। इससे पहले जो भी बहाली होती थी, वह कोर्ट-कचहरी के चक्कर में फंस जाता था। **सामाजिक सुरक्षा के तहत सर्वजन पेंशन योजना :** उन्होंने कहा कि सामाजिक सुरक्षा से ही विकसित समाज की कल्पना नहीं की जा सकती है। इसी के लिए उनकी सरकार ने सर्वजन पेंशन योजना राज्य के बुजुर्गों विधवाओं और दिव्यांगों को सामाजिक सुरक्षा देने के लिए शुरू किया गया है। इससे देश में झारखंड की एक अलग पहचान बनी। एक सर्वे में यह बात सामने आयी है कि वित्त प्रबंधन में हम गुजरात से भी आगे हैं और देश के पांचवें राज्य में हम शुमार हैं। कोरोना महामारी जैसी महामारी और तमाम संकटों के बीच सरकार लोगों की जीविका और जीवन को बचाने में ही लगी रही। विकास को गति देने का काम शुरू हुआ। इसी दौरान हमें सुखाड़ जैसी स्थिति का भी सामना करना पड़ा। इसके बावजूद सरकार जनता की समस्याओं के समाधान में लगी है। **क्षमता, दक्षता व संभावनाओं की कमी नहीं :** सीएम ने कहा कि राज्य में क्षमता, दक्षता और संभावनाओं की कमी नहीं है। बस थोड़ा सा प्रयास करने की आवश्यकता है। इसी उम्मीद के साथ आप सभी को बधाई, शुभकामनाएं और जोहार। उन्होंने कहा कि अधिकारियों कर्मचारियों के प्रमोशन को लेकर सरकार तेजी से कार्य कर रही है। इस इस अवसर पर श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता, मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव वंदना दादेल, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, वाणिज्य कर विभाग की सचिव विप्रा भाल, वाणिज्य कर आयुक्त संतोष वत्स सहित संबंधित विभाग के अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## दिल्ली में धराया दूसरा आतंकी...

**जामिया मिलिया से पीएचडी कर रहा अरशद :** आतंकी मो अरशद वारसी दिल्ली में जामिया मिलिया से बीटेक और एमबीए करने के बाद पीएचडी कर रहा था। उसके पिता पेशे से शिक्षक हैं। अरशद के भाई की कुछ दिनों पहले उसकी दिल्ली पोस्टिंग हुई है। अरशद अपने भाई के साथ ही दिल्ली में रह रहा था। अरशद का एएमयू से भी नाता रहा है। दो माह में पकड़ा गया यह दूसरा आतंकी है, जिसका नाम एएमयू से जुड़ा है। जुलाई में झारखंड के ही फैजान अंसारी को पकड़ा गया था। वह वहां स्नातक का छात्र था। सभी लोग डार्क वेब नेट के जरिये आईएसआईएस से जुड़े थे और देश विरोधी गतिविधियों में शामिल थे।

स्पीड न्यूज

### नाइजर में आतंकी हमला 29 सैनिकों की मौत

**नियामी (नाइजर)।** पश्चिम अफ्रीकी देश नाइजर में संदिग्ध जिहादियों के हमले में 29 सैनिकों की मौत हो गई। रक्षा मंत्रालय ने तीन दिन के राष्ट्रीय शोक की घोषणा की है। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि 100 से अधिक आतंकवादियों के समूह ने घातक विस्फोटक उपकरणों से सैनिकों को निशाना बनाया। उल्लेखनीय है कि नाइजर अलकायदा, बोको हरम और इस्लामिक स्टेट समूह से जुड़े जिहादी आतंकवाद से वर्षों से जूझ रहा है। सैन्य तख्तापलट के बाद लोकतांत्रिक तरीके निर्वाचित राष्ट्रपति मोहम्मद बजौम को 26 जुलाई को अपदस्थ कर दिया था।

### नेपाल में भूकंप के दो झटके, 7 घायल

**काठमांडू।** नेपाल के पश्चिमी हिस्से में मंगलवार दोपहर को 5.3 और 6.3 तीव्रता के भूकंप के दो झटके महसूस किए गए और सात लोग घायल हुए। राष्ट्रीय भूकंप निगरानी और अनुसंधान केंद्र ने बताया कि बझांग जिले में 5.3 तीव्रता वाले भूकंप का पहला झटका अपराह्न दो बजकर 40 मिनट पर आया तथा अपराह्न तीन बजकर छह मिनट पर 6.3 तीव्रता का दूसरा झटका आया। अपराह्न तीन बजे से शाम पांच बजकर 38 मिनट के बीच बझांग जिले में रिक्टर पैमाने पर चार से पांच तीव्रता वाले भूकंप के बाद के कम से कम छह झटके महसूस किए गए। अपराह्न तीन बजकर 13 मिनट पर 5.1 तीव्रता, पौने चार बजे 4.1 तीव्रता, चार बजकर 28 मिनट पर 4.1 तीव्रता, चार बजकर 31 मिनट पर 4.3 तीव्रता, शाम पांच बजकर 19 मिनट और शाम पांच बजकर 38 मिनट पर पांच तीव्रता के झटके कम आबादी वाले पहाड़ी क्षेत्र में महसूस किए गए।

### हुंदै के सभी वाहनों में होंगे छह एयरबैग

**नयी दिल्ली।** वाहन बनाने वाली कंपनी हुंदै मोटर इंडिया ने मंगलवार को कहा कि भारत में अब उसके सभी मॉडल छह एयरबैग के साथ आएंगे। कंपनी ने यह भी घोषणा की कि उसने हाल ही में पेश किये गये भारत एनसीएपी (नई कार आकलन कार्यक्रम) में तीन मॉडल के साथ स्वैच्छिक भागीदारी का फैसला किया है। इसके बाद इसके तहत और भी मॉडल पेश किये जाएंगे।

### चीन में तूफान कोइनू के लिए येलो अलर्ट

**बीजिंग।** चीन की राष्ट्रीय वेधशाला ने मंगलवार सुबह शक्तिशाली तूफान कोइनु के लिए येलो अलर्ट जारी किया। इस साल के 14वें तूफान के कारण देश के दक्षिणी और पूर्वी हिस्सों में आंधी आने के आसार हैं। राष्ट्रीय मौसम विज्ञान केंद्र ने यह जानकारी दी।

### जापान के होन्शू में 6.0 तीव्रता का भूकंप

**हांगकांग।** जापान के होंशू द्वीप के दक्षिण-पूर्व में मंगलवार को भूकंप के तेज झटके महसूस किये गये। अंतरराष्ट्रीय समयानुसार 11:38:05 बजे आये भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 6.0 आंकी गयी।

### अमेरिका में विमान क्रैश, चार की मौत

**लॉस एंजेल्स।** अमेरिका के यूटा राज्य में रविवार रात एक छोटे विमान के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से चार लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। शेरिफ कार्यालय ने कहा कि दुख की बात है कि विमान के पायलट, उत्तरी डकोटा राज्य के सीनेटर डौग लार्सन, उनकी पत्नी और उनके दो बच्चे दुर्घटना में जीवित नहीं बचे।

### सेंसेक्स 316 अंक टूटा

**मुंबई।** विदेशी पूंजी की निकासी जारी रहने और एशियाई बाजार के सुस्त संकेतों के बीच घरेलू मानक सूचकांक मंगलवार को आधा प्रतिशत तक गिरे। सेंसेक्स 316.31 अंक गिरावट के साथ 65,512.10 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी 109 अंक गिरकर 19,528 पर बंद हुआ।

# देश का गरीब ही सबसे बड़ी जाति

## कांग्रेस ने लोकतंत्र को लूटतंत्र व प्रजातंत्र को परिवारतंत्र बनाया : मोदी

**▸▸ अपराध को ले छत्तीसगढ़ व राजस्थान में चल रही स्पर्धा**

एजेंसी

**जगदलपुर/नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कांग्रेस पर देश को जाति के आधार पर बांटने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि भाजपा के लिए देश का गरीब ही सबसे बड़ी जाति है और उसके कल्याण के लिए काम करना ही उद्देश्य। कांग्रेस के नेता कहते हैं कि जितनी आबादी, उतना हक। मैं कहता हूं इस देश में अगर कोई सबसे बड़ी आबादी है तो वह गरीब है। इसलिए मेरे लिए गरीब ही सबसे बड़ी आबादी है और गरीब का कल्याण ही मेरा मकसद। छत्तीसगढ़ के एक दिवसीय दौरे पर जगदलपुर पहुंचे प्रधानमंत्री ने यहां भाजपा की परिवर्तन संकल्प रैली को संबोधित किया। मोदी ने पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के देश के संसाधनों पर पहला अधिकार अल्पसंख्यकों का होने संबंधी बयान को दोहराते हुए कहा कि अब कांग्रेस कह रही है कि समुदाय की आबादी तय करेगी कि देश के संसाधनों पर पहला अधिकार किसका होगा। प्रधानमंत्री ने सवालिया लहजे में कहा कि तो अब क्या वे (कांग्रेस) अल्पसंख्यकों के अधिकारों को कम करना चाहते हैं? क्या वे अल्पसंख्यकों को हटाना चाहते हैं? इसका अर्थ यह हुआ कि हिंदुओं का ही हक है, मुसलमान का कोई हक नहीं है क्योंकि वह अल्पसंख्यक हैं। मोदी ने कहा कि आज कांग्रेस को उसके नेता नहीं बल्कि वे लोग चला रहे हैं जो देश विरोधी ताकतों से मिले हुए हैं। कांग्रेस के बड़े नेता मुंह पर ताला लगा कर बैठे हैं और परदे के पीछे बैठे लोग देश विरोधी ताकतों से मिले हुए हैं। इनका मकसद हिंदुओं को सता कर देश को तबाह करना है। उन्होंने कहा कि गरीबों में आत्मविश्वास जगाने की केंद्र की योजनाएं बनाई गई। देश के गरीबों



का भला ही देश का भला है। कांग्रेस ने आजतक नहीं बताया कि उसने दूसरे देश के साथ क्या गुप्त समझौता किया। कांग्रेस को देश की बुराई करने में ज्यादा मजा आता है। असल में उसका भारत प्रेम कम हो गया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि दलित, पिछड़ा, आदिवासी या सामान्य वर्ग से से भी कोई गरीब हो तो उसकी चिंता करना उनकी सरकार का काम है और इसी से देश बदलेगा। कांग्रेस जातियों के बीच बैर बढ़ाना चाहती है। प्रधानमंत्री ने भ्रष्टाचार और अपराध को लेकर कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में भ्रष्टाचार और अपराध चरम पर है। राज्य इन दो मोर्चों पर राजस्थान से प्रतिस्पर्धा कर रहा है। मोदी ने कहा कि कांग्रेस का छत्तीसगढ़ के प्राकृतिक संसाधनों को लूटने का ट्रैक रिकॉर्ड रहा है। कांग्रेस ने लोकतंत्र को लूटतंत्र और प्रजातंत्र को परिवारतंत्र बना दिया है। भाजपा सरकार बनते ही पीसीएस घोटाले की जांच होगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने सिर्फ पांच वर्षों में छत्तीसगढ़ की जो हालत कर दी है, उसे पूरा देश देख रहा है। कांग्रेस के विधायक और मंत्रियों ने जो कारनामे यहां किए हैं, उससे हर कोई त्रस्त है। चारों तरफ भ्रष्टाचार का बोलबाला है। छत्तीसगढ़ में अपराध चरम पर है, हत्याओं के मामले में छत्तीसगढ़ अग्रणी राज्यों में पहुंच चुका है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि कभी-कभी लगता है कि छत्तीसगढ़ और राजस्थान में स्पर्धा चल रही है कि कहां सबसे ज्यादा हत्याएं होती है, कहां सबसे ज्यादा लूट होती है, कहां सबसे ज्यादा महिलाओं पर अत्याचार होते हैं।उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में विकास या तो पोस्टरों और बैनरों में दिखता है, या तो कांग्रेस नेताओं की तिजोरी में दिखता है। कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ को सिर्फ झूठा प्रचार और घोटालेबाज सरकार दी है। इसलिए आज छत्तीसगढ़ के कोने-कोने से एक ही आवाज आ रही है, अउ नइ सहिबो बदल के रहिबो।

### वाजपेयी ने आदिवासियों के लिए बनाया अलग मंत्रालय

प्रधानमंत्री ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार ने आदिवासियों के लिए अलग मंत्रालय और बजट बनाया। आदिवासी भाई-बहनों की मांग को पूरा करते हुए अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार ने छत्तीसगढ़ बनाया। प्रधानमंत्री ने कहा कि मैंने अपने जीवन के कई साल आदिवासी इलाकों में बिताए हैं और मेरा दिल आपके साथ है। मुझे गर्व है कि भाजपा को भारत की पहली आदिवासी महिला राष्ट्रपति बनाने का सम्मान मिला।

### ब्रिटेन में यात्रियों, छात्रों के लिए वीजा फीस में वृद्धि आज से लागू होगा

**लंदन।** ब्रिटेन की सरकार द्वारा घोषित प्रस्तावित वीजा शुल्क वृद्धि बुधवार से प्रभावी हो जाएगी, जब भारतीयों सहित दुनिया भर के यात्रियों के लिए छह महीने से कम की यात्रा वीजा की कीमत 15 ग्रेट ब्रिटेन पाउंड अधिक जबकि छात्र वीजा की कीमत 127 ग्रेट ब्रिटेन पाउंड (जीबीपी) अधिक होगी। पिछले महीने संसद में प्रस्तावित कानून पेश किए जाने के बाद, ब्रिटेन के गृह कार्यालय ने कहा कि छह महीने से कम समय के लिए यात्रा वीजा की लागत बढ़कर 115 जीबीपी हो जाएगी और ब्रिटेन के बाहर से छात्र वीजा के लिए आवेदन करने का शुल्क बढ़कर जीबीपी 490 हो जाएगी। गृह कार्यालय के प्रवक्ता ने कहा कि वीजा आवेदन शुल्क बढ़ाना उचित है ताकि हम महत्वपूर्ण सार्वजनिक सेवाओं को वित्त पोषित कर सकें और सार्वजनिक क्षेत्र के वेतन में योगदान के लिए व्यापक वित्त पोषण होने दें। गृह कार्यालय ने यात्रा वीजा की लागत में 15 प्रतिशत की वृद्धि और अध्ययन वीजा और प्रायोजन के प्रमाण पत्र की लागत में कम से कम 20 फीसदी की वृद्धि का संकेत दिया।

## तीन वैज्ञानिकों को भौतिकी का नोबेल पुरस्कार

**▸▸ इलेक्ट्रॉनों की गतिशीलता के अध्ययन के तरीके विकसित करने को एगोस्टिनी, क्रॉस्ज और हुइलियर को मिला सम्मान**

**स्टॉकहोम।** भौतिकी में 2023 का नोबेल पुरस्कार पियरे एगोस्टिनी, फेरेंक क्रॉस्ज और ऐनी एल'हुइलियर को प्रदान किया गया है। पदार्थ में इलेक्ट्रॉनों की गतिशीलता का अध्ययन करने के तरीके विकसित करने के लिए इन वैज्ञानिकों को इस प्रतिष्ठित पुरस्कार के लिए चुना गया है। नोबेल समिति ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अमेरिका में ओहियो स्टेट यूनिवर्सिटी के पियरे एगोस्टिनी, जर्मनी में मैक्स प्लैंक इंस्टीट्यूट ऑफ क्वांटम ऑप्टिक्स और म्यूनिख के लुडविग मैक्सिमिलियन विश्वविद्यालय के फेरेंक क्रॉस्ज और स्वीडन में लुंड विश्वविद्यालय की ऐनी एल'हुइलियर ने पुरस्कार जीता। स्टॉकहोम में पुरस्कार की घोषणा करने वाली रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेज के अनुसार, उनके प्रयोगों ने मानवता को परमाणुओं और अणुओं के अंदर इलेक्ट्रॉनों की दुनिया की खोज के लिए नए उपकरण दिए हैं। उन्होंने प्रकाश की अत्यंत छोटी तरंगें बनाने का एक तरीका प्रदर्शित किया है, जिसका उपयोग उन तीव्र प्रक्रियाओं को मापने के लिए किया जा सकता है जिनमें इलेक्ट्रॉन गति करते हैं या ऊर्जा बदलते हैं.फिलहाल, यह विज्ञान व्यावहारिक अनुप्रयोगों के बजाय हमारे ब्रह्मांड को समझने के बारे में है, लेकिन उम्मीद है कि यह




अंततः बेहतर इलेक्ट्रॉनिक्स और रोग निदान को जन्म देगा. एल'हुइलियर भौतिकी में नोबेल जीतने वाली पांचवीं महिला हैं। उन्होंने पुरस्कार की घोषणा करते हुए संवाददाता सम्मेलन में कहा, 'यह सबसे प्रतिष्ठित है और मैं यह पुरस्कार पाकर बहुत खुश हूं. यह अविश्वसनीय है। जैसा कि आप जानते हैं कि इतनी सारी महिलाएं नहीं हैं, जिन्हें यह पुरस्कार मिला है, इसलिए यह बहुत खास है।



**नयी दिल्ली। भारत यात्रा पर आयीं डोमिनिकन गणराज्य की उपराष्ट्रपति रकेल पेना रोड्रिग्ज ने मंगलवार को राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। राष्ट्रपति ने सुश्री रोड्रिग्ज की पहली भारत यात्रा पर उनका स्वागत करते हुए कहा कि इस यात्रा का समय बहुत उपयुक्त है, क्योंकि भारत और डोमिनिकन गणराज्य अपने राजनयिक संबंधों की 25वीं वर्षगांठ मना रहे हैं।**

### फिल्म लाहौर 1947 में काम करेंगे सनी देओल



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता सनी देओल, आमिर खान निर्मित फिल्म लाहौर 1947 में काम करते नजर आयेंगे। कुछ समय से ऐसी चर्चा हो रही थी कि आमिर खान और सनी देओल एक फिल्म में साथ काम करेंगे।इस फिल्म की ऑफिशियल अनाउसमेंट हो गई है। आमिर खान प्रोडक्शन की तरफ से सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर करते हुए इस फिल्म का ऐलान किया गया है। फिल्म का टाइटल लाहौर 1947 रखा गया है।आमिर खान प्रोडक्शन की तरफ से जो पोस्ट शेयर किया है उसमें लिखा कि मैं और आमिर खान प्रोडक्शन की पूरी टीम एक्साइटेड है और फिल्म सनी देओल के साथ अनाउंस करते हुए खुशी हो रही है, जिसके निर्देशक राजकुमार संतोषी हैं और फिल्म का टाइटल लाहौर 1947 हैं। टैलेंटड एक्टर सनी देओल और डायरेक्टर राजकुमार संतोषी के साथ कोलैबोरेट करने में खुशी हो रही है।जो पोस्ट सामने आया है उससे यही लग रहा है कि आमिर सिर्फ इस फिल्म को प्रोड्यूस कर रहे हैं।

## वेलनेस टीम गठित करे स्कूल

**आत्महत्या के जोखिम वाले छात्रों की पहचान करें : शिक्षा मंत्रालय**

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने छात्रों को आत्महत्या जैसा कदम उठाने से रोकने के लिए स्कूलों को जारी अपने मसौदा दिशा-निर्देशों में कहा है कि इसके लिए वेलनेस (आरोग्य) टीम गठित करने के साथ ही आत्महत्या के जोखिम संबंधी संकेत प्रदर्शित करने वाले छात्रों की पहचान की जानी चाहिए और उनका समर्थन किया जाना चाहिए। दिशा निर्देशों को विकसित करने के पीछे का विचार है कि हर बच्चे का महत्व है। मसौदे में स्कूलों को संवेदनशीलता और समझ बढ़ाने तथा स्व-नुकसान के मामले में सहायता प्रदान करने का निर्देश दिया गया है। इसके अलावा, दिशा-निर्देश स्कूलों, अभिभावकों और समुदाय के बीच साझेदारी को बढ़ावा देने, आत्महत्या को रोकने और आत्मघाती व्यवहार से जुड़े कलंक को कम करने के लिए एक महत्वपूर्ण रणनीति के रूप में सामाजिक समर्थन को बढ़ावा देने पर भी जोर देते हैं। मसौदे में सहपाठियों के साथ तुलना, विफलता को स्थायी मानने और अकादमिक प्रदर्शन को सफलता का एकमात्र मापदंड मानने सहित हानिकारक धारणाओं को त्यागने की भी सिफारिश की गई है। इसके अलावा खाली कमरों में ताला लगाने, अंधेरे गलियारों को रोशन करने और बगीचों तथा अत्यधिक घास वृद्धि वाले क्षेत्रों की सफाई करने की भी सिफारिश की गई है। उम्मीद (समझें, प्रेरित करें, प्रबंधित करें, सहानुभूति रखें, सशक्त बनाएं, विकसित करें) दिशा निर्देशों का मसौदा ऐसे समय आया है, जब कोचिंग का केंद्र माने जाने वाले कोटा में इस साल इंजीनियरिंग और मेडिकल प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी करने वाले कई छात्रों ने आत्महत्या की है। प्रधानाचार्य के नेतृत्व में स्कूल वेलनेस टीम (एसडब्ल्यूटी) का गठन किया जा सकता है, जहां एसडब्ल्यूटी का प्रत्येक सदस्य संकट की स्थितियों से निपटने में निपुण हो। जब चेतावनी संकेत प्रदर्शित करने वाले छात्र की पहचान किसी हितधारक द्वारा की जाए, तो उन्हें इसकी जानकारी एसडब्ल्यूटी को देनी चाहिए, जो तत्काल कार्रवाई करेगी। एसडब्ल्यूटी मानसिक स्वास्थ्य के बारे में जागरूकता पैदा करने और आत्महत्या की रोकथाम की दिशा में निर्देशित स्कूल गतिविधियों के कार्यान्वयन में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

### बेहद चुनौतीपूर्ण दौर से गुजर रहा है कनाडा-भारत का संबंध : ट्रूडो



**टोरंटो।** प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने मंगलवार को कहा कि कनाडा भारत के संबंध बेहद चुनौतीपूर्ण दौर से गुजर रहे हैं। खालिस्तानी अलगाववादी की हत्या मामले को लेकर दोनों देशों में जारी राजनयिक विवाद के बीच ट्रूडो ने कहा कि ओटावा नयी दिल्ली के साथ रचनात्मक संबंध जारी रखेगा। टोरंटो सन अखबार की खबर के मुताबिक, ट्रूडो ने ओटावा में पत्रकारों से कहा कि कनाडा के लिए भारत में जमीनी स्तर पर राजनयिकों का होना महत्वपूर्ण है। उनका यह बयान लंदन के फाइनेंशियल टाइम्स की उस रिपोर्ट के बाद आया है, जिसमें दावा किया गया है कि भारत शेष बचे 62 कनाडाई राजनयिकों में से 41 को वापस भेजना चाहता है अखबार ने ट्रूडो के हवाले से कहा कि जाहिर है, हम इस समय भारत के साथ बेहद चुनौतीपूर्ण समय से गुजर रहे हैं। हालांकि, उन्होंने फाइनेंशियल टाइम्स की रिपोर्ट की पुष्टि नहीं की। यह पूछे जाने पर कि क्या उनकी सरकार जवाबी कार्रवाई में भारत से कनाडा में तैनात राजनयिकों को हटाने के लिए कहेगी, ट्रूडो ने कहा कि उनकी सरकार नयी दिल्ली के साथ काम करना जारी रखने की कोशिश करेगी।

## चालू वित्त वर्ष में 6.3 फीसदी रहेगी भारत की अर्थव्यवस्था : विश्व बैंक

**खाद्य पदार्थों की कीमतें धीरे-धीरे घटेंगी : कुआमे**

एजेंसी

**नयी दिल्ली/वॉशिंगटन।** निवेश और घरेलू मांग के दम पर भारतीय अर्थव्यवस्था के चालू वित्त वर्ष 2023-24 में 6.3 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान है। विश्व बैंक की मंगलवार को जारी एक रिपोर्ट के अनुसार, चुनौतीपूर्ण वैश्विक माहौल की पृष्ठभूमि में भारत लगातार मजबूती दिखा रहा है।

विश्व बैंक की भारत की वृद्धि से जुड़ी अद्यतन रिपोर्ट के अनुसार, भारत जो दक्षिण-एशिया क्षेत्र का बड़ा हिस्सा है, की जीडीपी वृद्धि दर 2023-24 में 6.3 प्रतिशत रहेगी। विश्व बैंक ने अपनी अप्रैल रिपोर्ट में भी 6.3 प्रतिशत जीडीपी वृद्धि दर का अनुमान लगाया था। भारत ने 2022-23 में 7.2 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की थी। भारत में विश्व बैंक के कंट्री निदेशक ऑगस्ते तानो कुआमे ने कहा कि प्रतिकूल वैश्विक वातावरण अल्पावधि में चुनौतियां उत्पन्न करता रहेगा। सार्वजनिक व्यय के दोहन से अधिक निजी निवेश बढ़ेगा और भारत के लिए भविष्य में वैश्विक अवसरों का लाभ उठाने के लिए अनुकूल परिस्थितियां उत्पन्न करेगा। इससे उच्च वृद्धि हासिल करने होगी। मुद्रास्फीति पर रिपोर्ट में कहा गया कि खाद्य पदार्थों की कीमतें घटने और सरकारी उपायों से प्रमुख वस्तुओं की आपूर्ति सुधरने से इसके धीरे-धीरे कम होने की उम्मीद है। मौजूदा वित्त वर्ष में खुदरा मुद्रास्फीति 5.9 प्रतिशत पर रहने की उम्मीद है। विश्व बैंक ने कहा कि दक्षिण एशिया की वृद्धि दर इस साल 5.8 प्रतिशत रहने का अनुमान है। जो दुनिया के किसी भी अन्य विकासशील देशों के क्षेत्र की तुलना में अधिक है।

# महाकालेश्वर मंदिर परिसर में बन रही विशेष सुरंग

## हर रोज आठ लाख श्रद्धालु आसानी से कर सकेंगे भगवान शिव का दर्शन

एजेंसी

**इंदौर।** उज्जैन में श्री महाकाल महालोक गलियारे के लोकार्पण के बाद श्रद्धालुओं की तादाद में लगातार होते इजाफे के चलते महाकालेश्वर मंदिर परिसर में खास सुरंग बनाई जा रही है।इस सुरंग के जरिये हर रोज करीब आठ लाख श्रद्धालु भगवान शिव के 12 ज्योतिर्लिंगों में शामिल महाकालेश्वर मंदिर में आसानी से दर्शन कर सकेंगे। प्रशासन के एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

उज्जैन के जिलाधिकारी कुमार पुरुषोत्तम ने बताया क फिलहाल महाकालेश्वर मंदिर में हर दिन दो लाख श्रद्धालु आसानी से दर्शन कर पाते हैं। हालांकि, पर्व-त्योहारों के दौरान श्रद्धालुओं की दैनिक तादाद जब तीन लाख के आसपास पहुंचती है, तो हमारे लिए भीड़ को



नियंत्रित करना आसान नहीं होता। उन्होंने कहा कि इस स्थिति के मद्देनजर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए महाकालेश्वर मंदिर में खास सुरंग बनाई जा रही है। पुरुषोत्तम के मुताबिक,इस सुरंग के निर्माण के बाद हर रोज करीब आठ लाख श्रद्धालु महाकालेश्वर मंदिर में सुगमता से दर्शन कर सकेंगे। अधिकारियों ने बताया कि सूबे के आगामी विधानसभा चुनावों की बढ़ती सरगर्मियों के बीच मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा श्री महाकाल महालोक गलियारे के दूसरे चरण के तहत 242.35 करोड़ रुपये की लागत से किए गए कार्यों का पांच अक्टूबर (गुरुवार) को लोकार्पण किया जाना है। उन्होंने कहा कि इनमें नीलकंठ क्षेत्र, शक्तिपथ, अन्न क्षेत्र, महाराजवाड़ा परिसर और छोटा रुद्रसागर के विकास कार्य शामिल हैं, जिन्हें अंतिम रूप दिया जा रहा है।अधिकारियों के अनुसार, गलियारा परियोजना के दूसरे चरण के तहत महाकालेश्वर मंदिर परिसर में खास स्थान भी विकसित किया जा रहा है, जहां हजारों श्रद्धालु इस मंदिर के शिखर के दर्शन कर सकेंगे।महाकालेश्वर मंदिर समिति के प्रशासक संदीप कुमार सोनी ने बताया कि गलियारा परियोजना के तहत इस धार्मिक परिसर में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) से लैस करीब 700 कैमरे लगाए गए हैं। उन्होंने बताया कि ये कैमरे अत्याधुनिक नियंत्रण कक्ष से जुड़े हैं, जिसके जरिये महाकालेश्वर मंदिर और महाकाल महालोक की सतत निगरानी और भीड़ प्रबंधन किया जाता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने श्री महाकाल महालोक गलियारे के पहले चरण का लोकार्पण 11 अक्टूबर 2022 को किया था।

VERMA PRESS®
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची

Verma's® Today®
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान!